

15:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 102 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

राज्ञि धर्मिणि धर्मिष्ठाः पापे पापाः समे समाः।
राजानमनुवर्तन्ते यथा राजा तथा प्रजाः॥

भावार्थ : राजा के धर्मात्मा होने पर प्रजा भी धार्मिक आचरण करती है। राजा के पापी होने पर प्रजा भी पाप में लग जाती है। राजा उदासीन रहता है, तो प्रजा भी उदासीन रहने लगती है, क्योंकि प्रजा वैसा ही आचरण करती है, जैसा राजा करता है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 38.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.09 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.28 बजे

## कोविड संक्रमित मामले 49 हजार के करीब

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 11 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 49 हजार के करीब हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 11109 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 49622 हो गयी है और संक्रमण दर 5.01 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 6456 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.70 प्रतिशत है। इसी अवधि में 221725 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं।

## बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर अंडाल पहुंचे शाह

**कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को अंडाल पहुंचे। श्री शाह की अंडाल हवाई अड्डे पर पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पार्टी के अन्य नेताओं ने अगवानी की। वह सीमा सुरक्षा बल के हेलिकॉप्टर से बीरभूम जिले के सूरी पहुंचे, जहां वह बेनीमाधव सील स्कूल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वह सूरी में जिला भाजपा कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्री शाम को कोलकाता लौटेंगे और राज्य के पार्टी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक करेंगे। वह दक्षिणेश्वर मंदिर भी जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। वह शनिवार को नयी दिल्ली लौटेंगे।

## टाटा के नकली उत्पादों के खिलाफ मारे छापे

**कोलकाता:** पुलिस की मदद से टाटा स्टील के अधिकारियों ने कंपनी के नकली उत्पादों को लेकर कोलकाता स्थित एक निर्माण इकाई पर छापे मारे हैं। शुक्रवार को मीडिया के एक बयान के अनुसार, टाटा स्टील के अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से, टाटा ब्रांड नाम का उल्लंघन करके कथित तौर पर नकली टाटा उत्पादों को बनाने और बेचने वाली कोलकाता स्थित एक निर्माण इकाई पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने के लिए कि वे वास्तविक टाटा उत्पाद खरीद रहे हैं, उत्पादों को समान पैकेजिंग में पंजीकृत टाटा ट्रेडमार्क के तहत बेचा जा रहा था।

## सावदी का कांग्रेस में शामिल होना बड़ी भूल : बोम्मई

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के नेता रहे श्री लक्ष्मण सावदी का कांग्रेस में शामिल होना उनकी बड़ी भूल है। श्री बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा में कई साल बिताने के बाद श्री सावदी को पार्टी के आंतरिक कहल के कारण कांग्रेस में शामिल नहीं होना चाहिए। इसबीच कर्नाटक भाजपा प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि चुनाव हारने के बावजूद पार्टी ने उन्हें विधान पार्षद(एमएलसी) और उपमुख्यमंत्री बनाया। श्री बोम्मई ने यह भी कहा कि कांग्रेस के पास 60 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं हैं और इसलिए वह अन्य दलों के उम्मीदवारों को शामिल कर रही है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**प्रहार** › असम की जनसभा में प्रधानमंत्री ने विकास में बाधक तत्वों की बात कही

# वंशवाद, क्षेत्रवाद विकास में बाधक: प्रधानमंत्री मोदी

- उनकी सरकार ने महिलाओं को लाभ पहुंचाया
- भाजपा सरकार जनता के प्रति समर्पित है
- पूर्वोत्तर को एम्स सहित तीन मेडिकल कॉलेज

राष्ट्रीय खबर

**गुवाहाटी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वंशवाद और क्षेत्रवाद की नीति पर शुक्रवार को करारा प्रहार करते हुए कहा कि उनकी सरकार कोई भी निर्णय किसी निजी स्वार्थ या वोट बैंक की राजनीति से नहीं बल्कि देश और देशवासियों के हित को ध्यान में रख कर करती है। उन्होंने कहा, जब वंशवाद, क्षेत्रवाद, भ्रष्टाचार और अस्थिरता की राजनीति हावी होने लगे तो विकास असंभव हो जाता है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों से महिलाओं को भी बड़ा फायदा हुआ है। श्री मोदी असम के के दौरे पर यहां एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर राज्य में 3,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। समारोह में असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री हिमंत बिश्वशर्मा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया, राज्य मंत्री डॉ भारती पवार, राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री मोदी ने कहा, हमारी सरकारों में नीति, नियत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं बल्कि-राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम की भावना से तय होती है। उन्होंने कहा, हमने वोट बैंक के बजाय देश की जनता की मुश्किलों को कम करने पर फोकस किया है। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर के लोगों ने विकास की बागडोर आगे बढ़कर खुद संभाल ली है। वे पूर्वोत्तर के विकास से भारत के विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाओं और गरीबों के स्वास्थ्य बीमा की योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि महिलाओं को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े और गरीबों को पैसे के अभाव में अपना इलाज न टालना पड़े। श्री मोदी ने एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को राष्ट्र को समर्पित किया तथा

›› पेज 2 भी देखें



ग्यारह हजार से अधिक लोक नर्तकों के साथ सबसे बड़ा बिहू नृत्य

## मोदी की मौजूदगी में नया विश्व रिकार्ड कायम

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** बिहू उत्सव को असमिया संस्कृता के जीवन की रेखा कहा जाता है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम में मनाए जा रहे रोंगाली बिहू महोत्सव में भाग लिया। पीएम मोदी की मौजूदगी में 11,304 कलाकारों ने बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी है। असम की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली है। गुवाहाटी के सुरसजय स्टेडियम में 11,000 से अधिक लोक नर्तकों और ड्रमरों ने बिहू नृत्य करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि गुरुवार को 11,304 नर्तकों और ढोल वादकों ने एक ही स्थान पर बिहू नृत्य और ढोल बजाते हुए अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। बिहू लोकनृत्य का सबसे बड़ा गायन है। लंदन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स मुख्यालय के एक निर्णायक टीम की मौजूदगी में कलाकारों ने अपना शो प्रस्तुत किया और बिहू नृत्य और ढोल के लिए वैश्विक उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री सुरसजई स्टेडियम में बिहू समारोह में शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहू महोत्सव के साथ रोड शो किया है। इस कार्यक्रम में 31 जिलों के कलाकारों ने प्रस्तुति दी है। इस साल का बिहू उत्सव विशेष है क्योंकि आज 14 अप्रैल को असम में कई विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है।

### हेमामालिनी की ट्विट से उपजा विवाद

फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमामालिनी ने बिहू को बिहार का उत्सव कहकर अपने लिए परेशानी मोल ली। वैसे उन्हें तुरंत ही इस गलती का एहसास शायद किसी ने करा दिया। जिसके बाद उन्होंने क्षमा मांगते हुए इसे असम का उत्सव बताया। इससे पहले भी कई बार बिना जानकारी के टिप्पणी करने की वजह से हेमामालिनी परेशानी में पड़ चुकी हैं। इस बार की गलती के तुरंत बाद ट्विटर के लोगों ने उन्हें उनके पुराने दिन याद दिला दिये। लोकसभा चुनाव के पहले मथुरा की सांसद ने खेत में फसल काटते हुए अपनी तस्वीर पोस्ट की थी। उसके बाद किसान आंदोलन के खिलाफ उनका बयान आलोचना का शिकार हो गया था। अभिनेत्री प्रत्युषा बंदोपाध्याय की मौत को भी [illegible] कहकर उन्होंने नाराजगी झेली थी। बिहार का बिहू उत्सव उसमें सबसे नई कड़ी बन गयी है।

नीतीश की पहल के बाद अब राहुल से मिले एनसीपी नेता शरद पवार

## शिवसेना से भी मिलने की पहल खुद राहुल करेंगे



- राहुल को उद्धव के पास जाने की सलाह
- संजय राउत ने कहा कार्यक्रम अभी तय होगा
- पवार ने ममता बनर्जी से मिलने की भी बात की

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** एनसीपी के सबसे कद्दावर नेता शरद पवार ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी से भेंट की। इस मुलाकात में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल भी उपस्थित थे। पार्टी के सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच उनके मुंबई स्थित आवास मातोश्री में बैठक होने वाली है। विकास राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार की गुरुवार को दिल्ली में राहुल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करने की कवायद के बाद यह जानकारी मिली है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पवार ने राहुल को मुंबई जाकर उद्धव से मिलने की सलाह दी। बैठक के दौरान श्री पवार ने राहुल को सभी विपक्षी दलों के नेताओं के पास जाकर उनसे मिलने की सलाह दी और साथ ही उन्हें मुंबई जाने और मातोश्री में उद्धव ठाकरे से मिलने की सलाह दी। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि जब वह इस महीने की शुरूआत में दिल्ली में राहुल और सोनिया गांधी से मिले थे, तो उन्होंने उन्हें मातोश्री में आमंत्रित किया था।

›› पेज 2 भी देखें

सोचा था दीमक लगा है खोला तो होश उड़ गये

## दरवाजे के गड्ढे में एक साथ 39 सांप



राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** मकान मालिक तथा घर के अन्य लोगों को लगता था कि इस दरवाजे में दीमक लग गया है। दरवाजे के अंदर से खटर पटर की आवाज से वे यही अंदाजा लगाये बैठे थे। महाराष्ट्र के गोंदिया के से एक गांव की यह घटना है। दरवाजे के अंदर दरअसल एक नहीं, दो नहीं, 39 सांप एक साथ थे। दरवाजे के चौखट के अंदर यह सारे सांप पाये गये हैं। इस घटना के बारे में जो जानकार यहां तक पहुंची है, उसके मुताबिक दरवाजे का चौखट पूरी तरह से बंद थी। बेशक, किसी को इसकी इतनी चिंता नहीं थी। लेकिन अचानक एक नौकरानी ने देखा कि दरवाजे के पास किस चीज की आवाज आ रही है। उसे संदेह हुआ कि कोई व्यक्ति दरवाजा तोड़ने की कोशिश कर रहा है। चौखट के छोटे से छेद से अंदर झांककर देखा तो एक सांप नजर आया। घर में सांप होने की सूचना पूरे गांव में फैल गयी तो गांव वाले भी वहां एकत्रित हो गये। कई लोगों ने अंदर झांककर देखा तो पता चला कि अंदर एक या दो सांप नहीं दर्जनों सांप हैं। सूचना वन विभाग को दी गई। उनकी ओर से अधिकारी सांप को रेस्क्यू करने पहुंचे। इस चौखट के गड्डे में छिपे सभी सांपों को एक एक कर बाहर निकाला गया। जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया था कि दरअसल सांप ने यही शायद अंडे दिये थे, जिससे यह सारे बच्चे निकले हैं। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया के जरिए फैल गया है। वीडियो पोस्ट करने के कुछ ही पलों में यह वायरल हो गया। वैसे सांपों को सकुशल निकालने वाले विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सांपों की सेहत की जांच कर लेने के बाद उन्हें सकुशल जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

संघ के एजेंडा पर अब पाठ्यपुस्कों से नाम गायब करने की कवायद

## पहले मुगल और गांधी गये अब मौलाना आजाद गायब

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** अब यह साफ हो गया है कि देश की पढ़ाई में अब आरएसएस का एजेंडा हावी हो रहा है। इसी क्रम में पहले पाठ्यपुस्तकों से मुगल और महात्मा गांधी का नाम गायब किया गया था। अब जानकारी मिली है कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबूल कलाम आजाद का नाम भी हटा दिया गया है। दिल्ली बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों में सबसे पहले शिक्षा मंत्री का नाम गुल हो गया है। नए शैक्षणिक वर्ष में दिल्ली बोर्ड के ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों को मिली राजनीति विज्ञान की किताब में आजाद का नाम कहीं नहीं है।
पाठ्यक्रम में नाम हटाने की इस कोशिश का पहले से ही भारी विरोध हो रहा है। इस माहौल में एनसीईआरटी की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से मौलाना अबुल कलाम आजाद का नाम हटा दिया गया। हालांकि, छात्रों द्वारा यह पता चला है कि उस पुस्तक के पहले अध्याय में, संविधान सभा की विभिन्न समितियों की बैठक की शुरूआत में 'संविधान - क्यों और कैसे' नामक खंड लिखा गया था, जहां जवाहरलाल नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद और बीआर अंबेडकर अक्सर मौजूद रहते थे। लेकिन संशोधित संस्करण में आजाद का नाम गायब है। यहां तक कि पुस्तक का एक और हिस्सा, जिसमें कहा गया था कि राज्य को कश्मीर के भारत में विलय की शर्त के रूप में स्वशासन को स्वीकार करना चाहिए, को भी हटा दिया गया है। हालांकि अभी तक इस संबंध में एनसीईआरटी के अधिकारियों की ओर से कोई बयान नहीं आया है। हाल ही में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से मुगल इतिहास और गांधी हत्या के विषय को हटा दिया गया है। सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के महात्मा गांधी के प्रयासों को कई हिंदुत्व संगठनों द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार नहीं किया गया था, यह भी छोड़ दिया गया है। हालांकि संबंधित अधिकारियों द्वारा सूचित किया

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › प्राचीन धरती पर रासायनिक प्रतिक्रिया से पैदा हुआ था जल

# जीवन के कुंजी के बारे में नया शोध सामने आया

- धरती का लघु मॉडल बनाकर जांच की है
- मैग्मा महासागर ने परिस्थितियां बनायी
- अन्य ग्रहों पर भी इसी कारण जीवन संभव

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पृथ्वी पर जीवन का आधार ही पानी है। इस वैज्ञानिक तथ्य की पुष्टि के बाद यह पाया गया है कि इसी पानी की वजह से धरती पर सबसे पहले एमिबा पैदा हुआ। वहां से जीवन का क्रमिक विकास का क्रम जारी रहा। कई बार उल्कापिंडों की वजह से तात्कालिक जीवन नष्ट होने के बाद फिर से नये जीवन का जन्म हुआ। वर्तमान जीवन भी अनेक किस्म के क्रमिक विकास का ही हिस्सा है। लेकिन धरती पर इस जीवन के चक्र को आगे बढ़ाने का काम जिसने किया, वह पानी कहां से आया था, यह बड़ा सवाल बना हुआ था। इजरायल में जन्मे एक वैज्ञानिक के नए शोध के अनुसार पृथ्वी के पानी की बड़ी मात्रा में रासायनिक संपर्क का परिणाम हो सकता है और बर्फ से भरे क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं का टकराव नहीं हो

›› पेज 2 भी देखें

### यह हाइड्रोजन समृद्ध वातावरण कंबल की तरह काम करता है

शाहर और उनकी टीम ने एक नए मॉडलिंग दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए हाइड्रोजन वातावरण के साथ एक शिशु पृथ्वी का अनुकरण किया। इस परिदृश्य में, मैग्मा महासागर और वायुमंडल ने परस्पर क्रिया की होगी, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन धातु के कोर में चला जाएगा, मेंटल का ऑक्सीकरण होगा और बड़ी मात्रा में पानी का उत्पादन होगा। शाहर ने कहा, मैग्मा महासागर के आस-पास यह हाइड्रोजन समृद्ध वातावरण कंबल की तरह काम करता है। यह पृथ्वी पर पहले से ही गर्मी को बांधता है और इसे बचने की अनुमति नहीं देता है। ग्रह तब लंबे समय तक मैग्मा महासागर चरण में रहता है, और रसायन विज्ञान हाइड्रोजन समृद्ध वातावरण और मैग्मा महासागर के बीच होता है। यह हमारी पृथ्वी के सभी के लिए ज़िम्मेदार होगा जिसमें आज का पानी भी शामिल है। उसने कहा कि उसके शोध का मतलब यह नहीं है कि क्षुद्रग्रह और धूमकेतु पानी नहीं लाए, बस यह स्पष्टीकरण अब पृथ्वी की वर्तमान स्थिति को समझाने के लिए आवश्यक नहीं होगा। इसका मतलब यह भी नहीं होगा कि मनुष्य सतह के लगभग 660 किलोमीटर नीचे संक्रमण क्षेत्र में पृथ्वी के भीतर बंद पानी तक कभी भी पहुंच पाएंगे।

## सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आमने-सामने हैं

- काफी समय से उपद्रव और हिंसापीड़ित देश के सामने नई परेशानी

राष्ट्रीय खबर



**खार्तूम:** सूडान में अजीब हालत है। वहां सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच तनाव से देश का माहौल बिगड़ गया है। सेना का कहना है कि शक्तिशाली अर्धसैनिक, रैपिड सपोर्ट फोर्स का जमावड़ा कानून के स्पष्ट उल्लंघन का मामला है। सूडानी सेना का कहना है कि जनरल मोहम्मद हमदान दगालो के नेतृत्व में एक अर्धसैनिक समूह ने राजधानी खार्तूम और अन्य शहरों में अपनी सेना को जुटाया है, एक ऐसा कदम जो सशस्त्र बलों के साथ टकराव की संभावना को बढ़ाता है। सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के सदस्य भी कानून के स्पष्ट उल्लंघन में मरावी के उत्तरी शहर में जा रहे थे, जिससे और अधिक तनाव पैदा होने का खतरा था। दूसरी तरफ

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

### सीपीआई नेताओं ने मनाई अंबेडकर जयंती

रांची :सीपीआई कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनायी गयी। सीपीआई कार्यकताओं ने इसे संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाकर ही भारत को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया जा सकता है। बाबा साहेब स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को देश की एकता और विकास के लिए सबसे जरूरी मानते थे। उन्होंने जो संविधान देश को दिया है। उस पर खतरा उत्पन्न हो गया है। संविधान की मूल आत्मा को भगा देने की कोशिश मौजूदा समय में सत्तारूढ़ दल के लोग कर रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित डॉ। मिथिलेश ने कहा कि देश के तमाम दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों समेत सभी प्रगतिशील शक्तियों के लिए एकजुट होने की जरूरत है।

**तैयार** वन क्षेत्र की भूमि पर वनोपज का डेटा बेस होगा तैयार

# ग्रामीणों का जीवन बेहतर बनाने लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश

▶▶ राज्य में औषधीय पौधों जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा भी दिया जा रहा है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड रांची के निदेशक पर्षद की द्वितीय बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई। इसमें झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वन उपज पर आधारित उत्पादों में वैल्यू एडिशन कर जीविका का महत्वपूर्ण स्रोत बनाया जा सकता है। इसलिए ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित और संग्रहित उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देना चाहिए। सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड झारखंड में कृषि एवं वन उपज जैसे इमली, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, लाह, महुआ, करंज, धान, गेहूं, सब्जी, फल, रेशम सहित अन्य उत्पादन का संकलन, प्रसंस्करण और क्रय-विक्रय के लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था तैयार करने का निर्देश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी और वन क्षेत्र की भूमि पर कौन-कौन से वन पर आधारित उपज के कितने पेड़ हैं, उन पेड़ों के उत्पादों का उपयोग किस समूह के लोग कर रहे हैं, इसका डेटाबेस तैयार करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन झारखंड मंत्रालय में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड रांची के निदेशक पर्षद की द्वितीय बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों के जीवन को कैसे वनोपज से बेहतर बनाया जा सकता है इस पर विस्तृत कार्य योजना बनाएं। बैठक में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य में औषधीय पौधों जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। पहले फेज में रांची, गुमला और दुमका जिला में वनोत्पाद तथा कृषि उपज हब का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संग्रहण और प्रोसेसिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में शामिल अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि लैंपस और पैक्स के लेवल पर ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस साल के अंत तक राज्य में 30 हजार लोगों का क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य के ए ग्रेड वाले लैंपस और पैक्स की संख्या को बढ़ाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### ताकि बाबा साहब के सपनों को पूरा किया जा सके : विजय शंकर नायक

रांची: उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को माला अर्पण करते हुए डोरण्डा अंबेडकर चौक में कहीं उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी आज संपूर्ण दलित समाज संविधान में उनके हक अधिकार रहते हुए भी आज हाशिए पर पड़े हैं चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो चाहे रोजगार का क्षेत्र हो चाहे समाजिक क्षेत्र हो चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो सब में आज दलित समाज अंतिम पायदान पर खड़ा है । उन्होंने कहा बाबा साहब अंबेडकर के समतामूलक समाज के निर्माण एवं समाजिक न्याय के सपने आजादी के बाद भी अधूरे पड़े हैं दलितों के साथ आज भी अमानवीय अत्याचार हो रहे हैं आज मनुवादी व्यवस्था ने इस समाज को अंतिम पायदान से अग्रिम पंक्ति में आने से इन्हें रोका जा रहा है जिस कारण आजाद भारत में इनका जितना विकास होना था आज भी नहीं हुआ।

## पेज एक का शेष

### वंशवाद, क्षेत्रवाद विकास .. ..

आपके द्वार आयुष्मानह्ण अभियान शुरू किया, असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखी। इस तरह पूर्वोत्तर क्षेत्र को आज पहला एम्स मिला है।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर में सामाजिक बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने रोंगाली बिहू के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने पूर्वोत्तर को ले कर एक दूरी का भावना पैदा किया था और इस क्षेत्र को मुख्य भूमि से बहुत दूर समझा था, लेकिन वर्तमान सरकार एक सेवा-उन्मुख विश्वास के साथ काम कर रही है और आज पूर्वोत्तर हमें दूर नहीं लगता तथा अपनेपन का भाव भी बना रहता है।

### शिवसेना से भी मिलने की .. ..

देश में विपक्षी दलों को एक करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राहुल गांधी विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं। अगले हफ्ते, कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल उद्धव ठाकरे से उनके आवास पर मिलेंगे और उस बैठक के दौरान ही राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे की बैठक पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2024 में देश में सत्ता परिवर्तन होगा और विपक्ष को एकजुट करना इस दिशा में पहला कदम है। शिवसेना नेता संजय राउत के मुताबिक शिवसेना देश में एक मजबूत विपक्ष और महाराष्ट्र में एक मजबूत एमवीए के लिए है। खड़गे और राहुल के साथ बैठक के बाद, पवार ने मीडिया से कहा था कि विपक्षी दलों को एकजुट होना चाहिए और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित उन सभी तक पहुंचने की कवायद की जानी चाहिए।

मुंबई से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा राहुल गांधी का मुंबई आना तय है, लेकिन हमें अभी तक उनके दौरे का कार्यक्रम नहीं मिला है। राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में कहा कि राहुल गांधी को हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर का अपमान करने के लिए माफी मांगने के बाद ही महाराष्ट्र में प्रवेश करना चाहिए। राहुल गांधी ने सावरकर का पांच बार अपमान किया है लेकिन अभी तक माफी नहीं मांगी है। इससे साफ है कि नीतीश कुमार से मुलाकात में तय फामूर्ले के तहत लोकसभा चुनाव के लिए सभी भाजपा विरोधी दलों को एक साथ करने की कवायद अब प्रारंभ हो चुकी है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे से मिलने के बाद नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी भेंट की थी। इन मुलाकातों में उनके साथ उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी थे।

### पहले मुगल और गांधी .. ..

गया है, महामारी के दौरान छात्रों पर अतिरिक्त दबाव को कम करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इतिहासकारों के एक वर्ग ने इस घटना में केंद्र सरकार के राजनीतिक एजेंडे पर पहले ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने यह भी शिकायत की है कि वे छात्रों को विकृत इतिहास पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस संदर्भ में इतिहासकार इरफान हबीब ने कहा, स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में आजाद ने यह सुनिश्चित किया कि देश के सभी छात्रों को मुफ्त में पढ़ने का अवसर मिले। आजाद ने संविधान सभा या संविधान सभा की कई चचाओं में महत्वपूर्ण भाषण भी दिए। इसलिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनका नाम पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है। वयोवृद्ध इतिहासकार हबीब ने यह भी याद दिलाया कि अल्पसंख्यक छात्रों के लिए 2009 में शुरू की गई आजाद छात्रवृत्ति को भी बंद कर दिया गया है।

### जीवन के कुंजी .. .. ..

सकता है। इस शोध का नेतृत्व करने वाली डॉ अनात शाहर ने बताया कि पृथ्वी के अस्तित्व के आरंभ में, मैग्मा महासागर और एक आणविक हाइड्रोजन प्रोटो-वायुमंडल के बीच पारस्परिक क्रिया ने पृथ्वी की कुछ विशिष्ट विशेषताओं को जन्म दिया हो सकता है, जैसे कि पानी की प्रचुरता और समग्र ऑक्सीकृत स्थिति। डॉ. अनात शाहर का शोध बुधवार को नेचर पत्रिका में प्रकाशित हुआ। शाहर ने कहा, समय के साथ, जैसे ही ग्रह ठंडा हुआ, सघन पदार्थ अंदर की ओर डूब गया, जिससे पृथ्वी तीन अलग-अलग परतों में अलग हो गई, धातु कोर, और चट्टानी, सिलिकेट मेंटल और क्रस्ट।

उसने कहा, हमारे पास जो है वह हमारे पास है, और हमें इसकी देखभाल करने की आवश्यकता है। पृथ्वी में कितना भी पानी क्यों न हो, हम इसे एक्सेस नहीं कर सकते और इसे पीने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। हमारे सौर मंडल से परे के ग्रहों का अध्ययन पिछले कुछ दशकों में ही शुरू हुआ था। शाहर ने कहा कि वैज्ञानिकों ने इन हाइड्रोजन डिस्क को कई एक्सोप्लैनेट्स के आसपास खोजा था, और वह और उनकी टीम जानना चाहती थी कि पृथ्वी के साथ ऐसा क्यों नहीं हो सकता। एक्सोप्लैनेट की खोजों ने जानकारी दी है कि विकास के पहले कई मिलियन वर्षों के दौरान आणविक हाइड्रोजन, एच 2 से समृद्ध वातावरण से घिरे रहने के लिए अभी-अभी बने ग्रहों के लिए यह कितना सामान्य है। शाहर ने कहा कि उनकी टीम ने एक्सोप्लैनेट्स के बारे में जो कुछ सीखा, उसका इस्तेमाल किया और इसे पृथ्वी पर लागू किया। शोध दल का अनुमान है कि कई एक्सोप्लैनेट्स में शायद पानी भी है।

### सूडान में सेना .. ..

आरएसएफ ने ट्विटर पर एक बयान में कहा कि यह अपने कर्तव्यों के हिस्से के रूप में देश भर में तैनात है और मरावी में इसके संचालन कानून के ढांचे के भीतर और सशस्त्र बलों के नेतृत्व के साथ पूर्ण समन्वय में काम कर रहे राष्ट्रीय बलों का हिस्सा थे। आरएसएफ, जो एक विशेष कानून के तहत काम करता है और इसकी अपनी कमान की श्रृंखला है, एक शक्तिशाली पूर्व मिलिशिया है, जिस पर व्यापक मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाया गया है, खासकर सूडान के दारफुर क्षेत्र में संघर्ष के दौरान। दगालो, जिसे हेमेती के नाम से भी जाना जाता है, ने पूर्व नेता उमर अल-बशीर के अधीन सेवा करके सूडान की राजनीतिक सीढ़ी पर चढ़ाई की, जिसके तहत 2017 में बलों को मान्यता दी गई थी। अल-बशीर को 2019 में उसके खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध आंदोलन के बाद हटा दिया गया था।

हेमेती अब सूडान की सत्तारूढ़ परिषद के उप नेता हैं, जिसने 2021 के अंत में सेना और आरएसएफ द्वारा तख्तापलट के बाद सत्ता संभाली थी। हालांकि, उन्होंने हाल ही में सेना से हाथ खींच लिए हैं और एक नागरिक राजनीतिक गठबंधन के साथ आम जमीन पाई है। सेना और आरएसएफ के बीच सेना में आरएसएफ के एकीकरण को लेकर महीनों से तनाव बढ़ रहा है। सेना दो साल की संक्रमणकालीन अवधि के भीतर आरएसएफ का इसमें एकीकरण चाहती है। आरएसएफ असैन्य नेतृत्व के अधीन आना चाहता है। ऐसे घटनाक्रमों के खिलाफ चेतावनी दी है जो राजनीतिक उथल-पुथल का कारण बन सकते हैं।

सीएम और राज्यपाल ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया नमन

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती देशभर में मनाई जा रही है। देश के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया जा रहा है। रांची के डोरंडा स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। झारखंड उच्च न्यायालय के पास स्थित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अगर दुनिया में कोई सबसे बड़ा गुनाह है तो वह छुआछूत है। सामाजिक न्याय के पुजारी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समानता में विश्वास रखते थे। आज उनकी जयंती पर हम सभी उनको नमन करते हैं। उनके जैसा व्यक्तित्व को पाकर देश गौरवान्वित हो रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर जी किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उन्हें इतने बड़े और मजबूत इरादे का व्यक्ति भी कह सकते हैं, जो देश के सभी समाज और सभी धर्मो में विश्वास रखता हो।

उन्होंने एक ऐसा संविधान देश को दिया है, जहां हर वर्ग, हर समाज, अमीर, गरीब, मजदूर, किसान हर लोगों के लिए समानता है। ऐसे व्यक्तित्व को हम नमन करते हैं। इस मौके पर मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

सचिवालय घेराव मामले में कार्रवाई

## दीपक प्रकाश, सीपी सिंह सहित 18 को नोटिस

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, पार्षद अशोक बड़ाइक सहित 18 भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को धुर्वा थाना की तरफ से नोटिस जारी किया गया है। इन सभी को रांची में सचिवालय घेराव मामले में पूछताछ के लिए धुर्वा थाना बुलाया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी 18 लोगों को दो दिन के भीतर नोटिस पहुंच जाएगा। भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को नोटिस मिल चुका है, उन्हें 22 अप्रैल को धुर्वा थाना बुलाया गया है। भाजपा के द्वारा सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान कई लोगों पर मामला दर्ज हुआ था लेकिन दीपक प्रकाश पर एफआईआर दर्ज नहीं हुआ था। इसे लेकर लगातार कयासों का बाजार गर्म था कि आखिरकार दीपक प्रकाश पर एफआईआर क्यों नहीं दर्ज किया गया, ऐसे में रांची पुलिस ने दीपक प्रकाश को नोटिस भेजकर सचिवालय घेराव को लेकर पूछताछ करेगी। मामले में उनकी संलिप्तता पाए जाने के बाद सचिवालय घेराव के दौरान हुए उपद्रव मामले में दीपक प्रकाश पर एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। मिली जानकारी के अनुसार रांची से भाजपा विधायक सीपी सिंह, हटिया से भाजपा विधायक नवीन जयसवाल को भी धुर्वा थाना के द्वारा 41ए का नोटिस जारी किया गया है।

अलग-अलग तिथियों पर सभी को पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया है। सचिवालय घेराव के दिन लाठीचार्ज में बुरी तरह से जख्मी हुए भाजपा नेता अशोक बड़ाइक को भी पुलिस के द्वारा नोटिस जारी किया गया है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा सचिवालय घेराव के दौरान किए गए उपद्रव और पुलिस पर पथराव को लेकर रांची के धुर्वा थाना में दो पूर्व मुख्यमंत्री, दो सांसद सहित 41 पर नामजद प्राथमिकी 11 अप्रैल को हो ही दर्ज की गई है। इस उपद्रव के मामले में करीब 1 हजार अज्ञात लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान में रांची के धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस एफआईआर में नामजद आरोपियों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची के सांसद संजय सेठ, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, राज्यसभा सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अमित मंडल, आरती कुजूर, मुनचुन राय, उमेश यादव, प्रदीप मुखर्जी, शत्रुघ्न सिंह, अनिता सोरेन, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह बंटी, गुंजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडे, दिलीप कुमार सिंह, नीलम चौधरी, साधु मांझी, विमल मरांडी शामिल हैं।

## गिरफ्तार किए गए बीजेपी नेताओं से जेल में मिले अर्जुन मुंडा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा शुक्रवार को घाघीडीह जेल में जाकर सौहार्द खराब करने के आरोप में गिरफ्तार भाजपा नेता अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, अधिवक्ता चंदन चौबे, विहिप कार्यकर्ता समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने सभी नेताओं को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। जेल के अंदर बीस मिनट रहकर बाहर आने के पत्रकारों से बातचीत में उन्होने शास्त्रीनगर की घटना पर चिंता जतायी। उन्होनें कहा कि इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि शासन को एक पक्ष में रहकर काम नहीं करना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम में जिला प्रशासन का काम एक पक्षीय रहा। लगता है जिला प्रशासन किसी दबाव मे आकर ऐसा फैसला ले रहा है।

जेल में शास्त्रीनगर हिंसा में गिरफ्तार किए गए नेताओं से मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि छोटी सी घटना को प्रशासन ने जानबूझकर को विकराल रूप बनाया। उन्होंने कहा कि पूरी घटना के लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार है। प्रशासन वैसे कार्यकताओं को जेल भेजा जिसका इससे कोई लेना देना नहीं है। इस तरह की घटना की जांच होनी चाहिए। रामनवमी के बाद रविवार को झंडे की रस्सी से छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले के सामने आते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। देखते ही देखते दो गुटों के बीच पथरबाजी होने लगी।

## समरीलाल के खिलाफ चुनाव याचिका पर अब सुनवाई 24 अप्रैल को

**रांची :** कांके विधायक समरीलाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट का सर्टिफाइड कॉपी नहीं मिल सकी है इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल निर्धारित की है। प्रतिवादी समरीलाल की ओर से प्रार्थी द्वारा समय मांगे जाने का विरोध करते हुए कोर्ट से कहा गया कि इस मामले में जल्द से जल्द बहस कराई जाए, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा, अखौरी अविनाश कुमार ने पैरवी की।

**चेतावनी** पुरानी बातों की याद दिला दी और की कार्रवाई की मांग भी

# सरयू राय ने ईडी की मुहिम पर पानी फेर दिया

▶▶ पहले भी ईडी की कार्रवाई पर संकेत दिया था

▶▶ सप्रमाण बात कहते हैं तो खंडन का मौका नहीं

▶▶ हर ऐसी तोप का मुंह दूसरी तरफ मोड़ देते हैं वह

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त सहित कई लोगों के यहां छापा मारा। अपुष्ट तौर पर कई सूचनाएं बाहर आयी लेकिन ईडी की तरफ से किसी भी बात की औपचारिक जानकारी नहीं दी गयी। ईडी की कार्रवाई के निशाने पर दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं, इस बात को लेकर अब संशय की कोई स्थिति नहीं है।

उनके करीबी लोगों पर छापा मारकर दरअसल उन्हें ही निशाना बनाना मकसद है। यह भी स्पष्ट है कि यह कार्रवाई राजनीतिक लाभ के लिए है क्योंकि एक खास सीमा तक जाने के बाद जांच की प्रक्रिया अचानक से धीमी हो जाती है। दूसरी तरफ जमशेदपुर के विधायक सरयू राय अकेले ईडी पर भारी पड़ते जा रहे हैं। इसके पहले भी उन्होंने कई ऐसे सवाल सप्रमाण उठा दिये, जिससे ईडी की तोप का मुंह भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की तरफ चला जाता। नतीजा था कि जांच का काम बीच रास्ते में ही कहीं खो गया।

इस लिहाज से यह भी कहा जा सकता है कि सरकार में शामिल नहीं होने के बाद भी अपने सूचनाओं की बदौलत वह सरकार के सबसे बड़े संकट मोचक बने हुए हैं। दूसरी तरफ भाजपा खेमा को भी इस बात का अफसोस होगा कि ऐसे धुरंधर व्यक्ति को उनलोगों ने अपने खेमा से खो दिया है। जिसका नतीजा बार बार भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। इस बार भी उन्होंने ईडी की कार्रवाई के जारी रहने के दौरान ही दो सवाल उठाये हैं। पहले उन्होंने इंजीनियर वीरेंद्र राम के मुद्दे पर एक सवाल किया।

उन्होंने कहा कि वीरेंद्र राम और उनकी पत्नी तथा ठेकेदार लड्डू को आमने सामने बैठाकर ईडी पूछे कि गिरफ़्तारी के तीन दिन पहले कितने लाख की हेराफेरी किसी हल्दिया के हाथों जमशेदपुर में राम-कथा के समय मैडम के आदेश से हुआ कितना आयोजक प्रमुख जी को/कितना उनके तिवारी जी को मिला?यह काला-धन दाता का था या जिसे दिया उसीका यह सवाल फिर से भाजपा के एक खास खेमा को निशाने पर ला देता है। जाहिर सी बात है कि उन्होंने सिर्फ ईडी को सवाल ही नहीं किया है बल्कि उसमें इसका उत्तर भी बता दिया है। जाहिर है कि इससे आगे जांच की गाड़ी आगे बढ़ी तो उसका क्या नतीजा निकलेगा। श्री राय ने जमीन के हेराफेरी के संबंध में दूसरा ट्विट किया था।

उन्होंने कहा था कि राँची में सेना की जमीन सहित अनेक भूखंडों की अवैध खरीद-बिक्री/जमाबंदी घोटाला में राँची,जमशेदपुर समेत देश में घोटालेबाजों के कुल 22 ठिकानों पर सुबह से ईडी की छापामारी चल रही है. छापामारी की आँच का चुनिन्दा नौकरशाहों और प्रमुख सत्ताधारी राजनेताओं तक पहुँचना 100 प्रतिशत निश्चित है। इस बात से भी स्पष्ट है कि जो जानकारी जनता को चौक चौराहों पर मिल जाती है, उनमें सच्चाई है। इसलिए इन दो सूचनाओं पर ईडी के लिए अब और आगे बढ़ना शायद कठिन हो जाएगा क्योंकि जांच आगे बढ़ी तो फिर से तोप का मुंह दूसरी तरफ चला जाएगा।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### 91 यूनिट रक्त संग्रह

**रांची:** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को ऑल इंडिया बैंक ऑफ इंडिया इंप्लाइज एसोसिएशन राज्य इकाई, रांची अंचल द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक सदर अस्पताल एवं झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर के माध्यम से बैंक कर्मियों ने रक्त दान किया। इस दौरान कुल 91 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।एसोसिएशन के महासचिव अरुण जॉन प्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य पर हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन संघ की ओर से किया जाता है। बाबा साहब के संकल्प को जन-जन पहुंचाया जा सके।

**हाईकोर्ट** 20 प्रार्थियों की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में

# हाईकोर्ट ने जैक से पूछा, जेटेट परीक्षा का कब होगा आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल सूरज बिहारी मंडल सहित 20 प्रार्थियों की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने जैक के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए 4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जैक से पूछा है कि कब तक जेटेट की परीक्षा ली जाएगी, यह स्पष्ट करें।इससे पहले प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिए पहल शुरू की है प्रारंभिक शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति सेवा शर्त नियमावली 2022 के तहत यह परीक्षा ली जाएगी। इस नियमावली के तहत वही लोग सहायक आचार्य पद पर आवेदन कर सकेंगे ,जो जेटेट पास है। प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 के बाद जेटेट परीक्षा नहीं ली गई है। इसलिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि कोई भी शिक्षक नियुक्ति करने से पहले जेटेट परीक्षा आयोजित कर लिया जाए। अगर जेटेट परीक्षा करना संभव नहीं है तो सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाए। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि वह वर्ष 2019- 2021 के बीच वे सीटेट परीक्षा पास किए हुए हैं। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा एवं विशाल कुमार ने पैरवी की।




## न्यूज फटाफट

### देश की तरक्की के लिए युवाओं और छात्रों को अम्बेडकर के विचारों से प्रेरणा लेने पर जोर

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा सभा-कक्ष में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर समारोह के अध्यक्ष डॉ एमएस मल्लिक के नेतृत्व में सभी वरीय पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने डॉ अम्बेडकर के चित्र पर मल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित की और नमन कर श्रद्धांजलि दी। डीन वानिकी डॉ एमएस मल्लिक ने समारोह में मौजूद छात्रों एवं देश के युवाओं को डॉ अम्बेडकर के संघर्ष एवं विचारों से प्रेरणा लेने तथा देश की तरक्की के लिए उनके बताए गये मार्गो का अनुसरण करने पर जोर दिया। कहा कि डॉ अम्बेडकर ने संविधान रचना के माध्यम से आजाद भारत के वर्त्तमान एवं भावी कठिन चुनौतियों का समाधान रखा। उनके दूरदर्शी सोच एवं विचार सभी भारतीय के लिए अनुकरणीय है।मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद पूर्व अध्यक्ष (जीपीबी) डॉ सोहन राम ने डॉ अम्बेडकर के जीवनी और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने पूरे जीवन भारतीय समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया। समाज एवं देश हित को सदैव सर्वोपरि रखा और भारत राष्ट्र को संविधान के माध्यम से आईना दिखाया, जो आज भी प्रासंगिक है। मौके पर डीन वेटनरी एवं निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद ने डॉ अम्बेडकर के अच्छे विचारों एवं सामाजिक संदेश के अनुकरण का संकल्प लेने का दिवस बताया।

### आदेश के बावजूद अब तक 65.73 प्रतिशत बच्चों का ही खुल पाया बैंक खाता

**रांची** :शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का आधार संख्या और बैंक खाता का विवरण ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र के माध्यम से सूचना दे दिया है। उन्होंने कहा है कि आदेश के बावजूद विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का लगभग 72.32 प्रतिशत आधार संख्या और लगभग 65।73 प्रतिशत बैंक खाता का विवरण ही विभाग को उपलब्ध हो पाया है। जबकि, इस कार्य के लिये कक्षावार बच्चों का आधार संख्या एवं बैंक खाता का विवरण अद्यतन करने की सुविधा दी भी दे दी गई है, जिसके माध्यम से शिक्षक अपने विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं का कक्षावार केवल आधार संख्या या बैंक खाता का विवरण अद्यतन अलग से कर सकते हैं।परियोजना निदेशक ने लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य के सरकारी विद्यालयों के सभी प्रकार के शिक्षक ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से तथा गैर शिक्षा कर्मी आधार आधारित उपस्थिति (अएइअर) में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं। निदेर्शानुसार राज्य अन्तर्गत संचालित सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत सभी प्रकार के शिक्षक एवं गैर शिक्षा कर्मियों का आंकड़ा ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से एकत्रित करना है।

### हेल्थ एंड वेलनेस दिवस पर साईकिल रैली का आयोजन

**रांची** :आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान साईकिल रैली, गुब्बारा उड़ाया गया एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची शशि भूषण खलखो ने हरी झंडी दिखाकर साईकिल रैली को रवाना किया। इस साईकिल रैली में एनएसएस के विद्यार्थियों, स्वास्थ्य कर्मी, असीम माझी जिला आरसीएच पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। साईकिल रैली का नेतृत्व राज्य नोडल पदाधिकारी एनसीडी कोषांग झारखंड के डॉ एलआर पाठक ने किया। रैली पुरुलिया रोड होते हुए एमजी रोड, मेन रोड अलबर्ट एक्का चौक तक गई।

## सेल ने मनायी भीमराव अंबेडकर जयंती

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** सैटेलाइट टाउनशिप स्थित नेहरू पार्क में शुक्रवार को सेल ने डॉ। भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी। सेल टाउनशिप में अंबेडकर की स्टैच्यू स्थापित किये जाने के बाद बाबा साहेब की यह पहली जयंती थी। कार्यक्रम की शुरूआत सीजीएम (पीएंडए) समरजीत जाचक ने कार्यकारी निदेशकों और सेल के अन्य कर्मचारियों का उनके परिवारों के साथ स्वागत करते हुए की। सभी कर्मचारियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। जितेंद्र हेमरोम ने उपस्थित लोगों को डॉ अंबेडकर के जीवन के कई पहलुओं से परिचित कराया। इसके बाद जगदीश अरोड़ा सीईटी कार्यकारी (निदेशक) और निर्विक बनर्जी कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआईएस) ने बाबा साहेब के जीवन के प्रेरक तथ्यों को प्रस्तुत किया और सामूहिक रूप से जितना संभव हो सके उन्हें आत्मसात करने का आग्रह किया।संजीव कुमार कार्यकारी निदेशक (एचआरडी) और आशीष चक्रवर्ती कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

पढ़िए और संगठित होकर संघर्ष कीजिए : डॉ रणेन्द्र कुमार

## डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान लोकतंत्र में संविधान का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टीआरआई के निदेशक डॉ रणेन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता की बात बाबा साहब अंबेडकर ने कही थी। इसलिए पढ़िए और संगठित होकर संघर्ष कीजिए। तभी बाबा साहब के सपने को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के विक्टर माल्टो उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएफडब्लूएसएस के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ सहदेव राम ने किया।मौके पर टीआरआई के निदेशक डॉ रणेन्द्र कुमार ने कहा कि संविधान सभा में कुल 389 सदस्य थे। इनमें झारखंड (तत्कालीन बिहार) से 3 लोग शामिल हुए थे। इनमें जयपाल सिंह मुंडा, बोनीफेस लकड़ा व देवनाथ सामंता शामिल हुए थे। वहीं पूरे देश भर के 33 जनजातीय समुदाय के सदस्य शामिल हुए थे। डॉ रणेन्द्र ने कहा कि देश के विभिन्न जेलों में 60% विचाराधीन कैदी बंद हैं। ये आदिवासी, दलित वंचित समाज से हैं। वर्तमान में परिदृश्य बदल गया है। फॉर द पीपल, बाय द पीपल, ऑफ द पीपल की जगह कॉरपोरेट ने जगह ले ली है। 26 सितंबर 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हर जगह आधार कार्ड की जरूरत नहीं है। लेकिन आप हालत देख लीजिए।



## डॉ अंबेडकर ने पढ़ाई को बनाया अपना हथियार : कुलपति

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** डॉः भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन हुआ। चर्चा का विषय था- अंबेडकर और भारतीय समाज में उनका योगदान। सेमिनार के मुख्य अतिथि थे पटना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सह पटना के एमएलसी प्रो। संजय पासवान। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉः तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि बाबा साहेब ने तीन लोगों को अपना गुरु माना- पहला गौतम बुद्ध, दूसरा संत कबीर और तीसरा महात्मा ज्योतिबा फुले। तब स्थित ऐसी थी कि कोई भी शिक्षक अंबेडकर को संस्कृत नहीं पढ़ाते थे। कोई नाई उनका बाल नहीं काटता था। इन सब कुरीतियों को दूर करने के लिए बाबा साहब ने पढ़ाई को अपना हथियार बनाया। इसके बल पर समाज को बदलने का ठान लिया।वीसी ने कहा कि बाला साहब बीए पास करने पर बड़ोदा रियासत में काम करने लगे। बड़ेदा नरेश की अनुकंपा पर उन्हें स्कॉलरशिप मिला और वे कोलंबिया विश्वविद्यालय पढ़ने चले गए। वहां से उन्होंने राजनीति शास्त्र में एमए किया। फिर पीएचडी की। कोलंबिया से लंदन चले गए। अर्थशास्त्र में एमए के बाद उन्होंने कानून की पढ़ाई की। सेमिनार में विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉः नमिता सिंह, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो राजेश सिंह, ईएलएल के कोऑर्डिनेटर डॉ। विनय भारत, डॉः अशोक नाग और विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी शामिल रहे।



### सीनियर वुशु में भाग लेने का मिलेगा मौका



रांची जिला सीनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 16 अप्रैल को मोराबादी में किया जाएगा।इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में रांची जिलान्तर्गत विभिन्न क्लबों/अकेडमी के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी रांची में ही आयोजित किये जा रहे राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए राँची जिला वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी राज्य प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**जवाबदेही** सरकारी मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों को अब हर माह बताना होगा कि

## कितनी कक्षाएं लीं और कितने मरीजों को देखा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** स्वास्थ्य विभाग राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने की तैयारी में है। स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में पहल करते हुए कार्य योजना तैयार की है। प्रस्तावित कार्य योजना के तहत अब मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों को हर माह यह बताना होगा कि उन्होंने कितनी कक्षाएं ली और कितने मरीजों का इलाज किया। प्रत्येक माह इस डिटेल को मेडिकल कॉलेज के वेबसाइट पर भी अपलोड करना होगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने सभी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्यों और रिम्स निदेशक को एक फॉर्मेट के साथ निर्देश जारी किया है।स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव की मानें तो शिक्षकों का मासिक शैक्षणिक और चिकित्सीय कार्यों का कैलेंडर निर्धारित नहीं होने और अनुपालन नहीं होने से ऐसे शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन की अवधि के दौरान सरकार के निर्देशों के प्रतिकूल अन्य कार्य किए जाते हैं। इसकी वजह से न सिर्फ मेडिकल कॉलेज का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है, बल्कि छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।विभाग की ओर से मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों के लिए 8 कॉलम का फॉर्मेट तैयार किया गया है, जिसे वेबसाइट पर अपलोड करना है। इसमें विभाग का नाम, चिकित्सा शिक्षक का नाम, पदनाम, पदस्थापन की तिथि, शैक्षणिक कार्य दिवस, चिकित्सीय कार्य दिवस और रिमार्क्स का जिक्र करना होगा।दूसरा फॉर्मेट 12 कॉलम का है। इसको मासिक प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए बनाया गया है। इसमें विभाग का नाम, चिकित्सा शिक्षक का नाम, पदनाम, पदस्थापन की तिथि, शैक्षणिक कार्य दिवस, चिकित्सीय कार्य दिवस, संपादित की श्रेणी में चिकित्सीय कार्य, शैक्षणिक कार्य के अलावा अंतर की श्रेणी में चिकित्सीय कार्य और शैक्षणिक कार्य के कॉलम को भरना होगा। इसके अलावा 12वें कॉलम में रिमार्क्स डालना होगा।अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि हर मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और निदेशक हर माह की 10वीं तारीख को शिक्षकों के कार्य के कैलेंडर की कॉपी निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पास सबमिट करना होगा। यही नहीं, कैलेंडर के अनुपालन किए जाने संबंधी संलग्न प्रपत्र में यह प्रमाणित भी करना होगा कि उन्होंने सरकार के आदेश का अनुपालन किया है। अगर कैलेंडर का अनुपालन नहीं हुआ है तो उसकी वजह बतानी होगी।झारखंड के देवघर में एम्स को छोड़कर राज्य सरकार की ओर से फिलहाल कुल छह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। इनमें रांची का राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स), जमशेदपुर का एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, धनबाद का शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पलामू का मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दुमका का फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और हजारीबाग का शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल शामिल है।






## शहर >> अपडेट

### विस्थापित संवैधानिक सुविधा से वंचितः प्रकाश

**चास:** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह शिक्षाविद कई विस्थापित गावों का दौरा करने के क्रम में कनफाटा के लोगों से बातचीत किया। बातचीत के क्रम में ग्रामीणों ने अपनी दैनिय हालत बताते हुए कहा कि आज, जिनके पूर्वजों ने बोकारो के विकास के लिए अपनी सैकड़ों एकर जमीन सरकार को दे दी, आज उन्हीं के वंशज को प्रधानमंत्री योजना का दो रूम भी नसीब नहीं है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

**चास:** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर 132वीं जयंती के अवसर पर चास के नारायणपुर में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण चंदनकियारी विधायक सह झारखंड के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष सुभाष बाउरी ने किया। उक्त कार्यक्रम पूर्व मुखिया राकेश बाउरी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर विधायक श्री बाउरी ने कहा कि डॉ बाबा साहेब के बताए गए रास्ते पर चलना उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव प्रफुल्ल चंद्र बाउरी, राजेश बाउरी, उमेश चंद्र बाउरी, आनंद बाउरी, परेश बाउरी, राकेश बाउरी, संजय सिंह, भूतनाथ माहथा, परमेश्वर मंडल, जाविद साहू, राजेश महतो, सनातन सिंह, मो. कलाम, कृष्णा पद तिवारी, बीरबल सिंह, परमेश्वर मंडल, रूपाली देवी, प्रशांत मलिक, संतोष महतो, नेपाल बाउरी, धरणीधर बाउरी, प्रेमचंद बाउरी, लखन बाउरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

**चांडिल :** नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल परिसर मे शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुणाल कुमार एवं उप प्राचार्य सुब्रत चटर्जी जी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया |इस दौरान सुब्रत चटर्जी के द्वारा संविधान के महत्व एवं उसके महत्वपूर्ण बातों के बारे में भैया बहनों को बताया गया। भैया बहनों के द्वारा इस अवसर पर अंबेडकर जी के जीवन से संबंधित एवं संविधान से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम के सफल संचालक में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही।

### नक्सल प्रभावित रांका में चड़क पूजा के अवसर पर भक्ता टागांन का हुआ आयोजन

**चांडिल :** चैत्र संक्रांति के अवसर पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शिव पूजा, चड़क पूजा व छोउ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चड़क पूजा के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में भक्ता टागांन का आयोजन किया गया। चांडिल प्रखंड के नक्सल प्रभावित चौका थाना अंतर्गत रांका में चड़क पूजा के अवसर पर भक्ता टागांन का आयोजन किया गया। इसके पूर्व गुरुवार की रात को छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। वहीं शुक्रवार को हुए भक्ता टागांन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने पर शिवभक्तों का उत्साह चरम पर था। शिवभक्त अपने पीठ पर लोहे का हुक चुभोकर करीब 50 फीट ऊपर लकड़ी की धुरी पर घुमकर अपने आराध्यदेव को प्रसन्न करते हैं। चड़क पूजा समिति की ओर से आयोजित अनुष्ठान में शिवभक्त एक दिन पहले से उपवास में रहते हैं।

आस्था

## बुढ़ा बाबा के जयकारे से गूंजा कसमार

# शरीर पर लोहे का हुक फंसाकर 50 फीट ऊपर भोक्ता खूंटे पर झूले

**अंग छेदन व खूंटे में घूमने की प्रकिया पूरी**

**पीठ पर छेद कर भक्तिया ने लगभग 50 फीट ऊपर**

राष्ट्रीय खबर



**कसमार:** कसमार प्रखंड के कुलागुजु, मधुकरपुर, दुगार्पुर, मंजूरा, बगदा अजैया एवं सिंहपुर सुप्रसिद्ध प्राचीन शिवालय मंदिर में शुकवार को बुढाब्राबा के जयकारे से गूंजता रहा। आज यहां भोक्ता पर्व चड़क पूजा धूमधाम के साथ समापन हो गया। उपवास रख भक्तो ने सायर बांध मे स्नान किया। इसके बाद बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना की। कहीं भक्त ध्यान लगाकर बुढ़ा बाबा भजी नाथ भै कर रहे थे तो कहीं लोग बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना मे लीन दिख रहे थे। सिंहपुर शिवालय मे पूजा अर्चना के लिए झारखंड, बंगाल व बिहार के अलावे कई अन्य राज्यों व जिलो से हजारों की संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे थे। रात्रि के करीब 12बजे से ही भीड़ व पूजा अर्चना के लिए कतारबद्ध खड़े थे। श्रद्धालु दूध व जल से बुढ़ा बाबा पर जलाभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र सहित मिष्ठान्न से पूजा की। इस दौरान सिंहपुर कर बुढा बाबा भै के नारो से गुंजायमान हो गया। किसानो का पर्व भोक्त पर्व (चड़क पूजा) झारखंड में ही नही बल्कि कई राज्यों के आंशिक इलाको में मनाया जाता है।

### क्या कहते है पूजा कमेटी के लोग

सर्वशक्ति परिषद सिंहपुर पूजा कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों का कहना है कि चार दिवसीय मेला परंपरा से चली आ रही है। लेकिन दो वर्ष कोविड 19 के कारण बाधित हुआ था। पूजा अर्चना के साथ-साथ भोक्ता पर्व ही मात्र मनाया गया। कोरोना खत्म होते के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ-साथ धूमधाम के साथ, छह नृत्य, मिकीमाउस, जमपिंग, मीना मार्केट आदि लगाए गए। उन्होंने ये भी कहा कि मेला परंपरागत लगते आया है इस मेला की परमीशन लेने की आवश्यकता नहीं होती है। चार दिवसीय भोक्ता पर्व 5 अप्रैल धूमल, 12 अप्रैल को संजत, 13 अप्रैल को उपवास एवं रात्रि में छह नृत्य, 14 अप्रैल की सुबह भकतिया द्वारा खूंटे पर झूलने का रिवाज पूरा किया गया तथा 15को बकरे की बलि दी जाती है।

## एनएससी में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती




राष्ट्रीय खबर

**चासः** एनएससी के प्रांगण में भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। जिसमें एनएससी के छात्र-छात्राएं एवं कई समाजसेवियों ने भाग लिया। एनएससी की डायरेक्टर नूतन श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब की पद चिन्हों पर चलकर विद्यार्थी अपने जीवन में बहुत आगे बढ़ सकते हैं। किसी परिस्थितियों में पढ़ाई से दूर नहीं होना है और खूब लगन के साथ पढ़ते रहना है। शिक्षक अनंत ने बच्चों को भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के बारे में बताते हुए कहा कि कभी समय था जब उन्हें पढ़ने से रोका जाता था, समाज में उनका स्थान नहीं होता था। उन्होंने इस स्थिति को बदला और पूरे देश में नहीं संसार में एक मिसाल रखी कि आगे बढ़ने वाले को कोई नहीं रोक सकता है। इस दौरान एनएससी के शिक्षक विनय समीर, करण, सिद्धार्थ, सोनू, पूजा, सोनिया सहित मोनू, विद्युत, पूजा, निशा, स्वाति उपस्थित थे।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहींः सलूजा

# ह्यूमैनिटी सेवियर्स ने लगाया रक्तदान शिविर



राष्ट्रीय खबर

**बोकारोः** खालसा पंथ का स्थापना दिवस वैशाखी पर्व की पावन बेला में ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा सेक्टर 2 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें 40 यूनिट एकत्रित रक्त रेडक्रॉस ब्लड बैंक में संग्रहित किया गया। संस्था के संस्थापक हरबंस सिंह सलूजा ने कहा कि आज खालसा पंथ का जन्म दिवस बैसाखी पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इसी खुशी को दोगुना करने के लिए रक्तदाताओं ने रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जीवन दान देने का कार्य किया है। रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ यू मोहंती ने कहा कि संस्था के अध्यक्ष हरबंस सिंह सलूजा सहित सभी सदस्य रक्तदान शिविर के माध्यम से हर तीन माह उपरांत रक्तदान करते हैं एवं जरूरतमंदों को समय से रक्त उपलब्ध कराने में भरपूर सहयोग करते हैं। शिविर को सफल बनाने में संस्था के गुरविंदर सिंह टुटेजा उर्फ सैंकी, जयप्रकाश सिंह, प्रवीण कुमार, माया राय, मनोज सलूजा एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सरदार गुरमेल सिंह, दलबीर सिंह बरारा, सुरजीत सिंह, हरदेव सिंह, इकबाल सिंह, जसपाल सिंह, तेजिंदर सिंह, लखविंदर सिंह, जसबीर सिंह सलूजा एवं सुरेंद्र पाल सिंह का सराहनीय सहयोग रहा। इस शिविर में रेड क्रॉस ब्लड बैंक की पूरी टीम मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# भारतीय जनता पार्टी ओबीसी बोकारो जिला के तत्वधान में गांव गांव चलो घर चलो अभियान



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया बस्ती के दुर्गा मंदिर के समीप एक चौपाल का आयोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चितरंजन साव की अध्यक्षता में रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो जी एवं ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव रहे जिसमें केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाया गया और कृष्णा महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत देश दिन प्रतिदिन प्रगति पथ पर अग्रसर है जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तब से देश के मान सम्मान और प्रतिष्ठा में चौगुना इजाफा हुआ है श्री यादव ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया, चाहे वह विज्ञान के क्षेत्र में हो या शांति के क्षेत्र में हो सभी भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं उन्होंने ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में एक बार पुनः भारत विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर है मंच का संचालन बोकारो जिला के महामंत्री राजेश बरनवाल ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव, बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, ईश्वर चंद्र प्रजापति, अजय शर्मा विपिन कुमार घनश्याम आनंद जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, संतोष कुमार, महिला नेत्री चंदना डे घनश्याम डे, रोहित यादव, विनोद यादव, विनोद ठाकुर, अमन कुमार ,अनूप कुमार सभा समापन की घोषणा विशाल चौहान द्वारा किया गया।

# आजसू ने मनाई बाबा साहेब की जयंती



राष्ट्रीय खबर

**बोकारोः** आजसू पार्टी बोकारो जिला इकाई ने सेल बोकारो एडमिन बिल्डिंग के समीप स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि बाबा भीम राव अंबेडकर के विचार एक स्वस्थ, शिक्षित और सुदृढ़ समाज के लिए अनुकरणीय रहे हैं। भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में बाबा साहब अपने उत्कृष्ट विचारधारा के लिए जाने जाते थे। उन्होंने हमेशा शिक्षा और संगठित रहने पर बल दिया। उनके संविधान रचना के कारण भारत आज विश्व में एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में विख्यात है। ऐसे महापुरुष विरले ही जन्म लेते हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनिल झा, जिला सचिव प्रभात मिश्रा, छात्र संघ जिला अध्यक्ष तापेश महतो, युधिष्ठिर महतो, रमेश सिंह, सुमित डे, सिद्धू पांडे, दुष्यंत डे सहित अन्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयोजन

## बाबा साहेब का नारा था, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो

# संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया

**समाज में अंद्यविश्वास, नशा खोरी, दहेज प्रथा व अशिक्षा को खत्म कर**

**बाबा साहेब एक महान चिंतक, विचारक, सुधारक के रूप में उनकी स्मृतियां हमेशा जीवंत रहेगी**

राष्ट्रीय खबर




**बेरमो /फुसरोः** भीम आर्मी बोकारो जिला कमेटी, सिस्टा परिवार एवं कई बहुजन संगठनो ने संयुक्त रूप से पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित प्रतावित बाबा साहेब के प्रतावित बोर्ड के समीप संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 132वॉं जयंती मनाया। जयंती के अवसर पर लोगो ने डॉ आंबेडकर की तस्वीर पर माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान केक काटकर एक दुसरे को खिला खुशी जाहिर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम आर्मी बोकारो जिलाध्यक्ष गोवर्धन रविदास उर्फ छोटू व संचालन जिला उपाध्यक्ष ललन राम ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरूतियो को बाबा साहेब के आदर्शो को अपना कर ही दूर किया जा सकता है। बाबा साहेब का नारा था, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। जिसे आज के युवाओ में अपनाने की आवश्यकता है। कहा कि समाज में अंद्यविश्वास, नशा खोरी, दहेज प्रथा व अशिक्षा को खत्म कर हमे स्वच्छ समाज का निर्माण करने की आवश्यकता है। कहा कि बाबा साहेब के विचारों को आम्तसात करना प्रासंगिक होगा। बाबा साहेब एक महान चिंतक, विचारक, सुधारक के रूप में उनकी स्मृतियां हमेशा जीवंत रहेगी। वही कई वक्ताओ ने अपने-अपने विचार रखे। इसके पूर्व फुसरो नगर परिषद कार्यालय ग्राउण्ड से गाजे- बाजे के साथ धम्म यात्रा निकाली गयी जो फुसरो बाजार, रानीबाग होते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस ढोरी तक पहुंचे। इस दौरान समाज सेवी सह राधा पैथो लेब के प्रो डालेश्वर रविदास की ओर से शीतल पेय जल व शर्बत की व्यवस्था करायी गयी थी। वही सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के जीएम कार्यालय परिसर में बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती मनायी गयी। यहाँ जीएम एमके राव ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मौके पर पीएस देव, आर के प्रधान, बी के ठाकुर, ज्ञानेन्दु चौबे, राजीब कुमार, डॉ एस के भारतीय आदि एवं क्षेत्रिय सलाहकार समिति के बिनय पाठक, गजेन्द्र सिंह, आभासचंद्र गांगुली आदि मोजूद रहे। वही सुपन डोम कल्याण परिषद बेरमो के द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर साजन राम, दिलीप राम, छोटू राम, राजू राम, संतोष राम, धीरज राम, शंकर राम, बबलू राम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## >>>> न्यूज फटाफट

### झारखंड पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने दिवंगत शिक्षा मंत्री को दी श्रद्धांजलि




**तुपकाडीह :** झारखंड पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के तुपकाडीह स्थित प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को संस्था के अध्यक्ष रुपलाल महतो एवं सचिव सर्वेश दुबे के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री एवं संस्था के संरक्षक स्व. जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में जरीडीह, बेरमो, नावाडीह, चंद्रपुरा, पेटरवार, चास, गोमिया, कसमार एवं चंदनकियारी समेत विभिन्न प्रखंड के गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के हेड मास्टर एवं संगठन के पदाधिकारी व सदस्य ने मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित किया। अध्यक्ष रुपलाल महतो ने कहा कि दिवंगत मंत्री के निधन को शिक्षा जगत के लिए एक बड़ी क्षति बताया। वहीं सचिव सर्वेश दुबे ने कहा कि मंत्री केवल डुमरी ही नहीं बल्कि पूरे राज्य की आवाज थे। उन्हें किसी पार्टी विशेष या क्षेत्र विशेष की सीमा में नहीं देखा जा सकता है। उनके निधन से झारखंड की राजनीति में शून्यता का एहसास हो रहा है। ऐसे सहृदय एवं सहज सुलभ जननायक का दुनिया से विदा लेना आम जनमानस के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं है। संयोजक कामदेव महतो ने कहा कि अब हमारी लड़ाई कौन लड़ेगा। उन्होंने उनके पुत्र को लेकर विश्वास जताया कि आगे राजू हमलोगों के अभिभावक बनकर मंत्री के सपनों को साकार करने का काम करेंगे। श्रद्धाजलि सभा में उपाध्यक्ष तुलसी महतो, कोषाध्यक्ष जय राठौड़, बोकारो जिसा के सचिव दिलीप कुमार महतो, अर्जुन महतो, भागीरथ महतो, आनंद मोदक, नकुल महतो, कंचन कुमारी, किशोर प्रसाद महतो, श्यामसुंदर महतो, विनोद कुमार नापित, मनोज कुमार वर्णवाल, अभिषेक कुमार एवं समाजसेवी भैरव महतो सहित दर्जनों स्कूल संचालक मौजूद रहे।

### बोकारो में चाणक्य आईएएस एकेडमी का निशुल्क कैरियर सेमिनार 16 को



**कसमार :** बीते 30 वर्षों में 5 हजार से भी अधिक अभ्यर्थियों को आईएएस, आईएफएस व स्टेट पीसीएस जैसे परीक्षाओं में सफलता के मुकाम तक पहुंचाने में अहम योगदान निभाने वाली संस्थान चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से बोकारो स्टील सिटी सेक्टर 4 डी स्थित महामिलन ऑडिटोरियम में आगामी 16 अप्रैल को 11 बजे दिन से यूपीएससी व जेपीएससी एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे या तैयारी करने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष तौर पर निशुल्क सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होकर अभ्यर्थी अपने सफल भविष्य की राह आसान बना सकते हैं। सेमिनार के मद्देनजर चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने बताया कि कई बार जानकारी के अभाव में होनहार और मेधावी विद्यार्थी भी सफलता की उस मंजिल तक नहीं पहुंच पाते, जिनके वह हकदार होते हैं। साथ ही ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों के कैरियर चुनाव में सकारात्मक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि कई बार अभिभावकों में भी अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर उहापोह की स्थिति बनी रहती है लेकिन ऐसे सेमिनार से अभिभावकों को भी अपने बच्चों के कैरियर से संबंधित सकारात्मक दृष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि सेमिनार में विद्यार्थियों के मनोबल बढ़ाने के साथ साथ यूपीएससी व जेपीएससी के सफल होने के कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जाती है, जो विद्यार्थियों के कामयाबी के लिए अहम साबित होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यूपीएससी व जेपीएससी जैसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश की राजधानी जैसी आधुनिक सुविधाएं चाणक्य आईएएस एकेडमी अभ्यर्थियों के लिए मुहैया कराती है, जो एक सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के पंख में भी उड़ान भर सकता है। बताते चलें कि 16 अप्रैल को आयोजित इस सेमिनार में चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, सीएओ अनुराग मिश्रा समेत अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जिसमें शामिल होकर विद्यार्थी लाभन्वित हो सकते हैं।

### बाबा साहेब की जयंती पर प्रस्तावना का पाठ

**बोकारो :** वामपंथी दलों की ओर से सेक्टर 4 गांधी चौक पर डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया व प्रस्तावना का पाठ किया गया। इस अवसर पर सीपीएम, सीपीआई, माले व मासस कार्यकताओं ने संविधान की रक्षा को लेकर संकल्प लिया। वक्ताओं ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत के संविधान में निहित लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, समानता, अखंडता, राष्ट्रीय एकता पर खतरा मंडरा रहा है। इसे मनुवाद में बदलने की पुरजोर कोशिश हो रही है। तमाम सरकारी संस्थाएं और एजेंसियों को सरकार की पिछलग्गू बनायी जा रहे हैं। तमाम पब्लिक सेक्टर के कल कारखानों सहित रेल, सेल, कोल, भेल, बैंक, एलआईसी, हवाई जहाज, बंदरगाह एक एक कर बेचे जा रहे हैं। इसे बचाने के लिए मजदूर किसान को इकट्ठा होकर मैदान में उतर चुके हैं और इस आंदोलन को आगे और तेज करके ही अंबेडकर के सपनों का भारत बनाया जा सकता है। अंबेडकर जयंती पर एक विशेष समिनार आगामी 16 अप्रैल को नया मोड़ बिरसा आश्रम में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सीपीआई के राजेंद्र प्रसाद यादव, पीके पांडेय, सीपीएम के राज कुमार गोरांई, कुमार सत्येंद्र, माले के देवदीप सिंह दिवाकर, जेएन सिंह, मासस के दिलीप तिवारी सहित स्वंयवर पासवान, अब्दुल्ला अंसारी, गोपाल प्रसाद, उमेश प्रसाद, शंकर पोद्दार, भीम रजक, लोकनाथ सिंह, आरपी वर्मा, बीपी सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएसडबल्यूओ के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा का हुआ आयोजन

**बोकारो :** डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन झा समेत जिले के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी आदि ने समाहरणालय के पहले तल्ले स्थित बरामदे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडबल्यूओ) वीणा कुमारी की असमयिक निधन पर शोक व्यक्त किया। सभी ने एक साथ दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी से उबरने के लिए शक्ति देने की प्रार्थना की। उल्लेखनीय हो कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्व. वीणा कुमारी पिछले कई माह से अस्वस्थ चल रही थी, गुरुवार देर रात उन्होंने आखिरी सांस ली। मौके पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता सादात अनवर, डीपीएलआर सह प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, प्रखंड विकास पदाधिकारी चास मिथिलेश कुमार, सीडीपीओ, डीएसडबल्यूओ कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### बीएडके जीएम ने मुक्ति रथ समर्पित किया

**बेरमो** : संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के 132वे जन्मतिथि के उपलक्ष में बोकारो एवं करगली प्रबंधन द्वारा क्षेत्र उत्थान एवं वृहत हितधारकों की मदद हेतु मुक्ति रथ समर्पित किया। इस मुक्ति रथ का उद्देश्य क्षेत्रीय निवासियों के जीवन की अंतिम यात्रा को कष्ट मुक्त बनना है क्यूंकि यह ही जीवन का परम सत्य है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बाबा साहब अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रतिमूर्ति थे: मिहिलाल

**रजरप्पा** : रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में को शिशु-बाल- किशोर भारती द्वारा शुक्रवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिहिलाल मांझी,मुख्य पुजारी (हड़ाम) संथाल समाज सिद्धू-कान्हू नगर ,प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, सह सचिव सुधाकर सिंह,प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की जीवनी,जीवन-प्रसंग, कविता, भजन आदि प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि मिहिलाल मांझी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रतिमूर्ति थे।उपाध्यक्ष श्री चौधरी ने उनके जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य जाति से नहीं कर्म से महान बनता है।सह सचिव सुधाकर जी ने उनके जीवन को आदर्श एवं अनुकरणीय बताया। प्राचार्य ने बाबा साहब को भारतीय संविधान के निमार्ता, समाज सुधारक तथा प्रसिद्ध चिंतक एवं दार्शनिक बताते हुए उनके जीवन एवं दर्शन को समझने की आवश्यकता बतलाई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 2022 में कुआँ का निर्माण कार्य पुर्ण, लेकिन आज भी कुआँ का निर्माण कार्य चालू है : सुधीर

**दुलमी(रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड के पोटमदगा पंचायत के पोटमदगा गाँव में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मनरेगा कुआँ निर्माण का जांच करने पहुँचे। जिसमें पोटमदगा गाँव के बिरुण पहान, पिता मग्नू पहान 21-20 में मनरेगा कुआँ का जाँच किया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बताया कि कुआँ की स्वीकृति 21-22 मे स्वकृति हुई थी जिसका फाईल में 2022 में पुर्ण कर दिया गया है। साथ ही मस्टर रॉल निकालकर पैसा भी निकाल लिया गया है। 2022 में पुर्ण दिखाया गया कुआँ आज भी कुआं का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें भारी गड़बड़ी किया जा रहा है। साथ ही स्वीकृति पत्र में मुखिया का भी हस्ताक्षर भी नहीं किया गया है। साथ ही मगनू पहान के टॉड पर भी मनरेगा कुआं का निर्माण 20-21 में किया गया है जो पुर्ण हो चुका है लेकिन सरकार व विभाग के सुची में गायब है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे योजनाओं में भारी गड़बड़ी अनियमिता की शिकायत आ रही ही जिसको देखते हुए अब पुरे प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा 14-15 वे वित व सोलर जलमीनार व सभी तरह की योजना को जाँच किया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मोहित पटेल, अजधर पहान, छोटन कुमार, रामप्रसाद महतो, रोशन महतो आदि थे।

### कांग्रेसियों ने नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**पतरातू** : पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में आज कांग्रेसियों ने नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी से औपचारिक भेंट की तथा उनका स्वागत अंग वस्त्र देकर कियो इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह अमित शाह संजय सिंह नईम अंसारी अशोक प्रसाद,सुनील महतो, विश्वकर्मा यशवंत प्रसाद एवं अन्य उपस्थित रहे।

## आयोजन > आम नागरिकों, स्कूली बच्चों व अन्य को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है

# पीवीयूएनएल परियोजना में अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन

▶▶ बल के सभी सदस्यों ने भी पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीद अग्नि कर्मिको को श्रद्धान्जली दिया






राष्ट्रीय खबर

**पतरातू**: शुक्रवार को केऔसुब इकाई पीवीयूएनएल पतरातू में वरिष्ठ कमाण्डेंट महेश पॉवरेल के मार्ग-दर्शन में अग्निशमन सेवा दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मारोह के मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार, मुख्यकार्यकारी अधिकारी पीवीयूएनएल थे। समारोह में पीवीयूएनएल के एस.के पांडा महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), डी० बोस महाप्रबंधक (सुरक्षा), सम्पत कुमार रामू महाप्रबंधक (एफ क्यू० ए०), बुन्दावन दास महाप्रबंधक, प्रशान्त पाडुरंग पाटील अवर महाप्रबंधक ( एफ क्यू० ए० ) नीरज कुमार राय अवर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं अजीत प्रताप अवर महाप्रबंधक (इलेक्ट्रीक ) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद अग्नि कर्मिको को मुख्य अतिथि एव पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्पचक अर्पित कर श्रद्वान्जली अर्पित की गई तथा बल के सभी सदस्यों ने भी पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीद अग्नि कर्मिको को श्रद्वान्जली दिया। कार्यक्रम के दौरान बाम्बे डाकयार्ड में भीषण अग्नि दुर्घटना के दौरान एवं उसके बाद के प्रत्येक वर्ष के दौरान अग्नि दुर्घटनाओ मे शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को दीप प्रज्वलित कर श्रधांजली दी गई, एवं अग्निशामको के प्रयोग से संबंधित बैनर एवं पोस्टर का विमोचन किया गया।

उप कमाण्डेट श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि केऔसुब इकाई पीवीयूएनएल पतरातू की अग्निशमन शाखा अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन कर रहा है जिसका शुभारम्भ आज हो रहा है। उन्होने अपने उदबोधन में कहा कि अग्निशमन सप्ताह का उद्देश्य संयंत्र के कर्मचारियों, आम नागरिको, स्कूली बच्चों व अन्य को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी मुख्यकार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कुमार पीवीयूएनएल पतरातू ने अपने सम्बोधन में केऔसुब अग्निशमन शाखा के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा अग्निशमन शाखा के प्रति विश्वास जताया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक/अग्नि अम्बरीश कुमार शर्मा ने किया तथा कार्यक्रम के अन्त में निरीक्षक/कार्य विजय कुमार चौधरी ने मुख्य अतिथि एवं पधारे हुए अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

फुसरो नप के अधिकारियों ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

# 8 दिनों में जलापूर्ति चालू करने का दिया निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : फुसरो शहरी मेघा जलापूर्ति योजना के फिल्टर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा वाटर रिजरवायर का औचक निरीक्षण फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने गुरूवार को किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को 6-8 दिनों के अंदर जलापूर्ति व्यवस्था चालू करने का निर्देश दिया। कहा कि इसे चालू किए जाने से तीन हजार आबादी लाभान्वित होगी। ठेकेदार ने भी आश्वस्त किया कि हमलोग जलापूर्ति व्यवस्था चालू करने की स्थिति में हैं। लेकिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन लिस्ट नहीं मिलने के कारण दिक्कतें आ रही है। प्लांट तैयार है, बिजली ट्रांसफर्मर आ गया है।

बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंड में क्रमवार धरना प्रदर्शन किया जाएगा

# बेरमो को जिला बनाने की लड़ाई अब सड़कों से लड़नी होगी: समिति

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट** : बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अब जिला बनाने को लेकर लड़ाई जोरदार करना होगा अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरना ही मात्र एक विकल्प है।

बेरमो अधिवक्ता संघ भवन में बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में की गई। मिश्रा ने बताया कि बेरमो जिला बनाओ समिति के बैठक में निर्णय लिया गया है कि बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंड में क्रमवार धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसे लेकर आगामी 25 अप्रैल को कसमार प्रखंड में एक दिवसीय धरना का शंखनाद किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कसमार प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया जाएगा। इसी तरह क्रमवार सभी प्रखंड में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें पेटरवार प्रखंड में 23 मई, बेरमो प्रखंड में 13 जून को धरना प्रदर्शन की तारीख तय की गई है। इसी तरह सभी प्रखंड में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जबकि बेरमो अनुमंडल जिला बनने के सभी अहारतें पूरी करती है अब समय आ गया है जनांदोलन ही मात्र एक विकल्प है।अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि बैठक में जो निर्णय लिया गया है उसके अनुसार बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अब सदन में लड़ाई लड़ते-लड़ते थक चुके अब सड़क पर लड़ाई के लिए तैयार है। जिसमें बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंडों में जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों एवं महिला पुरूष ग्रामीणों के द्वारा एक दिवसीय धरना दी जाएगी। इस मौके पर जिला संघर्ष समिति पदाधिकारी राम बल्लभ महतो, घनश्याम राम, मदन महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक ने एसीसी सदस्यों के साथ की बैठक



▶▶ उत्पादन ग्राफ बढ़ रहा है तो सुविधाओं में कटौती क्यों : यूनियन नेता

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक सभागार में क्षेत्रीय प्रबंधन और संयुक्त सलाहकार समिति सदस्यों के साथ जीएम मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसीसी सदस्यों ने कहा कि ढोरी प्रबंधन मजदूरों की सुविधा में लगातार कैची चला रहा है। कहा कि उत्पादन का ग्राफ बढ़ रहा है तो सुविधाओं में कटौती क्यों की जा रही है। ढोरी क्षेत्र में पेयजल पर प्रत्येक वर्ष करोड़ रुपए खर्च होते हैं परंतु समस्या बरकरार है। अधिकतर कोयला मजदूर पेयजल, बिजली, जर्जर आवास, गंदगी आदि की समस्या से त्रस्त है। कहा कि मजदूरों के बदौलत ही ढोरी एरिया उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर मुनाफा अर्जित करता है। इसके बावजूद मजदूरों को वाजिब सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि मैंन पावर घट रहा है इसके बावजूद भी संडे का पेमेंट लगातार बढ़ रहा है। साथ ही साथ 25 लाख की लागत से केंद्रीय अस्पताल ढोरी का कायाक्लप किया जा रहा है। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, पीओ कुमार सौरभ, फाइनेंस मैनेजर संजय सिंह सहित यूनियन नेता भीम महतो, जयनाथ मेहता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जंगल बचाओ अभियान को लेकर वन संरक्षण समिति कुजू पूर्वी की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कुजू** : मुरपा शिबू टोला मे जंगल बचाओ अभियान को लेकर वन संरक्षण समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुखराम टुडू ने की। बैठक के दौरान जंगल को आग लगने से बचाने, जंगल को कटने से बचाव, जंगल का संरक्षण कैसे करने, लकड़ी काटने वाले पर जुमार्ना लगाने संबंधित कई बिंदुओं पर ग्रामीणों ने आपस में विचार विमर्श किया। साथ ही, निर्णय लिया गया कि जंगल से लकड़ी काटने वाले को जुमार्ना लगाया जायेगा। बैठक में वनरक्षी रंजीत कुशवाहा, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, नेहा कुमारी, संयोगिता देवी, पंचित महतो, रामलाल मांझी, सुखराम मांझी, बादल कुमार, महेश महतो, मक्खन महतो, सुरेंद्र महतो, सुरली सोरेन, संजू मांझी, बाबूलाल मांझी, बहामुनी देवी, तालोमुनी मुर्मू, सानिया कुमारी, संगीता देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## आस्था > यज्ञ के तहत यजमानों के दर्जनों कुंड बनाए गए हैं

# 51कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों यजमानों ने डाली आहुति

▶▶ कथा में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं

▶▶ हवन सुबह 9 बजे शुरू होकर 12 बजे समाप्त होता है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : गायत्री परिवार की ओर से फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर-फील्डक्यारी मैदान में चार दिवसीय 51 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई थी। यह यज्ञ शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस यज्ञ के बाद शाम पांच से लेकर सात बजे तक श्री मद्भागवत कथा के तहत प्रवचन किया जा रहा है। जबकि सुबह के समय यज्ञ के तहत यजमानों के दर्जनों कुंड बनाए गए हैं। इस मौके पर एक समय में सैकड़ों यजमान आहुतियां डाल रहे हैं। यह हवन सुबह 9 बजे शुरू होकर 12 बजे समाप्त होता है। इस दौरान कथा में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं। शाम के समय उत्तराखंड के हरिद्वार के गायत्री परिवार आश्रम से पहुंचे। यज्ञाचार्य राम तपस्या गुण सागर राणा ने गायत्री मां की कथा का गुणगान करते हुए कहा कि हिंदू धर्म का इतिहास रहा है कि चाहे ऋषि मुनि हो या स्वयं नारायण अवतार हो। सभी ने संस्कारों के माध्यम से ही मानव जाति को सही रास्ते पर लाने का कार्य किया है। वर्तमान समय में अक्सर देखने को मिलता है कि मनुष्य अपने स्वार्थ के कारण संस्कारहीन हो चला है। अब वह भूलने लगा है कि ऋषि-मुनियों ने कठिन तप करने के बाद भगवान के शरण ली थी। हमें भी अच्छे कर्म करके बुरे रास्तों को नहीं अपनाना चाहिए। राणा ने कहा कि यदि हम संस्कारवान बनेंगे तो अपने जीवन में हर पल हर समय सफलता हासिल कर पाएंगे। हमें भक्ति के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। 51कुंडीय महायज्ञ के कार्यक्रम के तहत शनिवार को यज्ञ का तीसरा दिन रहेगा। जबकि रविवार को दोपहर बाद भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस दिन कथा का आयोजन भी दोपहर के समय किया जाएगा। इस मौके पर प्रवचन कमल किशोर गौरी, बक्सर शक्तिपीठ से आए प्रमोद दयाशंकर पंडित, कृत्यानंद बरनवाल ने भजन गाए।

### संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती समारोह मनाई गई



**तेनुघाट** : तेनुघाट महाविद्यालय में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती समारोह मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुदामा तिवारी के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर इसकी शुरूआत की गई । प्राचार्य महोदय ने कहा कि बाबा साहब एक सच्चे राष्ट्रभक्त के साथ-साथ भारतीय के संविधान के निमार्ता भी थे। बाबा साहब ने कहा था कि मैं सर्वप्रथम भारतीय हूं। बाबा साहब ने देश में फैले सामाजिक असमानता एवं बुराइयों को दूर करने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे ताकि भविष्य में समाज में असमानता ना रहे। प्रोफेसर धनंजय रविदास ने कहा कि बाबा साहब का मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का अनुसरण करने पर ही हम देशवासियों को एक सच्ची दिशा दे सकते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर महावीर यादव, प्रोफेसर प्रेम सागर प्रसाद, प्रोफेसर रावण मांझी, प्रोफेसर कालीचरण महतो ने भी अपने अपने विचार रखें। इस अवसर पर कार्यालय कार्यालयकर्मी शंकर सिंह, विनय कुमार यादव, नागेश्वर गोप, अभिषेक कुमार, मुन्ना लाल सोनी, सुनील कुमार, रंजीत मिर्धा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ट्रेकर स्टैंड गिद्दी सी व पंचायत भवन डाड़ी में मनाई गयी बाबा साहब की जयंती



**गिद्दी** :डाडी प्रखंड अंतर्गत बिरसा चौक गिद्दी सी ट्रैकर स्टैंड व पंचायत सचिवालय डाडी में मुखिया लखनलाल महतो की अगुवाई में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि देकर उनकी जयंती मनाई गई। कई जगह कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। मुखिया लखनलाल महतो ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहब स्वतंत्र भारत के राष्ट्र निमार्ताओं में अग्रणी थे। उन्होंने 1789 के फ्रांस की राज्य क्रांति से स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के उच्चादर्श को भारतीय संविधान में पिरोकर आधुनिक भारत के नवनिर्माण की मजबूत आधारशिला रखी। अंबेडकर किसी जाति-धर्म के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के महापुरुष थे। उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाबा साहब व्यक्ति नहीं, विचारधारा थे। मौके पर उपस्थित नेमन यादव, महेश ठाकुर, जगरनाथ तूरी, परशुराम साहनी, कार्तिक चौधरी, आसीन अंसारी, मुस्तकिंम, हैदर, महेंद्र, इसराइल, फूलचंद प्रजापति, दिनेश तूरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### रा.ख.ऑपरेटर संघ की बैठक गिद्दी सी में संपन्न, विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**गिद्दी** :राष्ट्रीय खनन ऑपरेटर संघ द्वारा गिद्दी सी स्थित मजदूर क्लब में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शावेल ऑपरेटर जीवधन महतो की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही उत्पादन और सुरक्षा को लेकर भी आपस में चर्चा की गयी।समारोह की अध्यक्षता सर्वजीत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शॉवेल ऑपरेटर जीवधन महतो को कम्बल दे कर विदाई दी गयी। इस मौके पर मंगरु महतो और सन्टू बेदिया ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए उनके आगे की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए पहले से और दुगुना उत्साह के साथ दूसरी पारी की शुरूआत करने की बात कही। बैठक में प्रोडक्शन और सेफ्टी पर भी चर्चा की गयी। इस मौके पर मंगरु महतो, संतु बेदिया,राजेश महतो, रसका, सुखलाल करमाली, शिकारी मांझी, बेचन,अशोक कुमार, दुर्गा चरण महतो,दिलीप महतो, बुधराम खलखो,अवधेश कुमार, लखन मांझी,अंजीत सिंह,तुलसी राम, अजमत अली,नुनु कुमार,सुकरा उरांव,सुदेश भुइंया, आदि लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह रैली व आम सभा की सफलता को लेकर किया बैठक



**पतरातू** : प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक महत्ती बैठक पतरातू प्रखंड स्थित पतरातू पंचायत भवन में गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता एवं प्रखंड प्रवक्ता कृष्णा सिंह के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 15 अप्रैल को रामगढ़ जिला में पार्टी द्वारा लोकतंत्र को बचाने हेतू कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित देशव्यापी जय भारत सत्याग्रह रैली व आम सभा कार्यक्रम में पतरातू प्रखंड के सभी पंचायतों से भारी से भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान उपस्थित तमाम नेता एवम कार्यकताओं से किया गया। जिसके निमित्त कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही बताया गया कि उक्त कार्यक्रम केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जिस तरह से पिछले दिनो स्वतंत्र एजेंसियों को प्रभावित कर अलोकतांत्रिक निर्णय लेते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करवाई गई है। तथा जिस तरीके से ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग पूरे देश में विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ बदले की भावना से की जा रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन का आयोजन कर रही है। जिसमें दिनांक 15 अप्रैल को रामगढ़ में आयोजित होने वाली कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी श्री अविनाश, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस पार्टी से झारखंड के तमाम मंत्रीगण, विधायक सुश्री अंबा प्रसाद पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ प्रत्याशी बजरंग महतो सहित विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक तथा प्रदेश के वरिष्ठ नेता गण शामिल रहेंगे। वही आज के बैठक में मुख्य रूप से अमित साव, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, सुशील टोप्पो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संपादकीय

# विपक्षी एकता यानी केंद्रीय एजेंसियों का भय भी

विपक्षी दल इस बात पर सहमत नहीं हैं कि प्रधानमंत्री पद का दावेदार कौन होगा। दूसरी तरफ सभी भाजपा विरोधी दल इस बात पर सहमत हैं कि मोदी सरकार अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस शिकायत को लेकर कई विरोधी दल सुप्रीम कोर्ट भी गये थे लेकिन सुप्रीम कोर्ट से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इस बीच बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पहल ने थोड़ी उम्मीद जगायी है। नीतीश कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के साथ राहुल गांधी से भी भेंट की थी। इस मुलाकात को खुद राहुल गांधी ने ऐतिहासिक पहल बताया है। इस भेंट के तुरंत बाद भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया भी सामने आयी है, जो स्वाभाविक है। भाजपा को भी पता है कि विपक्षी दलों की एकता से उसके दोबारा सत्ता हासिल करने के अभियान में कई किस्म की परेशानियां आ सकती हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं से मिलने के बाद नीतीश कुमार ने अपनी पहल पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी भेंट की है।

यह जगजाहिर है कि केजरीवाल और कांग्रेस के रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं। इस सबसे नई पार्टी और अब एक राष्ट्रीय पार्टी के गठन के वक्त से ही दोनों दलों के बीच तनाव वाली स्थिति है। लेकिन इस मुलाकात के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार की तारीफ की है और कहा है कि विपक्षी पार्टियों को साथ लाने की उनकी कोशिश सराहनीय है। उन्होंने कहा है कि इस काम में वो अपना पूरा समर्थन देंगे। नीतीश से मुलाकात करने के बाद केजरीवाल ने कहा, देश बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहा है। केंद्र में मौजूद सरकार शायद आजादी के बाद के दौर की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि आम आदमी का गुजारा करना तक मुश्किल हो गया है। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी की जरूरतें केंद्र सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ये बेहद जरूरी है कि पूरा का पूरा विपक्ष और देश साथ आए और केंद्र की सरकार को बदले। नीतीश जी विपक्षा पार्टियों को साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं पूरी तरह उनके साथ हूं। केजरीवाल से सवाल पूछा गया कि क्या वो नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के पद के दावेदार के तौर पर देखते हैं। इसके उत्तर में उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में बात करना मुश्किल है, वक्त आने पर इसका जवाब भी मिलेगा। लोकसभा चुनावों को एक साल का वक्त रह गया है, इस बीच नीतीश कुमार ने बीजेपी-विरोधी पार्टियों को एकजुट करने के लिए पहला कदम उठाया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक नीतीश कुमार अपनी तरफ से छह अन्य ऐसे दलों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। नीतीश ने कहा है कि चुनावों से पहले एक बड़ा गठबंधन बनाने के लिए वो छह पार्टियों के नेताओं से संपर्क करेंगे। इनमें से कुछ के संबंध कांग्रेस के साथ अच्छे नहीं हैं। नीतीश इस सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, भारत राष्ट्र समिति के चंद्रशेखर राव और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव से बात कर सकते हैं। इसके अलावा वो बीजू जनता दल के नवीन पटनायक और वाईएसआर कांग्रेस के वाईएस जगनमोहन रेड्डी से भी मुलाकात कर सकते हैं। कांग्रेस भी इस बीच कई पार्टियों के नेताओं से चर्चा करेगी और महीने भर बाद सभी विपक्षी पार्टियों की एक बैठक हो सकती है। समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव गुरुवार को विपक्षी पार्टियों के संभावित गठबंधन में शामिल होने से जुड़े एक सवाल से बचते दिखाई दिए। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर पहुंचे अखिलेश से एक संवाददाता ने पूछा कि क्या उनकी पार्टी विपक्ष के गठबंधन का हिस्सा रहेगी। इसके जवाब में अखिलेश ने कहा, ये एक बड़ा सवाल है। जनता को बदलाव चाहिए और मैं जानता हूं कि उत्तर प्रदेश की जनता इस बार बीजेपी को सत्ता से हटा देगी। इसी बयान के दोनों पहलुओं पर गौर करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि विरोधी दलों को सबसे अधिक परेशानी उनके अपने नेताओं के खिलाफ सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी की कार्रवाई से है। विरोधी दल मानते हैं कि उनकी दाल में भी काफी कुछ काला है। इस वजह से केंद्रीय एजेंसियों के दबाव के आगे कई नेता टूट जाते हैं और भाजपा की वाशिंग मशीन में जाकर साफ होकर निकलते हैं। कई राज्यों में सरकार के पतन का भी यह एक कारण रहा है। दूसरी तरफ क्षेत्रीय दलों की यह भी परेशानी है कि जमीन पर कोई पकड़ नहीं होने के बाद भी हर ऐसे चुनाव के मौके पर कांग्रेस खुद ही बड़े भाई की भूमिका अदा करने लगती है। इसी वजह से कई दलों ने कांग्रेस से दूरी बना ली है। अब तो यह केंद्रीय एजेंसियों का दबाव ही है कि सभी ऐसे भाजपा विरोधी दलों को एकजुटता की चिंता हो रही है।



# नए भारत में डॉ. अम्बेडकर की स्वीकार्यता

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर मात्र एक व्यक्ति ही नहीं थे, बल्कि न्याय की सदृश ज्वलंत भावना का एक प्रतीक थे। उनके द्वारा प्रस्तावित विचारों, कृत्यों और कार्यों ने हमारे अतीत को न्यायोचित बनाया है, वर्तमान को रोशन किया है और भविष्य के लिए सतत मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। आज जब, राष्ट्र पवित्र आत्मा वाले उस महान व्यक्तित्व की 132वीं जयंती मना रहा है तब यह पल उस अमर व्यक्तित्व के नैतिक बल को पहचानने का है।

यह जयंती समारोह एक विशेष अवसर है, क्योंकि यह अम्बेडकर के शोध प्रबंध द प्रॉब्लम ऑफ रुपीः इट्स ओरिजिन एण्ड इट्स सोल्यूशन का 100वां वर्ष है, जिसने 1934 में भारतीय रिजर्व बैंक की नींव रखी थी। यह वही समय था जब देश औपनिवेशिकता की बेड़ियों में बंधे अपने आवरण से छूटने की योजना बना रहा था। डॉ. अम्बेडकर बहु-आयामी तरीके से राष्ट्र-निर्माण के महत्वपूर्ण उपायों की शुरूआत करने के कार्यों का उत्साहपूर्वक समर्थन कर रहे थे। साइमन कमीशन के समक्ष, तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भागीदारी के दौरान दलित वर्ग के उत्थान संबंधी कार्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए, वायसराय की परिषद में श्रमिक सदस्य (1942-46), संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष जैसे अपने प्रत्येक कार्य में उन्होंने लक्षित लोगों के यथोचित हितों का दृढ़तापूर्वक संरक्षण किया। उन्होंने एक न्यायपूर्ण समाज के लिए संस्थाओं की स्थापना करने पर बल दिया। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए दूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने नेहरू सरकार द्वारा उठाए गए जम्मू और कश्मीर के लिए विशेष दर्जा और यूएनओ हस्तक्षेप आदि जैसे कुछ कदमों का विरोध किया। डॉ अम्बेडकर ऐसे चमकते सितारे के समान थे जो गौरवशाली राष्ट्र की हमारी धरोहर का प्रतिनिधित्व करते थे। हम किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को जितना अधिक स्वीकार करते हैं, उतना ही अधिक हमारे व्यवहार में उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रबल संभावना होती है। नव स्वतंत्र भारत में, अम्बेडकर जी द्वारा प्रचारित कल्याण और न्याय के विचारों की स्वीकृति से हम उनके और अधिक निकट हो सकते हैं। इस दृष्टि से देखते हुए, यह प्रश्न उचित है कि क्या हमने अम्बेडकर की विचारधारा को पूर्ण रूप से स्वीकार किया है?



**अर्जुन राम मेघवाल**
स्तंभकार

इतिहास के पन्नों को पलटने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस और अन्य सरकारों के लिए अम्बेडकर के व्यक्तित्व को स्वीकार करने हेतु उन्हें मान्यता प्रदान करने की यात्रा कठिन, या यह कहें कि बाध्यकारी थी। इस बात का प्रमाण यह है कि मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न प्रदान करने और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका आदमकद चित्र स्थापित करने के लिए 34 वर्षों का निरंतर संघर्ष करना पड़ा। विडम्बना यह थी कि केंद्रीय हॉल में डॉ. अम्बेडकर की बैठी हुई मुद्रा में लगाए गए प्रथम चित्र (9 अगस्त 1989) को हटा दिया गया था जिसे बाद में 12 अप्रैल 1990 को पुनः लगाया गया, जबकि इसकी तुलना में मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के चित्रों को लगाने में काफी कम समय लिया गया था। इसी तरह, नेहरू परिवार के सदस्यों के साजो-सामान और संबंधित वस्तुओं को परिरक्षित, संरक्षित किया गया और उन्हें उनके नामों पर बनाए गए स्मारकों में प्रदर्शित किया गया, जबकि बाबा साहेब द्वारा उपयोग में लाए गए साजो-सामान की सुरक्षा और संरक्षण की ओर इनके शासन काल में कोई ध्यान नहीं दिया गया। अम्बेडकर के अनुयायियों के सरोकारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई को करना मोदी सरकार का संवेदनशील दृष्टिकोण है। संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधानशाला, लखनऊ ने बाबा साहेब के साजो-सामान को दीर्घकालीन संरक्षण के लिए सुरक्षित रखा है। संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए गए टाइपराइटर सहित कुल 1358 वस्तुओं को संरक्षित किया गया है जिन्हें आगामी समय में नव निर्मित बाबा साहेब डॉ बी आर अंबेडकर सामाजिक-आर्थिक और संस्कृति केंद्र, चिंचोली, नागपुर में प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की झलकियों को प्रदर्शित करते हुए, यह केंद्र एक पवित्र स्थल के रूप में उभरेगा। भारतीय-थाई वास्तुकला के संयोजन पक्षों को प्रदर्शित करने वाले 11.5 एकड़ में फैले इस केंद्र में अन्य सांस्कृतिक पक्षों के साथ-साथ एक संग्रहालय, स्मारक, ध्यान-योग कक्ष और पुस्तकालय भी मौजूद है। 2014 के बाद से, मोदी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पूर्ण रूप से डॉ अंबेडकर की विचारधारा को स्वीकार किए जाने को दर्शाती है। योजना से लेकर कार्यान्वयन स्तर तक, शासन व्यवस्था को अम्बेडकर की प्रेरणा के अनुरूप बनाने और ढालने का प्रयास किया गया है। यह सरकार के ही अथक प्रयासों का परिणाम है जिसके कारण पंच तीर्थ, डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्र का समर्पित विकास हुआ है और जीवन को सरल बनाने के लिए गरीबों की सहायता करने वाले और जन-केंद्रित नीतिगत उपायों का कार्यान्वयन ऐसे कदम हैं जो सरकार को डॉ अंबेडकर के विचारों के और करीब ले जाते हैं। सुधार, निष्पादन और परिवर्तन के मूल्यों के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण की अनवरत यात्रा, बेहतर भविष्य के लिए जीवन को बहुआयामी रूप से प्रभावित कर रही है। कई अन्य पहलों के अलावा स्टैंड-अप, स्टार्टअप, पीएम आवास योजना, भीम, मुद्रा, और जेएएम (जैम) ट्रिनिटी आदि इस बात का प्रमाण है कि सरकार, अपने लक्ष्यों को पूरा करने तथा और संतुष्टि स्तर तक कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार के हाशिये पर रखे गए मुद्दों को मुख्यधारा में लाने के परिवर्तन संबंधी एजेंडा ने देश की विकास संबंधी संभावनाओं को गति दी है।

मनव केन्द्रित विकसित भारत, गुलामी के सभी चिह्नों से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे प्रधानमंत्री के पंच प्रण मंत्र में भी डॉ. अम्बेडकर का प्रतिबिंब है जिनका यह मानना था कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्श और सामाजिक दर्शन, भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं जो उन्हें उनके गुरु महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं से प्राप्त हुए हैं, न कि फ्रांसीसी क्रांति से। आजादी का अमृत महोत्सव, राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले यशवंचित, गुमनाम नायकों की साहसपूर्ण गाथाओं को खोज निकालने की पहल है, जो भावी पीढ़ियों के लिए यथोचित ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करने का अभियान है। एक तरफ डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की विचारधारा को मूल रूप में स्वीकार करना और दूसरी ओर, की गई कार्रवाई के माध्यम से उनके मूल्यों का अनुकरण करना ही भारत के इस महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उनकी 132वीं जयंती पर, आइए इस क्षण के साक्षी बनें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मान्यताओं और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लें। ये उपाय हमारे पूर्वजों द्वारा परिकल्पित एक विकसित भारत के निर्माण के वृहत लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध होंगे।

**(लेखक केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद हैं)**

# आलसीपन

सुन्दरलाल एक धनी व्यापारी था। इसलिए नौकर-चाकरों की तो कमी थी नहीं। धीरे-धीरे उसने अपना सारा कार्य नौकरों पर ही छोड़ दिया और खुद कामचोर और आलसी बन बैठा। सुबह देर तक सोना उसे बहुत पसंद आने लगा। अपने आलसी स्वभाव के कारण धीरे-धीरे सुन्दरलाल की सेहत बिगड़ने लगी। वह पलंग पर पड़ा-पड़ा मोटा हो गया। उससे अब ज्यादा चला-फिरा नहीं जाता था। उसने अब अपने सारे काम नौकरों पर छोड़ रखे थे। नौकर अपने मालिक के आलसी स्वभाव से परिचित हो गये थे। उन्होंने भी धीरे-धीरे बेईमानी करनी शुरू कर दी और इससे



सुन्दरलाल को व्यापार में नुकसान होने लगा।
एक दिन सुन्दरलाल का मित्र उससे मिलने आया। सुन्दरलाल ने अपने मित्र से अपनी बीमारी के बारे में बताया। मित्र होशियार था, वह तुरन्त समझ गया कि सुन्दरलाल का आलसीपन ही सारी बीमारी की जड़ है। उसने सुन्दरलाल से कहा-'तुम्हारी बीमारी को दूर करने का उपाय मैं जानता हूँ, पर तुम वह कर नहीं सकते, क्योंकि उसके लिए तुम्हें जल्दी उठना पड़ेगा।'सुन्दरलाल ने कहा कि वह बीमारी से ठीक होने के लिए सब कुछ करने को तैयार है।
मित्र ने कहा-'सुबह-सुबह अक्सर एक सुनहरा पक्षी आता है। तुम अगर उसे देख लो तो तुम्हारे सारे कष्ट दूर हो जायेंगे।'सुन्दरलाल अगले दिन सुबह-सुबह उठकर सुनहरे पक्षी को खोजने चल पड़ा। .. .. **जारी।**

जयंति पर बिशेष

# वहां लगी बाबा साहेब की पहली प्रतिमा



**विवेक शुक्ला**
स्तंभकार

देश का कोई छोटा बड़ा शहर नहीं होगा जहां पर आपको डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नहीं मिलेगी। पर क्या आप जानते हैं कि उनकी पहली मूरत राजधानी के रानी झांसी रोड पर स्थित अंबेडकर भवन में 14 अप्रैल 1957 को स्थापित की गई थी? डॉ. अंबेडकर ने अंबेडकर भवन की 16 अप्रैल 1950 को नींव रखी थी। उनकी 6 दिसंबर 1956 को मृत्यु के बाद उनका जो पहला जन्म दिन आया, उस दिन उनकी यहां पर प्रतिमा लगाई गई थी। उसके बाद तो देश भर में बाबा साहेब की प्रतिमाएं लगती रहीं। दरअसल डॉ. अंबेडकर के करोल बाग में बहुत स चाहने वाले थे। वे करोल बाग के टैंक रोड और रैगरपुरा जैसे इलाकों में अपने परिचितों से मिलने जुलने के लिए जाना पसंद करते थे। यहां चमड़े का काम करने वाले दलितों की घनी बस्तियां हैं। इसलिए उन्होंने अपने जीवनकाल में करोल बाग के पास जमीन ले ली थी जहां उनकी अध्ययन केन्द्र बनाने की योजना था।

**कहां लिखी थी अपनी कालजयी कृति**

**इस बीच, बाबा साहेब ने 26, शाम नाथ मार्ग (पहले अलीपुर रोड) में रहते हुए बुद्धा एंड हिज धम्मा नाम से अपनी कालजयी पुस्तक लिखी थी। इस में डॉ. अंबेडकर ने भगवान बुद्ध के विचारों की व्याख्या की है।**

इस बीच, बाबा साहेब ने 26, शाम नाथ मार्ग ( पहले अलीपुर रोड) में रहते हुए बुद्धा एंड हिज धम्मा नाम से अपनी कालजयी पुस्तक लिखी थी। इस में डॉ. अंबेडकर ने भगवान बुद्ध के विचारों की व्याख्या की है। बाबा साहेब द्वारा लिखी यह अंतिम पुस्तक है। संपूर्ण विश्व भर और मुख्यतः बौद्ध जगत में यह ग्रंथ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह ग्रंथ मूलतः अंग्रेजी में 'द बुद्धा ऐण्ड हिज धम्मा' नाम से लिखा गया। इसका हिन्दी, गुजराती, तेलुगु, तमिल, मराठी, मलयालम, कन्नड़, जापानी सहित और कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान और भिक्खू डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन जी ने इस ग्रंथ का हिंदी अनुवाद किया है। दरअसल नेहरू कैबिनेट से 1951 में इस्तीफा देने के बाद वे शाम नाथ मार्ग में शिफ्ट कर गए थे। तब उनका ज्यादातर वक्त अध्ययन और लेखन कार्यों में ही गुजरता था। आप जैसे ही 26 अलीपुर रोड के अंदर पहुंचते हैं तो आपको कहीं ना कहीं लगता है कि बाबा साहेब यहां पर ही कहीं होंगे। वे कभी भी कहीं से आपके सामने खड़े हो जाएंगे। बेशक, जिस जगह पर बाबा साहेब जैसी शिखर हस्ती ने अपने जीवन के कुछ बरस बिताए वह जगह अपने आप में खास तो है।

**संसद भवन में बाबा साहेब**

डॉ. अंबेडकर की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। उसका अनावरण किया था भारत के तब के राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी श्री बी.वी. वाघ ने। संसद भवन के गेट नंबर तीन पर लगी बाबा साहेब की शानदार प्रतिमा में वाघ ने उन्हें जनता का आहवान करते हुए दिखाया है। उनके एक हाथ में भारत के संविधान की प्रति भी है। बाघ ने ही तिलक ब्रिज पर बाल गंगाधर तिलक और मिन्टो रोड में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी बनाईं थीं। वाघ मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे। उनकी कृतियां मुंह से बोलती हैं। वास्तव में वे कमाल के मूर्तिशिल्पी थे।ड़ॉ. भीमराव अंबेडकर का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इस बीच, बाबा साहेब कभी 15 जनपथ में नहीं रहे। वे या तो 22 पृथ्वीराज रोड या फिर 26 अलीपुर रोड पर रहे। तो फिर उनके नाम पर फाउंडेशन जनपथ में क्यों बनाया गया? दरअसल इसकी वजह यह थी कि 15 जनपथ पर डॉ. अंबेडकर के परम सहयोगी भाऊराव कृष्णजी गायकवाड दो बार रिपब्लिकन पार्टी के संसद सदस्य के रूप में रहे।

जानकारी

# खुद करें एसी की सर्विसिंग

गर्मी में एसी का इस्तेमाल होने लगता है। हालांकि अभी एसी चलाने वाली गर्मी शुरू नहीं हुई है। लेकिन पसीने से तरबतर करने वाली गर्मी अब ज्यादा दूर नहीं हैं। इसलिए घर और खुद को ठंडा रखने के लिए अभी से इंतजाम करना बेहतर होगा। ऐसे में नए कूलर और एसी को खरीदने के अलावा पुराने एसी और कूलर की सफाई पर जरूर ध्यान देना चाहिए। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको एयर कंडीशनर को साफ करने के कुछ घरेलू और असान उपाय बताने जा रहे हैं। वैसे तो आजकल घर के आसपास कई एसी मेंटेनेंस सर्विसेज मौजूद होते हैं। लेकिन आप खुद इनकी सफाई कर पैसों की बचत कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि आप कैसे घर पर आसान तरीके से एसी की सफाई कर सकते हैं।एसी को साफ करना आवश्यक होता है। एसी को साफ



न करने पर इसमें धूल-डस्ट जमा होने लगते हैं। जिसके कारण एयर फ्लो को ब्लॉक होने लगता हैं। इसके अलावा फिल्टर पर जमा कचरे से कोइल पर बर्फ जमने की संभावना होती है। इसके अलावा एसी की सफाई न करने पर आपको सांस संबंधी बीमारी होने का खतरा भी बढ़ जाता है।एसी की परफॉर्मेंस को बनाए रखने के लिए इसकी जरूरी होती है। ऐसे में आपका एसी किसी भी ब्रांड का हो, हर महीने में 2 से 3 बार एसी की सफाई जरूर करनी चाहिए। वहीं गर्मी के मौसम में आप हर महीने सफाई कर एसी को एकदम नए जैसी कूलिंग पा सकते हैं।

# टेस्टिंग फेज में आया OnePlus Nord 3!



नई दिल्ली : OnePlus Nord 3 स्मार्टफोन OnePlus की पॉपुलर Nord सीरीज में अगला एडिशन होने जा रहा है। फोन को लेकर लीक्स का सिलसिला तेज हो गया है जिससे पता चलता है कि वनप्लस नॉर्ड 3 ग्लोबल लॉन्च अब नजदीक है। इतना ही नहीं, एक नई रिपोर्ट में सामने आया है कि OnePlus Nord 3 के लिए भारत में टेस्टिंग भी शुरू हो चुकी है। यानि कि फोन जल्द ही भारत में लॉन्च हो सकता है। फोन में कथित तौर पर 6.72 इंच डिस्प्ले और Dimensity 9000 SoC देखने को मिल सकता है। आइए इस फोन के बारे में लेटेस्ट अपडेट से आपको रूबरू करवाते हैं। फोन की संभावित कीमत, फीचर्स और संभावित लॉन्च डेट यहां सामने आ चुकी है।

**OnePlus Nord 3 Launch Date**

OnePlus Nord 3 लॉन्च डेट के बारे में OnePlus की ओर से घोषणा करना भले ही बाकी हो, लेकिन नई रिपोर्ट कहती है कि फोन भारत में टेस्टिंग फेज में एंटर कर चुका है। इसे OnePlus Nord 2 के सक्सेसर के रूप में लॉन्च किया जाएगा। जाहिर है कि फोन कुछ बेहतर फीचर्स भी ऑफर करेगा। इसी बीच टिप्स्टर योगेश बरार ने OnePlus Nord 3 लॉन्च डेट और OnePlus Nord 3 स्पेसिफिकेशंस के बारे में ताजा खुलासा किया है। टिप्स्टर ने कहा है कि यह फोन भारत के साथ ही ग्लोबल लेवल के लिए टेस्टिंग फेज में आ चुका है। यहां पर इसकी लॉन्च टाइमलाइन के बारे में कहा गया है कि अगले 6 से 8 हफ्ते में यह मार्केट में दस्तक दे सकता है। यानि कि मई के अंत तक फोन पेश किया जा सकता है।

**OnePlus Nord 3 Expected Specifications**

वनप्लस नॉर्ड 3 के स्पेसिफिकेशंस भी टिप्स्टर ने पोस्ट में लिस्ट किए हैं। जिसके मुताबिक, इस फोन में 6.7 इंच का 1.5K AMOLED डिस्प्ले देखने को मिल सकता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"हमारी विरासत, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया और वर्दी में सेवा करने वालों की वीरता को श्रद्धांजलि।"
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री





"मुझे सलमान के साथ काम करके अच्छा लगा, वह सच में जैसे आप उन्हें इंटरव्यू में देखते हैं सेट पर भी वैसे ही हैं। मुझे पसंद है कि सलमान सर जिस तरह से खुलकर बात करते हैं, वो वही कहते तो जो उन्हें सही लगता है।"
पूजा हेगड़े
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## बेटे अपने कर्तव्य निभाएं

आधुनिकता के दौर में कर्तव्यों की इति श्री ने मां बाप को घर से अनाथ आश्रमों की दहलीज तक पहुंचा दिया है।ओलादो की संवेदनहीनता से मां-बाप दर-दर भटकने को मजबूर है। जन्म से लेकर बच्चों के अपने पैरों पर खड़े होने तक सब?? कुछ करते मां बाप बुढ़ापे में बच्चों द्वारा तिरस्कृत कर जब दरकिनार कर दिए जाते हैं तो उसकी परिणिति हरियाणा के चरखी में हुए आत्महत्या कांड के रूप में सामने आती है। करोड़पति मां बाप ने अपने औलाद को संपत्ति इसलिए दी थी कि वे उनकी बुढ़ापे में सेवा सुश्रुषा कर सके मगर विरासत में मिली संपत्ति की कीमत का आकलन ओलाद नहीं कर पाई और उसकी मां-बाप को भुगतना पड़ी। महज दो समय दाल रोटी को मोहताज आखिरकार मां-बाप ने आत्महत्या कर ली।कई परिवारों में ऐसे हालात हम देखते हैं जब पाश्चात्य संस्कृति में पले बढ़े बच्चे मां-बाप को अपनी स्वतंत्रता में खलल समझकर वृद्धा आश्रम भेज देते हैं। अनुभव में आया है कि परिश्रम हीनता से अर्जित की गई संपत्ति बुद्धि को अवश्य भ्रष्ट करती है। ऐसे में मां बाप भी बच्चों को परिश्रम की ओर मोड़ें तथा एक एक पाई की कीमत समझने का अवसर दें जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो और उनका जीवन भी निखर सके। ताकि बूढापे में अपने परिवार तथा माता पिता का सेवा कर अपने बेटे होने का फर्ज भी अदा कर सकें।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

**भारत के विकास में उनका अहम योगदान था : हर्ष**

**हजारीबाग** : हजारीबाग जहां एक और पूरे भारतवर्ष में भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है तो वही शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ मे स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने उने याद किया।

## सिटी अपडेट्स >>

**इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की बैठक संपन्न 218 गांव के वन समिति देंगे इस्तीफा**

**इचाक** : इचाक इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की बैठक उच्च विद्यालय सिजुआ के प्रांगण में संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत मेहता के अध्यक्षता एवं संचालन राजेश मेहता ने किया। बैठक में अभी तक हो रहे कार्यों का समीक्षा किया गया एवं प्रखंड स्तरीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया ,साथ ही 218 गांवो में पंपलेट के माध्यम जागरूक करने का काम किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय सम्मेलन कर फिर से एक बार जोरदार जिला में 218 गांवो के जनता के द्वारा आंदोलन किया जाएगा ।साथ ही वन समिति 218 गांवो में चल रहा है उसमें सामूहिक इस्तीफा देंगे। आगामी बैठक 21 अप्रैल को समय 2 बजे उच्च विद्यालय सिजुआ के प्रांगण में बैठने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपप्रमुख सतेंद्र मेहता, पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता, आदर्श युवा संगठन केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार , जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, उमेश मेहता, नंदकिशोर मेहता,मुरली मेहता, इंद्रदेव मेहता पूर्व मुखिया, भाजपा नेता अनिल मेहता, जयप्रकाश मेहता, कविराज मेहता, शिव शंकर मेहता समेत सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**एनएसएस यूनिट ने यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में मनाया बाबा भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती**

**हजारीबाग** : हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के सभागार में एन०एस०एस यूनिट द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण करते हुए 133 वीं जयंती मनाई गई। मौके पर उपस्थित छात्र छात्रों को लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सन्याल ने संबोधित करते हुए कहा कि अजीब बात है कि हमारा भारत देश सम्राट अशोक के प्रतीक के बिना एक देश है, उनकी जयंती, पुण्यतिथि नहीं मनाई जाति है। सम्राट अशोक का जन्म 14 अप्रैल जन्म का वर्ष 302 ईसा पूर्व हुआ था। राज्याभिषेक 268 ई.पू हुआ था। पिता का नाम-बिंदुसार व माता का नाम-सुभद्राणी था।इनकी मृत्यु 232 ई.पू हुई थी। दुनिया भर के इतिहासकार सम्राट के नाम के आगे महान शब्द लगाते हैं।उस सम्राट का राजचिन्ह अशोक चक्र भारतीयों ने अपने झंडे पर लगाया।जिस सम्राट का राज्य चिन्ह चतुष्कोणीय सिंह भारत का राष्ट्रीय चिन्ह माना जाता है और सरकार चलाता है। अशोक चक्र देश की सेना का सर्वोच्च युद्ध सम्मान है जिसका नाम सम्राट अशोक के नाम पर रखा गया है। वहीँ डॉ जयदीप सन्याल ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश के महू में जन्मे बाबासाहेब कहा करते थे कि वह ऐसे धर्म को मानते हैं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है। उनके बचपन का नाम भीम सकपाल था। उनके पिता रामजी मौलाजी सैनिक स्कूल में प्रधानाध्यापक थे। उन्हें मराठी, गणित, अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान था। भीम को भी यही गुण अपने पिता से विरासत में मिले थे। उनकी माता का नाम भीमाबाई था। सार्वजनिक कुओं से पानी पीने व मन्दिरों में प्रवेश करने हेतु अछूतों को प्रेरित किया। उनका मानना था कि जीवन लम्बा होने के बजाय महान होना चाहिए।

**श्रद्धांजलि** डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# बाबा साहब की पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत : उपायुक्त नैंसी सहाय

- अंबेडकर जयंती के अवसर पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को दी बधाई
- बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों,
- आदर्शों को विधार्थी जीवन में आत्मसात करना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक : मनोज रतन



**राष्ट्रीय खबर**

**हजरीबाग** : हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने जिलेवासियों को 132 वीं अंबेडकर जयंती की बधाई दी है।

उन्होंने आज डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना सम्मान प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान के सूत्रधार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की बधाई देती हूं। संविधान के रचयिता ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ0 अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। डॉ0 साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा अतुलनीय थी जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है।

उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो हमेशा प्रासंगिक रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने भी कहा की बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है उनके विचारों, आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है। इस अवसर पर महापौर रोशनी तिर्की, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, डीआईजी बीएसएफ, एनडीसी डेविड बलिहार, सदर सीओ राजेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

## एनटीपीसी के द्वारा बाबा साहेब का 132 वां जयंती धूमधाम से मनाया गया

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग** : हजारीबाग एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। बाबा साहेब की 132 वीं जयंती के मौके पर हजारीबाग स्थित जुलू पार्क में एनटीपीसी के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए और देश के संविधान के निमार्ता माने जाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत परियोजना के कार्यवाहक प्रमुख उमेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी कर्मचारियों को भीमराव अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज हम जिस भी मुकाम पर हैं उसके लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका सबसे अहम है। आज जहां दुनिया के कई देश एक बेहतर संविधान न होने की वजह से लगातार मुश्किलों से जूझ रहे हैं वहीं भारत नित नई बुलंदियों को छू रहा है।

उन्होंने कहा हमारे देश में आज बाबासाहेब अंबेडकर की महत्वपूर्ण योगदान की वजह से एक बेहतर और सुव्यवस्थित संविधान है जिसमें देश को चलाने के लिए सभी प्रकार के नियम कानून अंकित हैं। मुख्य अतिथि के अलावा इस मौके पर उपस्थित कई विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बाबासाहेब आंबेडकर को सभी वर्गों का नेतृत्व करने वाला बताया।

बाबा साहेब की सच्ची श्रद्धांजलि शिक्षा में आगे बढना है : मनोज यादव

## बाबा साहेब की जयंती मनाई गई



**राष्ट्रीय खबर**

**चौपारण** : चौपारण बाबा साहेब की 132 वीं जयंती बेला पंचायत में समारोह पूर्वक मनाया गया। आयोजकों ने समारोह में उपस्थित पूर्व विधायक मनोज यादव, प्रमुख पूर्णिमा देवी, जिप सदस्य राकेश रंजन व आरती कौशल, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान सहित अन्य को अंगवस्त्र तथा फुलमाला देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बाबा साहेब ज्ञान की मुरत थे। उन्होंने देश की आजादी और विकास में ऐसा योगदान दिया है कि जब तक देश रहेगा तब तक बाबा साहेब की याद अक्षुण्ण रहेगा। उन्होंने समता मूलक समाज की स्थापना की। बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनकी जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया है। बाबा साहेब के प्रति हमसब की सच्ची श्रद्धांजलि उनके द्वारा बताए गए शिक्षा के रास्ते पर आगे चलने पर ही मिलेगा। बाबासाहेब के जीवन गाथा से प्रेरणा लें। बाबा साहेब ने सैकड़ों पूस्तकें लिंखी। उनकी विद्धता की चर्चा करना शब्दों में संभव नहीं है। उन्होंने समाज को शिक्षित बनो, संघर्ष करो तथा संगठित रहो की सीख दी। कहा कि संग्राम जिंदगी है, लडना पड़ेगा। संघर्ष के बदौलत ही सफलता मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता गुलाब रजक तथा संचालन मधुसुदन रजक ने किया। समारोह में मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहु व राजेंद्र चंद्रवंशी, बिराज रविदास, सहदेव यादव, अहमद खान सहित कई अन्य मौजूद थे।

## कर्मचारियों की समस्याओं का होगा निराकरण, दायित्व का ईमानदारी पूर्वक करेंगे निर्वाहन: बलराम



- झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी महासंघ के हुए चुनाव में प्रांतीय अध्यक्ष और प्रांतीय संगठन
- महामंत्री के पद पर जीत हासिल कर साहिबगंज लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

**राष्ट्रीय खबर**

**साहिबगंज** : रांची में बिहार 9 अप्रैल को झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी महासंघ के हुए चुनाव में प्रांतीय अध्यक्ष और प्रांतीय संगठन महामंत्री के पद पर जीत हासिल कर शुक्रवार की सुबह साहिबगंज लौटने पर बलराम ठाकुर और विशाल कुमार चौधरी का यहां संघ के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर संघ की ओर से एक दिया जुलूस भी निकाली गई। संघ के जिला इकाई के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी व्यक्त किया और दूसरे को बधाई दी। दरअसल पिछले कई प्रयासों के बाद आखिरकार साहिबगंज के संघ के सदस्यों को राज्य स्तर पर पद हासिल करने में सफलता मिली। बीते 9 अप्रैल को रांची में हुए चुनाव में साहिबगंज जैप 9 के बलराम ठाकुर और विशाल कुमार चौधरी ने संघ के प्रांतीय अध्यक्ष और प्रांतीय संगठन महामंत्री के पद पर जीत हासिल करने में सफलता प्राप्त की थी। प्रांतीय स्तर पर 2-2 पदों पर मिली जीत के बाद प्रांतीय अध्यक्ष बलराम ठाकुर और प्रांतीय संगठन महामंत्री विशाल कुमार चौधरी सड़क मार्ग से साहिबगंज पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर संघ के अन्य सदस्यों ने फूल माला पहना कर दोनों का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। वहीं बाद में एक विजय जुलूस भी निकाली गई। मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने कहा कि संघ की ओर से उन्हें जो दायित्व दिया गया है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि संघ के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती के साथ राज्य पुलिस मुख्यालय के समक्ष रखेंगे, ताकि उसका निराकरण हो सके। प्रांतीय संगठन महामंत्री विशाल कुमार चौधरी ने भी इस पद पर मिली जीत के लिए संगठन के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कंधे से कंधा मिलाकर संघ के सदस्यों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर पल तैयार रहेंगे। संघ के अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष और प्रांतीय संगठन महामंत्री को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बीच के लोगों राज्य स्तर पर संगठन का प्रतिनिधित्व करेंगे यह हमारे लिए गर्व की बात है। मौके पर संघ के गेट्सन टोपनो, अमलेश सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज यादव समेत संगठन के अन्य लोग भी मौजूद थे।

**संविधान जनक के जन्मदिन पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बाल-संसद का गठन**

**हजारीबाग** : हजारीबाग शुकवार को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बाल संसद का गठन किया गया। डॉ0 भीमराव अंबेडकर को संविधान निमार्ता के तौर पर जाना जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल को हुआ था। बाबा साहेब की जयंती को पूरे देश में लोग उत्साह से मनाते हैं। भारत रत्न अम्बेडकर पूरा जीवन संघर्ष करते रहे । भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। आजादी की लडाई में शामिल हुए और स्वतन्त्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ की गई। फिर बाल - संसद मे मनोनीत सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

**संकल्प** लोगों ने बाबा भीमराव अंबेडकर के बताए राह पर चलने का लिया संकल्प

# जयंती पर याद किए गए बाबा भीमराव अंबेडकर

- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की



**राष्ट्रीय खबर**

**साहिबगंज** : साहिबगंज और उसके आसपास के इलाके में में शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वा जयंती समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मंच कि ओर से नगर परिषद में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिसमें उपायुक्त रामनिवास यादव, डीडीसी प्रभात बरदिहार, सिविल सर्जन रामदेव पासवान, एसडीओ राहुल जी आनंद जी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव, उपाध्यक्ष रामानंद साह, अनूप लाल हरी, शिवलाल हरि आदि ने बारी बारी से भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर परिषद में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने की अपील की । विचार गोष्ठी के बाद मंच के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का भी वितरण किया गया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिनोद चौधरी के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकताओं ने भी डा भीमराव आंबेडकर की जयन्ती मनाई। नगर परिषद स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रामदरश यादव, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनिवास यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष रामानंद साह, कौशल किशोर ओझा आदि मौजूद थे। मौके पर आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे, शशिकांत दुबे आदि मौजूद थे। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन, राष्ट्र स्वयंसेवक चंदन कुमार एवं कौसर अंसारी के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती के उपलक्ष पर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गांधी चौक से स्टेशन परिसर तक पहुंचकर वहां स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इधर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मंच द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर सुभाष चौक से रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए नगर परिषद पहुंच वहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर प्रदीप पासवान, विनोद यादव आदि मौजूद थे।

## >>>> न्यूज फटाफट

**पीरटांड में धूमधाम से मनाया गया बाबासाहेब की 132वीं जयंती**



**पीरटांड़** : प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती। पीरटांड़ प्रखड़ क्षेत्र के पालगंज, कुम्हरलालो, खुखरा, चिरकी,मधुबन,बरदही सहित कई अन्य पंचायतों में बाबासाहेब की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए ।जिसमे सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बताया की डॉ बाबासाहब अम्बेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। आज के परिवेश में लोग डॉ० भीमराव अंबेडकर का योगदान भारत के प्रति जो था वो भूलते जा रहे है उन्हें समझना होगा कि बाबा साहब ने भारत की संविधान की रचना की जिससे आज देश की कानून व्यवस्था संचालित है।

**भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाया गया**



**इचाक** : इचाक भारतीय जनता पार्टी ईचाक पश्चिमी मंडल कमिटी के द्वारा ईचाक बड़ा अखाड़ा के प्रांगण से लेकर बूथ स्तर तक मनाया गया। भारतीय संविधान के रचयिता, भारत रत्न डॉ0 बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे शत शत नमन किया गया। पूज्य बाबासाहेब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान हेतु समर्पित कर दिया। उनके द्वारा किए गए सामाजिक समरसता के प्रयास सदैव याद किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंड़ल अध्यक्ष सुभाष सोनी एवं संचालन महामंत्री प्रकाश राम चंद्रवंशी ने किया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पुर्व 20 सुत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह,वरिष्ठ नेता अजीत कुमार वक्सी, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष निरंजन मेहता,महामंत्री प्रकाश राम चंद्रवंशी,कोषाध्यक्ष मनोज सोनी,शक्ति केंद्र अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,उपाध्यक्ष निशित नरायन सिंह,पप्पू कुमार पांडे,एससी मोर्चा अध्यक्ष पंकज कुमार दास, मुकेश यादव, रविंदर यादव, अशोका राम, उमेश राम, महेंद्र पांडे, मनोज सिंह, गजेंद्र प्रजापति, बबलू राम, करण साव, राहुल कुमार, अमन कुमार, रमेश गुप्ता, नागेन्द्र राम, और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**



**पीरटांड़** : जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीय नगर स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर चौक पर बीते शनिवार को असामाजिक तत्वों द्वारा महावीर झंडा के बांस में प्रतिबंधित मांस के टुकड़े को पॉलिथीन में करके फेंके जाने के संबंध में विश्व हिंदू परिषद पीरटांड़ की ओर से राज्यपाल के नाम बीडीओ की अनुपस्थिति में नाजिर अविनाश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने घटना का जिक्र करते हुए राज्यपाल से घटना के ऊपर उच्च स्तरीय जांच एवं सीआईडी जांच कराने की मांग की है ।और कहा है कि जो भी लोग घटना में शामिल है उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दें तथा निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने के लिए उचित आदेश जारी करें। ज्ञापन सौंपने में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष भरत साहू,पीरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष हीरा साव,आतिश कुमार,प्रकाश गुप्ता,मुकेश कुमार के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

**कटकमसांड़ी रैदास आश्रम पहुंचे सदर विधायक, बाबा अम्बेडकर की 132 वीं जयंती ने हुए शामिल**

**हजारीबाग** : हजारीबाग भारतीय संविधान निमार्ता बोधिसत्व डॉ. भीमराव राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में भी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस जयंती के शुभ अवसर पर सदर विधायक मनीष जयसवाल भी शामिल हुए और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। विधायक मनीष जायसवाल यहां बतौर मुख्य अतिथि कटकमसांडी रैदास आश्रम में आयोजित डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती सह महोत्सव समारोह में शामिल हुए। यहां पहुंचने से पूर्व विधायक मनीष जायसवाल का ब्लॉक मोड़ से ही गाजे- बाजे और ढोल- ताशे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और ब्लॉक मोड़ से उनका नारा जयकारा लगाते हुए रैदास आश्रम तक पहुंचाया। यहां आयोजन समिति द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर और पट्टा भेंटकर स्वागत व सम्मान किया। यहां समाज के बच्चों के बीच कई प्रकार की प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की बाबा साहेब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो के मूलमंत्र को आत्मसात कर एक आदर्श नागरिक बनकर समाज और राष्ट्रहित में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा की बाबा साहेब का सपना था की हमारा समाज सुखी बनें और समाज के लोग खुशहाल बनें। इसके लिए जरूरी है हमसब को मिलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना ही होगा। मौके पर विशेषरुप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष जीवन मेहता, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, कटकमसांडी प्रमुख संगीता देवी, सिमरिया के भाजपा नेता उज्जवल दास, पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद, पूर्व मुखिया सरिता देवी, रिंकू रजक, अनुज शर्मा, विकाश सिंह, रोहित पांडेय, मुकेश कुमार सरैयार, दुष्यंत पांडेय, मनोज पांडेय, शिशुपाल सिंह, सोनू सिंह, अजीत दास, बद्री हजाम, लखन रविदास, रामनरेश पांडेय, अमित सिंह, लीलो सिंह भोक्ता, अशोक बैठा, अनुराग मित्तल, हलधर यादव सहित प्रखंड क्षेत्र के गोदखर , डांड, लूपुंग , पाबरा, ढोढवा, असधीर, शाहपुर, बहिमर, कुरहागड़ा, कटकमसंडी सहित अन्य क्षेत्र से पहुंचे लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

प्रदेश ›› अपडेट

## रक्तदान कर सुरक्षित की महिला की जान

**हिरणपुर (पाकुड़):** प्रखंड के डांगापाड़ा ग्राम निवासी नंदरानी देवी जो काफी समय से अस्वस्थ होने के वजह से पाकुड़ सदर अस्पताल में इलाजरत है। उन्हे डॉक्टर के सलाह पर रक्त चढ़ाया जाना था। परिजनों ने बजरंगदल के जिला सह संयोजक प्रतीक कुमार से संपर्क किया। रक्त के जरूरत की बात सुनते ही प्रतीक अपने बजरंगदल के सभी कार्यकताओं से संपर्क किया। रूपम ने रक्त की महात्वता को समझाते हुए रक्त अधिकोष में आकर रक्तदान किया,रूपम ने बताया यह उसका तीसरा रक्तदान है और उसे फिर जब भी रक्तदान करने का मौका मिलेगा वो रक्तदान को तैयार रहेंगे। रक्त पाकर मरीज के परिजनों ने रूपम का और बजरगदल आभार व्यक्त किया। मौके पर रक्त अधिकोष में बजरंगदल के कार्यकर्ता प्रतीक,आकाश,संदीप, पियूष उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन

कार्यकर्ता को झूठे केस में फंसाने का आरोप लगा सेंगेल अभियान ने किया थाने का घेराव

# स्वशासन में सुधार के लिए आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया धरना-प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में सुधार को लेकर गुरुवार को आदिवासी सेंगेल अभियान ने पुराना समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित हुई। धरना प्रदर्शन कर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। धरना कार्यक्रम को संबोधित सेंगेल नेताओं ने कहा कि आदिवासी स्वशासन व्यवस्था आदिवासी गांव समाज को बबार्दी और गुलामी की जंजीरों में जकड़ने के लिए सर्वाधिक दोषी हैं। आदिवासी स्वशासन व्यवस्था या ट्राइबल सेल्फ रुल सिस्टम के नाम पर वंशानुगत मांझी-परगना की नियुक्त व्यवस्था जनतंत्र, संविधान, कानून और मानव अधिकारों को नहीं मानने वाला बताया है। अंततः लगभग सभी आदिवासी गांव समाज में नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, आदिवासी महिला बिरोधी मानसिकता,राजनीतिक कुपोषण आदि जारी है।

विभिन्न सामाजिक कुरितियां पर रोक लगाने एवं सीएनटी एसपीटी कानून लागू करने का मांग किया। इस अवसर पर राज्य में कुरमी-महतो जाति को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने का भी विरोध किया। इसके बाद सेंगेल कार्यकताओं ने विवेकानंद चौक जाकर भीम प्रसाद मंडल और वंशानुगत माझी परगना का पुतला दहन किया। अंत में नगर थाना पहुंचे जहां सेंगेल कार्यकताओं ने थाना का घेराव किया। थाना प्रभारी से कार्यकर्ता बरियड़ हेंब्रम पर दर्ज झूठे मामले की शिकायत पर निर्दोष बताते हुए लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने उचित कारवाई का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि सामाजिक कार्यकर्त्ता अपने आप को कहने वाली निर्मला मुर्मू ने सेंगेल कार्यकर्त्ता बरियार हेम्ब्रम के खिलाफ नगर थाना में यू-ट्यूब पर इसाई समुदाय के लोगों को आतंकित करने के लिए वीडीओ अपलोड़ करने को लेकर नगर थाना में आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था।

जिसको लेकर सेंगेल सदस्यों ने ईसाई समुदाय के द्वारा प्रलोभन देकर भोले-भाले आदिवासी समुदाय को धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए बदले की भावना से साजिशन झूठे केस में फंसाने का आरोप अभियान के युवा मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष तिलका मुर्मू ने लगाया। प्रदर्शन में सेंगेल अभियान के संताल परगना के सभी 6 जिलों के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सेंगेल की तरफ से संताल परगना जोनल हेड अमर मरांडी, जोनल संयोजक बर्नाड हांसदा,सेंगेल जोनल परगाना बरियड़ हेम्ब्रम मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर एवं ग्रामीण मंडल सदर की संयुक्त बैठक हुई संपन्न

**मेदिनीनगर पलामू:** भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर एवं ग्रामीण मंडल सदर की संयुक्त बैठक हुई साथ ही भाजपा जिला कार्यालय मेदिनीनगर में भारत रत्न डॉ० भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती दिवस के रूप मनाई गई। सबसे पहले कार्यकताओं एवं नेताओं ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने संविधान निमार्ता श्रद्धेय भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने समय की समस्याओं जैसे सामाजिक कुरीतिया छुआछूत ऊंच-नीच की भावना जो देश को कमजोर कर रही थी उसे समाप्त करने के लिए भारतीय संविधान का मार्ग अपनाकर देश को सशक्त करने का प्रयास किया। भीमराव जी की भावना के अनुरूप भाजपा संगठनात्मक संरचना में समाज के सभी वर्गों को समान रूप से प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करती है।

### खून की कमी से जूझ रही महिला को पुलिस अधीक्षक ने उपलब्ध कराया खून

**मेदिनीनगर:** खून की कमी से जूझ रही महिला को पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के पहल पर खून की व्यवस्था की गई है। विदित हो कि उक्त महिला रामगढ़ थाना के कुण्डपानी की बिजुलपति मिंज है। जिसका हीमोग्लोबिन 2.4 था। परिजनों ने पलामू पुलिस अधीक्षक को फोन कर ब्लड की कमी व अनुपलब्धता के बारे में जानकारी दी। एक यूनिट परिजनों ने किसी तरह ब्लड का ब्यवस्था किया था। परंतु और ब्यवस्था नही कर पाने पर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक पलामू से गुहार लगाया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक पलामू ने रक्त वीरों के माध्यम से उक्त महिला को तत्काल एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। ब्लड उपलब्ध होते ही परिजनों में खुशी जाहिर की। परिजनों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक ने गरीब की बातों पर संज्ञान लिया व तत्काल खून की समस्या से निजात दिलाया।

# शोषित पीड़ित वर्ग के उत्थान के लिए बाबासाहेब ने किया संघर्षः बिट्टू पाठक



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर** : 14 अप्रैल 2023 को कांग्रेस भवन में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई गई कांग्रेस जनों ने उनकी तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया एवं संचालन जिला के सचिव साकेत सिंह ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि महापुरुष वह है । जो समय को बदल कर समाज की बेहतरी के लिए काम करें ऐसे महापुरुषों में से एक भारत के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर थे। वह समाज के वर्तमान स्थिति और परिस्थिति से जूझते हुए हुए आगे बढ़े और समाज के लोगों को भी आगे बढ़ाने का संदेश दिया। बाबासाहेब के बताए रास्ते पर चलने से ही समाज का भला होगा बाबासाहेब के सपनों को साकार करने के लिए शिक्षित एवं संगठित होकर संघर्ष करने की जरूरत है आगे बिट्टू पाठक ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ऐसे समाज के पक्षधर थे जहां समता समानता न्याय एवं बंधुत्व की भावना हो वे आजादी की लड़ाई में सक्रिय रहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से वे अक्सर कहा करते थे कि अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा मिलने के बाद राजनीतिक आजादी तो मिल जाएगी।

लेकिन समाज के दबे कुचले लोगों को सामाजिक और आर्थिक आजादी दिलाना भी आवश्यक होगा तभी सही मायने में देश आजाद समझा जाएगा वह समाज के शोषित पीड़ित वर्ग के उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे आज जरूरत है। बाबा साहेब के संदेशों को आत्मसात कर शोषित पीड़ित समाज के उत्थान की दिशा में काम करने की जरूरत है । मौके पर कांग्रेस जनों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया आगे बिट्टू पाठक ने कहा कि जिला में संगठन के सशक्तिकरण अभियान के तहत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभी वर्तमान में 29 मार्च से लगातार जय भारत सत्याग्रह का आयोजन सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह जितेंद्र कमलापुरी विद्या सिंह चेरो मुकेश सिंह परीक्षित दुबे हर्ष साहनी रामानंद पाठक साकेत सिंह शैलेश मेहता अजय पांडे संतोष गुप्ता अजय साहू चिन्तामानी तिवारी श्रीकांत पासवान विकास पासवान आलोक सिंह अमित सिंह खुर्शीद आलम शशि पांडे इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## डीसी सहित पदाधिकारियों ने किया अंबेडकर जी की प्रतिमा पर अर्पित किया श्रद्धा सुमन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर डीसी- एसपी व डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहर के अंबेडकर मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर उपायुक्त श्री वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक श्री एच.पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री विकास कुमार त्रिवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रमोद कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती संपा साह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री महेश राम, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी श्री कोशलेश यादव आदि ने माल्यार्पण किया। मौके पर उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने कहा कि संविधान निमार्ता, भारत रत्न और विश्व विभूति डॉ अंबेडकर केवल एक जाति वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे मानव जाति के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। बाबा साहेब मानव विज्ञानी, शिक्षक एवं अर्थशास्त्री थे। उनका सामाजिक कार्य और लोगों के उत्थान के प्रति संघर्ष अनुकरणीय है। बाबा साहेब का जीवन हम सभी लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत है।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**पाकुड़ :** उपायुक्त- सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री वरुण रंजन ने समाहरणालय में ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि ईसीआईएल हैदराबाद से पाकुड़ जिला को आवंटित वीवीपैट-1421 आ रहा है। इसके सुरक्षित रख रखाव को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार दास को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री विकास कुमार त्रिवेदी, सभी राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

## प्रशासनिक और पत्थर माफियाओं के गठजोड़ से गिराया गया गरीबों का घर




राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** आज नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकूह कला में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने किया। इससे पहले भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सरकारी चैक डैम एवं गरीबों के गिराए गए घर का निरीक्षण किया। सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज से पहले 1जुलाई 1989 में आम सभा किया गया था और जमींदारों से हदबंदी से फाजिल भूमि को छिनकर गरीबों में बांटने का काम किया और आज फिर वही पूर्व जमींदार परिवार गरीबों दलितों के जोत कोढ़ की भूमि पर मांईस लगाने का काम कर रहा है उसके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। राज्य कार्यकारिणी सदस्य के डी सिंह ने कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार की तरह ही हेमंत सरकार जल जंगल जमीन को पत्थर माफिया,भू माफिया एवं पूर्व जमींदार परिवार को गरीबों दलितों की जोत कोढ़ की जमीन को पुलिस प्रशासन से लुटवाने और कब्जा करने के लिए खुल्ला छुट दे दिया है। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल में पत्थर माफिओं का प्रशासनिक गठजोड़ से गरीबों के घर मकान को उजाड़ा जा रहा है ऐसे परिस्थिति में आम जनता को आज गुंडा से ज्यादा पुलिस प्रशासन से डर लग रहा है नौडीहा बाजार थाना प्रभारी ने जिसका घर गिराया गया उस पीड़ित परिवार पर भी झूठा मुकदमा किया गया है।

## मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान पर जागरूकता रथ को किया रवाना

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिलावासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मिजिल्स रूबेला जागरूकता रथ को डीसी- एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त ने सिद्धो- कान्हू मुर्मू पार्क से मिजिल्स रूबेला जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने कहा कि पाकुड़ जिले में मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है, जो 19 मई तक चलेगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ते हुए 9 माह से 15 वर्ष के शत-प्रतिशत बच्चों को मिजिल्स रूबेला के टीके से आच्छादित किया जा सके। पाकुड़ जिला अंतर्गत 3 लाख 34 हजार बच्चों को मिजिल्स रूबेला का टीका दिया जाएगा। इसको लेकर पूर्व से माईक्रो प्लान तैयार किया गया है। शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी संचालित सभी सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, प्ले स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रो में लक्षित समूह के लिए टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता रथ के माध्यम से जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर लोगों को टीकाकरण अभियान जानकारी व बच्चों को इससे होने वाले फायदों की जानकारी से अवगत कराया जाएगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, श्री विकास कुमार त्रिवेदी समेत अन्य उपस्थित थे।

# भारत रत्न बाबा साहब की मनाई गई 132 वीं जंयती



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** डॉ भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के शुभ अवसर पर डॉक्ट्र भीमराव अम्बेडकर विचार मंच,पाकुड़ के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी,पाकुड़ ज़िला इकाई द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बाबा साहेब डॉक्ट्रभीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय अंबेडकर चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा और स्थल को साफ सफाई कर सुसज्जित कर भाजपा के नेताओं,कार्यकताओं,विचार मंच के सदस्यों और समाजसेवियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके ज़िलाध्यक्ष अमृत पांडेय,प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक, मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास,नगर परिषद अध्यक्षा सम्पा साहा,अनुसूचित जाति मोर्चा ज़िलाध्यक्ष अजीत कुमार रविदास,पूर्व विधायक बेणी प्रसाद गुप्ता,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वय श्रीमती मीरा प्रवीण सिंह और अनुग्राहित प्रसाद साह,दुर्गा मरांडी प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, सुशील साहा,रतन भगत,प्राची चौधरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को अंबेडकर जयंती महोत्सव सह एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय संविधान के निमार्ता भीमराव रामजी आंबेडकर की 132वीं जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। विद्यालय के सभा भवन में प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती एवं सेवाकालीन प्रशिक्षण हेतु भागलपुर से आए अतिथियों द्वारा आंबेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। प्राचार्य डॉ चक्रवर्ती ने आंबेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा निर्मित संविधान को सम्मान करने का वचन लिया। इस कार्यक्रम के पश्चात सि बि एस ई द्वारा आयोजित स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे पाकुड़, महेशपुर एवं दुमका के 70 शिक्षकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में आए विशेषज्ञ श्रीमती आकांक्षा एवं श्री कुमार पियूष ने शिक्षकों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के बारे में गहन जानकारी दी। शिक्षकों को बताया गया की तनाव को कम करने का सबसे अच्छा तरीका अपने समय का बेहतर प्रबंधन करना है।

### कांग्रेसियों ने की बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**पाकुड़ :** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के शुभ अवसर पर पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार के नेतृत्व में पाकुड़ जिला व प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा अंबेडकर चौक, पाकुड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारूल हक, जिला महासचिव क्रमशः अवधेश कुमार झा, अर्धेंदु गांगुली, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला सचिव क्रमशः मिथुन मरांडी, प्रदीप रजक, पप्पू गंगवानी, नवीन कुमार सिंह, शाहबाज आलम, युवा जिला उपाध्यक्ष बेलाल शेख, अविनाश सिन्हा,ने अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

भारतीय संविधान निमार्ता परमपूज्य बोधिसत्व

## बाबा साहेब की जयंती संविधान बचाने का संकल्प दिवस हैः शत्रुघ्न कुमार शत्रु



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर** : विश्व कुलभूषण,सिंबल आफ नालेज भारतीय संविधान के निमार्ता परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर जी के 132 वीं जयंती के पावन अवसर पर आम्बेडकरवादी मूल्यों व सिद्धांतों के लिए हमेशा संघर्षरत झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु के नेतृत्व में आज अम्बेडकर पार्क मेदिनीनगर स्थित बाबा साहेब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कोटि कोटि नमन अर्पित किया। इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज मनुवादी व साम्प्रदायिक शक्तियां भारतीय संविधान को बदलने का षड्यंत्र रच रही है।इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा।आज भले ही बाबा साहेब भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन भारतीय संविधान के रूप में हमारे बीच जीवित हैं।आज उस महानतम मसीहा के जन्मदिन पर हम संविधान बचाने की शपथ लेते हैं। इस अवसर पर झारखण्ड क्रांति मंच के वरीय केन्द्रीय उपाध्यक्ष व ट्रेड यूनियन लीडर गिरिजा प्रसाद कोइराला,मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष पूर्व डाकपाल रामनरेश राम, मंच के केंद्रीय महासचिव व काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शहर >> अपडेट

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल

**कोडरमा :** गुरुवार को थाना अंतर्गत पथलडीहा के समीप वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गए। घायल की पहचान महेंद्र यादव (उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय बिहारी यादव, ग्राम लरियाडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पथलडीहा बैंक आए थे जो बैंक के बाहर खड़ा थे। एक मोटरसाइकिल के टक्कर देने से बुजुर्ग व्यक्ति गिरकर घायल हो गया जिसके बाद कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया ।

सिटी अपडेट्स >>

### जांच में चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**मरकच्चो :** प्रखंड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप मोटरसाईकिल वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर का एक मोटरसाईकिल को पकड़ा है। मोटरसाइकिल चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तथा कागजात की जांच की गई। जानकारी के बाद पता चला कि यह गाड़ी चोरी की है। वहीं चालक मो मिस्टर आलम को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ के बाद पता चला कि इसमें दो-तीन लोग और हैं। गिरफ्तार युवक को थाना में रखा गया और पूछताछ जारी है। समाचार लिखे जाने तक ओर लोगो का पता नही चल पाया है। जबकि मिस्टर का घर मरकच्चो थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर है। चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी लव कुमार के साथ पुलिस बल के लोग मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की मनाई जयंती

**पेटरवार :** पेटरवार भाजपा प्रदेश के द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के रूप में दिन शुक्रवार को पेटरवार प्रखंड के चिनिया गढ़ा मुख्य चौक पर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रविशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। भाजपा अध्यक्ष रविशंकर जयसवाल ने कहा कि हम सबको बाबासाहेब के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अम्बेडकर जयंती का आयोजन जुटे नेता

**कोडरमा :** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने देश को एक प्रगतिशील संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी। उन्होंने जीवन पर्यन्त सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया, उनका यह संघर्ष सामाजिक समरसता के लिए था। बाबा साहेब के विचार एवं शिक्षा हम सब के लिए प्रेरणास्रोत है। भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी कि 132 वी जन्म - जयंती पर झुमरी तिलैया स्थित शुभाष चौक पर बाबा साहब के मूर्ति पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। जयंती कार्यक्रम युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली के अध्यक्षता में हुई जबकि मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू,अनिल यादव,मुकेशकुमार,सशिकान्त जी,युवा कांग्रेस विधानशभा अध्यक्ष सदाम अंसारी एवं नगर के सम्मानित नेताओं सहित दर्जनों कॉंग्रेस गण मौजूद रहे।

### कोडरमा क्षेत्र से तीन मोटरसाइकिल की हुई चोरी

**कोडरमा :** जिले में अज्ञात चोरों के द्वारा मोटरसाइकिल की चोरी कर ली जा रही है। ताजा मामला कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरो नें बीती रात इंदरवा चौक में खडी बाइक की चोरी कर ली। जानकारी के मुताबिक इंदरवा निवासी अजय कुमार यादव अपने बाइक को इंदरवा चौक के पास खड़ा करके कुछ काम करने लगे, जब वापस लौटा तो देखा कि उसकी बाइक संख्या जेएच12जे 1751 नहीं है। अजय कुमार यादव ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है। पिछले दिनों सदर अस्पताल से और कोर्ट से अज्ञात चोरों के द्वारा भी चोरी कर ली गई थी। वहीं थाना क्षेत्र के इंदरवा से दो, जलवाबाद से भी एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस बाइक चोरों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

बैठक | रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की समीक्षा बैठक की

# 103 यूनिट में रोटरी कोडरमा बेहतर कार्य कर रही है



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के सानिध्य में स्थानीय शिव वाटिका में एक प्रेस वार्ता की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर ने पत्रकारों को संबोधित किया और रोटरी के द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों का उल्लेख किया । ज्ञातव्य है कि बिहार झारखण्ड में रोटरी की कुल 103 यूनिट वर्तमान में कार्य कर रही हैं, रोटेरियन संजीव ठाकुर जो मुजफ्फरपुर से चल कर झुमरी तिलैया पहुंचे हैं । उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की समीक्षा बैठक की । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (मंडलाध्यक्ष) ने बताया कि रोटरी कोडरमा तमाम 103 यूनिट में बहुत अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है, उत्साही नए युवा साथियों को जोड़ कर इन्होंने यूथ विंग का सफलतापूर्वक गठन किया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मंडल अध्यक्ष रोटेरियन संजीव ठाकुर ने रोटरी के पांचो परमानेंट प्रोजेक्ट का दौरा किया और बाल विद्यालय एवं आई हॉस्पिटल के लिए भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह साफ दिख रहा है कि यह जिम्मेवारी मजबूत कंधों ने ली हुई है। दोपहर में स्थानीय श्री वाटिका में क्लब असेंबली आयोजित की गई जिसमें सभी प्रकल्प के निदेशक ने अपनी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और मंडल अध्यक्ष ने उनका मूल्यांकन करते हुए दिशा निर्देश दिया । पत्रकारों का जवाब देते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर ने कहा कि रोटरी राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देती है पूर्व में पूरे देश में पोलियो मुक्त अभियान हो या वर्तमान में टीवी मुक्त भारत कैसे बने, रूबेला का वैक्सीन सत प्रतिशत लाभुकों को कैसे लगे, रोटरी के सदस्य समाज सेवा में अपना धन देकर कार्य करते हैं मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रयत्नशील रहते हैं शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशासन को हर कदम मदद देने के लिए तैयार रहते हैं विश्व की सबसे बड़ी समाज सेवा संस्था रोटरी क्लब के हम सदस्य हैं इसके लिए हमें गर्व है।

## पशु सखी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**सतगावां :** प्रखंड सभागार में गुरुवार को आजीविका पशु सखी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई। अतिथि के रुप में अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी कोडरमा अरविंद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित पशु सखी को घर घर जाकर मवेशियों को एफएमडी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण करने के साथ-साथ टैग लगाने व टैग नंबर को ऑनलाइन करने की विस्तार से जानकारी दी। बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि जिस तरह से मनुष्य का आधार कार्ड बनता है उसी तरह से सभी जानवरों का भी आधार कार्ड बनेगा जो टैग के रूप में उनके कान में दिखेगा और टैग नंबर से जानवर की उम्र से लेकर उसके मालिक का नाम भी पता चल सकता है। उन्होंने उपस्थित पशु सखी को इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए अपने अपने क्षेत्रों में जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर डीपीओ, यूआईडी कोडरमा के डॉक्टर रवि प्रकाश, गव्य तकनीकी पदाधिकारी डॉक्टर समीर कुमार सिन्हा, डॉ रविकांत कुमार, सुधीर कुमार,24 पशु सखी उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनाया



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व मे उडुमुडू गांव के मोची मोहल्ला में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जयंती मनाया गया इस दौरान मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि बाबासाहेब दलित शोषित एवं वंचितो का मसीहा थे। बाबासाहेब ने भारत से छुआछूत की अवधारणा को खत्म करने का कार्य किया एवं संविधान के निर्माण में सभी जाति वर्ग समुदाय को विशेष मत देते हुए संविधान का निर्माण किया। साथ ही श्री चौधरी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की और आज मोदी जी के कारण ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सच्ची सम्मान मिला। इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने कहा की बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर संविधान के निमार्ता थे बाबासाहेब के नेतृत्व में विश्व के 10 बड़े संविधानिक देशों का संविधान का गहन अध्ययन करने के बाद और भारत के जनता की हीत की बातों को ध्यान में रखते हुए संविधान का निर्माण किया गया।

आज बाबासाहेब के बनाए हुए संविधान से ही भारत आगे बढ़ रहा है और पुनः विश्व गुरु बनने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदेव सिंह रामानंद साहू सनी देवी रीता देवी आशा देवी सुनीता कुमारी प्रमिला देवी जमुना देवी राजमती देवी सदाबृक्ष राम रामवृक्ष राम राजेश राम रामविलास राम महेंद्र राम शिव शंकर राम संदीप राम विकास राम पंकज साहू अमित कुमार तुलसीराम विशाल राम आदि लोग उपस्थित थे।

## सुई लगाने से एक महिला की गई जान,अनाथ हुए दो मासूम



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** जिले के चंदवारा थाना के बगल स्थित कांति मेडिकल हाल में इलाज के लिए आई महिला की सुई लगाने से जान चली गयी। मृतका की पहचान चंदवारा थाना क्षेत्र के आरागारो निवासी रीना देवी (35, पति मनोज सिंह) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महिला को खांसी-जुकाम व बुखार था, जिसके इलाज के लिए वह कांति मेडिकल हाल आयी थी। इलाज के दौरान महिला को क्लीनिक संचालक कांति कुमारी के द्वारा सुई दिया गया जिसके बाद ही महिला की तबीयत गंभीर होने के बाद संचालक ने वहां से इलाज के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया, जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजन एकत्र हो गए और क्लीनिक पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। संचालक पर लापरवाही के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है ये क्लीनिक संचालक झोलाछाप है, जिसके पास डाक्टरी की कोई डिग्री नहीं है। उसके द्वारा गलत इंजेक्शन लगाते ही महिला ने दम तोड दिया। घटना के बाद परिवार बिखर गया है। महिला के दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा लगभग 14 वर्ष का है वही बेटी की उम्र 12 वर्ष है। महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के हंगामा करने के बाद मौके पर एएसपी प्रवीण पुष्कर, माईका इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, डैम ओपी प्रभारी अमृता खलखो व पुलिस बल के जवान पहुंचे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि इस मामले को लेकर परिजनों द्वारा कोई आवेदन नही दिया गया है। डाक्टर व स्टाफ की कोई लापरवाही है तो उसके खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कचरे के ढेर से जिंदगी चुनते मासूम बच्चे



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैयाः** लोग अपने घरों का कचरा एकत्रित कर कूड़ेदान या यत्र तत्र फेंक देते हैं। वही नगर पालिका की गाड़ियों के द्वारा उक्त कचरे को शहर के बीचो बीच पुराने सरकारी बस स्टैंड परिसर में एकत्रित कर दिया जाता है। जहां दिनभर कचरा चुनने वाले बच्चे कचरा चुनते रहते हैं और शाम तक इतना कचरा चुन लेते हैं जिससे उनका पेट भरने का जुगाड़ हो सके। खेलने एवं पढ़ने की उम्र में ये बच्चे गरीबी एवं भुखमरी के कारण कचरे चुनने के काम में लगे हुए हैं। उन्हें इन कचरे से आती बजबजाती दुर्गंध से कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे सुबह से शाम तक यहां पूरी तल्लीनता के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं। उक्त कचरे के ढेर के आसपास सूअर एवं आवारा पशु भी अपने पेट की क्षुधा मिटाने के लिए एक दूसरे से जूझते रहते हैं, जिसके कारण कभी कभी इनका शिकार आम राहगीर बन जाते है।उक्त स्थल से गुजरने वाले लोग किसी तरह नाक पर रुमाल रखकर वहां से गुजर जाते हैं। परंतु शहर के बीचो-बीच रखें इस कचरा का निस्तारण करने के बारे में नगर प्रशासन मौन बना हुआ है।

आंदोलन | एक साल हो गए,पर अर्जुन साव हत्या में नहीं हुई गिरफ्तारी

# न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा : राजकुमार



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के चौथे दिन भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव धरना स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कृष्ण और संचालन राजेंद्र मेहता, भाकपा माले जिला सचिव ने किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व अजय कृष्ण, अध्यक्ष, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने कहा कि धरना कार्यक्रम का चौथा दिन हो रहा है और जिला प्रशासन की ओर से किसी भी तरह से पहल नहीं किया जा रहा है । आज ही के 13 अप्रैल 2022 को अर्जुन साव की निर्मम हत्या कर दी गयी थी और आज तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अर्जुन साव के प्रथम पुण्यतिथि श्राद्धासुमन समारोह कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में धरना स्थल पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव पहुंचे। अर्जुन साव के पीड़ित परिवार से मिले और अर्जुन साव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और कहा कि अभी तक किसी को गिरफतार नहीं किया गया जो काफी खेद का विषय है। हमलोग पीड़ित परिवार के साथ है।

मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो न्याय पदयात्रा डोमचांच से कोडरमा तक किया जाएगा और कोडरमा जिला का बंद का आह्वान किया जाएगा। सभा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सुषमा सुमन, प्रकाश राम अधिवक्ता, शिवनंदन कुमार शर्मा अधिवक्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा जिला प्रशासन के द्वारा जो काम किया जा रहा है वह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। कोई भी जन-प्रतिनिधि जन समस्या पर गंभीर नहीं है। सभा को बसंत कुमार मेहता, प्रकाश रजक, महेंद्र सिंह, राजकुमार मेहता, बबन मेहता, सुरेश विश्वकर्मा, अजित बरनवाल, किशोर साव, मुखिया, आर के बसंत, अशोक सोनार ने सम्बोधित किया।

धरना प्रदर्शन श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुरली मोदी, गौतम कुमार, गायत्री देवी, रामचंद्र ठाकुर, अशोक यादव, रंजीत कुमार, रंजीत मोदी, सावित्री देवी, संतोष कुमार साव, उमेश मोदी, रामेश्वर यादव, गुड़िया देवी, रिंकी देवी, मालती देवी, लक्ष्मी देवी, किरन देवी, अनिता देवी, शारदा देवी, कलवा देवी, अशोक यादव, बीरेंद्र साव शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की धूमधाम से मनाई गई

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई एवं अंबेडकर जयंती के उपलक्ष पर तीन यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर समाहरणालय स्थित प्रतिमा में जय श्रीराम समिति के द्वारा माल्यर्पण किया गया तथा भीमराव अंबेडकर जी के नारे लगे कार्यक्रम के पश्चात सदर अस्पताल में तीन यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया राजा बंगला निवासी अजीत ठाकुर की पत्नी चंचल देवी एवं गुमला जिला डुमरी करणी पंचायत के चिरंया गांव निवासी सुलेन्द्र महली का पुत्र सचिन महली दोनो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई काफी परेशान परिवार के लोग समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए तीन यूनिट ब्लड क्रमशः पारस साहू, लड्डू कुमार एवं कृष्णा महली के द्वारा दिया गया । मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह अजय सोनी जिला अध्यक्ष राजीव रंजन महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान महामंत्री अजय साहू कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ओम महतो, हेमंत वर्मा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,अनुज कुमार सदर प्रखंड प्रभारी बजरंग साहू,बजरंग करुवा,अभिषेक तिवारी, डॉ राकेश रंजन,आदित्य साहू, सचिन कुमार,रंजन कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी में मना डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती



**कुडू :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी में आज भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। सभी भैया बहनों एवं आचार्य आचायाओं ने पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य श्री मनोहर साहु जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि- ह्वबाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 14 अप्रैल को जयंती होती है। डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान निमार्ता के तौर पर जाना जाता है। उनकी भूमिका संविधान निर्माण में तो अतुल्य थी ही, साथ ही दलित समाज के उत्थान में भी महत्वपूर्ण रही। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक गांव में हुआ था। उस दौर में उन्हें आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है। उनके विचार महिलाओं को पुरुषों के बराबर और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। बहुत ही दुख की बात है कि उन्हें जीते जी भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए था लेकिन 1950 से 1989 तक कांग्रेस की सरकार ने इनकी उपेक्षा करते हुए इनके प्रति उदासीनता दिखाई। सन 1989 में जब केंद्र में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनी तो प्रधानमंत्री वी पी सिंह बने तब जाकर बाबा साहब को मरणोपरांत 1990 में बीजेपी गठबंधन की सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके लिए बीजेपी गठबंधन की सरकार में प्रधानमंत्री वीपी सिंह धन्यवाद के पात्र हैं। मौके पर योगेंद्र राम ,रामशंकर प्रजापति, नवीन शाहदेव, रीना शाहदेव, गजेन्द्र साहु,कनक शाहदेव इत्यादि समेत सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे।

### विधायक व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष का सतगावां दौरा



**सतगावां :** प्रखंड के ईटाय में गुरुवार को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव व पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता का दौरा हुआ। दौरे के दौरान दोनों ने अलग-अलग समय पर ईटाय पहुंचकर भाजपा नेता स्वर्गीय रवि सिंह के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



**कोडरमा :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, डीसीएससी, एसएनसीयू, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, फिजियोथैरेपी व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर सिविल सर्जन व मौजूद चिकित्सकों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की कमी को लेकर अभी 173 चिकित्सकों व 257 सीएचओ को नियुक्ति पत्र दिया है। मेडिकल कॉलेज में सीनियर चिकित्सकों के बहाली, चिकित्सकों की वेतन बढ़ोतरी व उनके उम्र सीमा में भी बढ़ोतरी किया है। साथ ही कहा कि 24 जिलों के उपायुक्तों को चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर निर्देश दिया था। सभी जिलों में जल्द ही चिकित्सकों की नियुक्ति कर ली जाएगी। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर कहा कि हम सभी पिछले कोरोना काल के बाद से ही सतर्क है।

### सिद्धार्थनगर में 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई



**कुडू :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चाँपि पंचायत के सिद्धार्थनगर में 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई। जयंती के मौके पर मुख्य रूप से कुडू सांसद प्रतिनिधि भूषण प्रसाद,उपमुखिया बड़कीचाँपि पंचायत हेना तिवारी,पुर्व प्रमुख कुडू परिवा मुण्डा,वार्ड सदस्य बड़की चाँपि वार्ड नंबर 04 सुनीता देवी, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष बड़की चाँपि सह जरियो वार्ड नंबर 11 वार्ड सदस्य जैनुल अंसारी,ग्राम प्रधान बड़की चाँपि एतवा उरांव रामचंद्र राम,रामलाल राम, रमेश राम,लालचंद राम हेमन्त राम,सुखबल राम,प्रेम राम,दिनेश राम,बिन्देश्वर राम,संजय राम,गणेश राम,संदीप राम,बजरंग राम,रंजीत राम,सुरेश तुरी,सरहुलिया देवी, बंसती देवी,रीता देवी,देवन्ती देवी, रीता देवी,शोभा देवी ,अनीता देवी,सबीता देवी, अनुप भगत ने डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया । इस मौके पर उप मुखिया हेना तिवारी ने कही कि आज डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब की ही देन है कि पूरे देश में अनेक जाति, धर्म ,व वर्णो के लोगो के एक साथ रहने के बावजूद भी यहा का संविधान काफी अच्छा तरह से काम कर रही है । उन्होंने कहा कि जितना दिन संविधान रहेगा यह देश रहेगा,सभी लोगो को आपस मे मिलजुलकर रहना चाहिए।

## न्यूज फटाफट

### मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल मैच खेले गए



**चंडीगढ़ :** मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम में चंडीगढ इलेवन और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा भारतीय रेल और इंडियन ऑयल के बीच दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफाइनल में चंडीगढ इलेवन की टीम ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम पर 5-3 से जीत हासिल की। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच भारतीय रेल तथा इंडियन ऑयल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भारतीय रेल की टीम 3-0 से विजयी रही। कल 15 अप्रैल को दोपहर बाद फाइनल मैच चंडीगढ इलेवन और भारतीय रेल की टीमों के बीच खेला जायेगा।

### विनायक की उम्दा बल्लेबाजी से पीजीडीएवी कॉलेज फाइनल में



**नई दिल्ली:** विनायक खंडेलवाल (48 गेंदों पर नाबाद 73 रन) की मदद से पीजीडीएवी कॉलेज ने एकतरफा सेमीफाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज को 130 रनों से हराकर चौथे श्री गुरु नानक देव इंटर कॉलेज टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। पीजीडीएवी कॉलेज के मैदान पर श्याम लाल कॉलेज के कप्तान सौरव राय ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीजीडीएवी ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 218 रन बनाए जिसके जवाब में श्याम लाल कॉलेज की टीम 16.3 ओवरों में 88 रन बनाकर आल आउट हो गई। कप्तान विनायक खंडेलवाल ने 48 गेंदों पर 73 रन की नाबाद पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन शर्मा ने 32 गेंदों पर 57 रन बनाए।

**कड़ी टक्कर**

शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत होगी

# लखनऊ को उसके घर में हराना पंजाब के लिये नहीं होगा आसान

- लक्ष्य जीत के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पाने का होगा
- दोनो टीमें शनिवार शाम सात बजे एक दूसरे के सामने होंगी

**एजेंसियां**




**लखनऊ :** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पिछले दो मैचों में हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स के खिलाफ केएल राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पाने का होगा। इकाना स्टेडियम की धीमी पिच पर अब तक बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेती रही है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक खेले गये चार मैचों में तीन में जीत दर्ज की है और वह अंकतालिका में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे स्थान पर है वहीं पंजाब ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार शुरूआत की मगर अंतिम दो मुकाबलों में उसे नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। दोनो टीमें शनिवार शाम सात बजे एक दूसरे के सामने होंगी। कप्तान शिखर धवन को छोड़ कर पंजाब किंग्स के अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन सामान्य रहा है। धवन अब तक खेले गये चार मैचों में 233 रन बना चुके है वहीं युवा प्रभसमिरन ने भी शुरू के दो मैचों में अपनी छाप छोड़ी मगर बाद में वे बेअसर साबित हुये।

दूसरी ओर लखनऊ के सबसे महंगे खिलाड़ी निकोलस पूरन और मार्कस स्टॉयनिस समेत शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी खेल चुके हैं। निकोलस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर टीम को जीत का तोहफा दिया था। कप्तान समेत टीम प्रबंधन को उनसे ऐसी ही एक और पारी की उम्मीद रहेगी। पंजाब का मध्यक्रम टीम प्रबंधन के लिये अब तक चिंता का विषय बना रहा है। भानुका राजापक्षे,सैम कुर्रन और जीतेश शर्मा को लखनऊ के मार्क वुड,आवेश खान,अमित मिश्रा और कृणाल पांडया की धारदार गेंदबाजी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। हालांकि पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण अर्शदीप सिंह की अगुवाई में तीखा रहा है जो कगिसो रबादा के जुड़ने के साथ और भी धारदार हो चुकी है। कप्तान के एल राहुल के लिये भी यह मुकाबला अपनी फार्म को हासिल करने का बेहतरीन अवसर होगा।

## यूक्रेन के एथलीट रूस, बेलारूस के साथ नहीं खेलेंगे

**एजेंसियां**



**मॉस्को:** यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों पर रूस और बेलारूस के एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार यूक्रेन के युवा और खेल मंत्रालय ने यूक्रेनी एथलीटों को रूसी और बेलारूसी एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। खेल मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित हुए इस फरमान पर उप खेल मंत्री मत्वी बिदनी के हस्ताक्षर हैं। मंत्रालय के अपने फरमान में लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय टीमों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडलों को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा रहा है, जिसमें रूस और बेलारूस के एथलीट भाग ले रहे हैं।

यूक्रेनी मंत्री और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य ओलेह नेमचिनोव ने मार्च के आखिरी सप्ताह में कहा था कि यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों को 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया है, क्योंकि इस प्रतियोगिताओं में रूसी एथलीट भी हिस्सा लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि यूक्रेन के एथलीटों को रूसियों के साथ टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने से रोकने के कीव के फैसले से केवल यूक्रेनी खेलों को नुकसान होगा और यह यूक्रेनी एथलीटों की मनोदशा पर असरकारक होगा। ओलंपियन कंकाल रेसर व्लादिस्लाव हेरास्केविच सहित कुछ यूक्रेनी एथलीटों ने प्रतिबंध की आलोचना करते हुए कहा कि इससे यूक्रेनी खेलों पर बेहद बुरा असर पड़ेगा।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा, अगर यूक्रेनी प्रतिनिधि प्रतियोगिताओं में उपस्थित नहीं होते हैं, तो हम अंतरराष्ट्रीय खेल मैदानों को पूरी तरह से खाली कर देते हैं और रूसी/बेलारूसी प्रतिनिधियों को उनके आख्यानों और प्रचार को बढ़ावा देने का अवसर देते हैं। मंत्रालय ने निर्देश दिया कि उनके आदेश का अनुपालन किया जाए। मंत्रालय के आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में यूक्रेन के खेल संघ राष्ट्रीय महासंघ के दर्जे से वंचित हो जाएंगे। आदेश में रूसी और बेलारूसी एथलीटों के भाग लेने पर टूर्नामेंट से यूक्रेनी एथलीटों के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाने का भी प्रावधान है। गौरतलब है कि आईओसी के प्रमुख थॉमस बाक ने 28 मार्च को कहा था कि आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों की सिफारिश की थी कि रूसी और बेलारूसी एथलीटों को तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाए, लेकिन अगर वे यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान का समर्थन करते हैं तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं होगी।

## विश्व क्रिकेट में अगला दशक शुभमन का होगा: हेडन

**एजेंसियां**



**कोलकाता :** आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार बल्लेबाजी कर रहे गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की बेहतरीन फार्म खुद बखुद बयां करती है कि विश्व क्रिकेट में अगला दशक उनके नाम होने वाला है। स्टार स्पोर्ट्स, क्रिकेट लाइव शो से बात करते हुए हेडन ने कहा, '' पंजाब किंग्स की आक्रमक गेंदबाजी का सामना करते हुये गिल ने गुजरात टाइटंस के लिये अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभायी। गिल ने कुछ ऐसे शॉट खेले जिसे देख कर आंखों का सुकून मिलता है। वह इसी तरह का खिलाड़ी है और अगले एक दशक तक वह विश्व क्रिकेट पर हावी रहने वाला है।'' गौरतलब है कि पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच मुकाबले का फैसला मैच की दूसरी-आखिरी गेंद पर हुआ। गुजरात टाइटंस की बैटिंग लाइन अप के लिए एक समय रन का पीछा करना आसान लग रहा था मगर मोहाली में पंजाब में गुजरात को आखिरी ओवरों में झटके देकर मैच को रोमांचक बना दिया हालांकि 'आइस कूल' राहुल तेवतिया और अनुभवी डेविड मिलर ने अपनी टीम की झोली में जीत डाल कर ही दम लिया। इस मुकाबले में गिल ने आईपीएल 2023 में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और 49 गेंदों पर 67 रनों की शानदार पारी खेली। गिल का दुर्भाग्य रहा कि वह अपनी टीम के लिए आखिर तक नहीं खेल पाए और आउट हो गए।

# सलमान के साथ अफेयर पर पूजा हेगड़े ने तोड़ी चुप्पी



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने सलमान खान के साथ अफेयर पर कहा है कि वह सिंगल है और उनका ध्यान करियर पर है। पूजा हेगड़े ने सलमान खान के साथ फिल्म ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्न में काम किया है।यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। लंबे समय से पूजा हेगड़े का नाम सलमान से जोड़ा जा रहा है। सलमान के साथ लगातार उड़ रहीं अफेयर की खबरों पर पूजा हेगड़े ने चुप्पी तोड़ी है। पूजा से सलमान के साथ उनके रिलेशनशिप रूमर्स पर सवाल किया है, तो उन्होंने कहा, मैं इस बारे में क्या कहूं। मैं अपने बारे में रोज नई-नई बातें पढ़ती रहती हूं। मैं सिंगल हूं, मुझे अकेले रहना पसंद है। वाकई मैं अभी अपने करियर पर ध्यान दे रही हूं। मैं अलग-अलग शहरों में ट्रैवल करती रहती हूं, अभी मेरा लक्ष्य मेरा करियर है। मैं अब बैठकर इन रूमर्स पर ध्यान नहीं दे सकती, मैं इस बारे में क्या ही करूंगी?' पूजा हेगड़े ने कहा, ''मुझे सलमान के साथ काम करके अच्छा लगा, वह सच में जैसे आप उन्हें इंटरव्यू में देखते हैं सेट पर भी वैसे ही हैं। मुझे पसंद है कि सलमान सर जिस तरह से खुलकर बात करते हैं, वो वही कहते तो जो उन्हें सही लगता है।''

## एक्शन फिल्म में काम करेंगी कंगना रनौत



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत जल्द ही एक्शन फिल्म में काम करती नजर आयेंगी। कंगना रनौत जल्द ही एक्शन फिल्म में काम करती नजर आयेंगी। कंगना ने अपने फेवरेट डायरेक्टर के साथ अगली फिल्म साइन कर ली है। इसकी जानकारी कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की दी है। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई पिक्चर्स शेयर की हैं। कंगना ने कृष 3 की भी फोटो शेयर की है। इस फिल्म में डॉक्टर अंजली मुखर्जी ने कंगना का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। कंगना ने लिखा है,करीब 10 साल पहले डॉ. अंजलि ने कृष 3 के लिए मेरा सुपर'मन ट्रांसफॉर्मेशन किया था। अपनी दूसरी फोटो में कंगना डॉक्टर डॉक्टर अंजली के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कंगना ने लिखा है हम फिर से साथ अंजलि भले ही मुझसे यंग लग रही हों लेकिन उनकी मेरी उम्र की एक बेटी है। डाइट और हर चीज को लेकर इस बार मैं और भी ज्यादा सीरियस हूं।एक और एक्शन फिल्म, एक और ट्रांसफॉर्मेशन जल्द ही मेरे फेवरेट डायरेक्टर के साथ घोषणा करूंगी।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म जोगीरा सारा रा रा का टीजर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आने वाली फिल्म जोगीरा सारा रा रा का टीजर रिलीज हो गया है। कुशन नंदी द्वारा निर्देशित फिल्म जोगीरा सारा रा रा के टीजर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को नेहा शर्मा के साथ दिखाया गया है। फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' का टीजर कॉमेडी से भरपूर है। फिल्म में नवाज एक जुगाडू के रोल में है और उनके कैरेक्टर का नाम जोगी प्रताप है। टीजर की शुरुआत होते ही नवाज कहते नजर आते हैं जोगी का जुगाड़ कभी फेल नहीं होता। इसके बाद नेहा शर्मा आती हैं और कहती हैं कि क्या जुगाड़ करोगे तुम तुम्हारे सारे जुगाड़ फेल हैं। 'जोगीरा सारा रा रा' 12 मई 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आलिया ने शेयर की थ्रो-बैक फोटो

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी पर रणबीर कपूर के साथ थ्रो-बैक फोटो शेयर की है। आलिया और रणबीर कपूर 14 अप्रैल को अपनी वेडिंग एनिवर्सी मना रहे हैं। इस मौके पर आलिया ने सोशल मीडिया पर रणबीर के साथ थ्रो-बैक फोटोज शेयर की हैं। आलिया ने तीन फोटोज शेयर की हैं। पहली फोटो जहां कपल के हल्दी सेलिब्रेशन की है, वहीं दूसरी तस्वीर कपल के अफ्रीका ट्रिप की है। तीसरी फोटो किसी पार्टी की है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए हुए नजर आ रहे हैं। आलिया ने कैप्शन में लिखा- हैप्पी डे।



## डीनो मोरिया की तेलुगु डेब्यू फिल्म एजेंट से उनका लुक रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता डीनो मोरिया की तेलुगु डेब्यू फिल्म एजेंट से उनका लुक रिलीज हो गया है। डीनो मोरिया फिल्म 'एजेंटह्न से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म से डीनो के लुक को रिलीज कर दिया गया है। वह इस फिल्म नेवर सीन बिफोर वाले अवतार में नज़र आएंगे। डीनो मोरिया ने कहा, ''खुद को एक खलनायक के रूप में ढ़ालना कभी मेरे लिए आसान नहीं था, खासकर जब लोगों ने आपको लवर बॉय के रूप में देखा है लेकिन फिल्म एजेंट में मुझे एक्शन के प्रति अपने प्यार को एक्सप्लोर करने का मौका मिला।

## रिया चक्रवर्ती ने रोडीज 19 की शूटिंग शुरू की

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने एमटीवी रोडीज 19 की शूटिंग शुरू कर दी है। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के तीन साल बाद उनकी एक्स गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती 'एमटीवी रोडीज 19' के साथ पर्दे पर दोबारा वापसी कर रही हैं। रिया ने सेट का एक वीडियो शेयर किया है वीडियो में उनसे सवाल किया जाता है- 'रिया आप सेट पर आकर कैसा महसूस कर रही हैं?'इस पर उन्होंने कहा- 'मैंने तीन साल से कोई शूट नहीं किया है। ये वैनिटी वैन मुझे बिल्कुल नया सा महसूस हो रहा है।

## प्रदेश >> अपडेट

### दुष्कर्म के आरोपी की गोली लगने से मौत

**भिण्ड** : मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में आज एक युवक की गोली लगने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार लहार थाना क्षेत्र में सुबह में गोली लगने से सोनू सिह राजावत की मौत हो गयी। सोनू का शव उसके घर से कुछ दूरी पर मिला। गांव के लोगों ने जब गोली की आवाज सुनी तो मौके पर जाकर देखा सोनू मृत मिला। उसके पास एक कट्टा और कारतूस बरामद हुआ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### वरिष्ठ भाजपा नेता मोहिंदर भगत आप में शामिल

**जालंधर** : जालंधर लोकसभा सीट के उपचुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को झटका देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता मोहिंदर भगत शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। आप ने ट्वीट पर जानकारी देते हुए कहा,भाजपा नेता और जालंधर पश्चिम से पूर्व उम्मीदवार, मोहिंदर भगत,सीएम भगवंत मान की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। आम आदमी पार्टी जालंधर उपचुनाव में भारी जीत की ओर बढ़ रही है।

### तेलंगाना में गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान

**हैदराबाद** : तेलंगाना के कुछ जिलों में शुक्रवार से रविवार (14 से 16 अप्रैल तक) के बीच अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के दैनिक मौसम रिपोर्ट के मुताबिक 14 से 18 अप्रैल तक राज्य के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। राज्य में गुरुवार को कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पशुपालकों के लिए पंजीयन शुल्क अनिवार्य

**शिवपुरी** : मध्यप्रदेश के शिवपुरी में नगर पालिका ने पशुपालकों के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में अब गाय, भैंस और श्वान पालने वालों के लिए अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। श्वान के लिए पंजीयन शुल्क 150 रुपये तथा गाय व भैंस के लिए 50 रुपये रखा है। शहरी विकास अभिकरण डूडा के प्रोजेक्ट ऑफिसर सौरभ गौड़ ने बताया कि इस संबंध में नगर पालिका एवं नगरीय निकायों को पत्र जारी किया गया है। यह रजिस्ट्रेशन एक वर्ष के लिए होगा। उसके बाद प्रतिवर्ष इसे रिन्यू कराना होगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में नगर पालिका सीमा के अंदर कोई भी व्यक्ति अगर जानवर पालता है तो उसे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय अवधि के पश्चात अगर कोई पशुपालक पंजीयन नहीं कराता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है।

### नकली सीआईडी इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**सतना**: मध्यप्रदेश के सतना में पुलिस ने एक नकली सीआईडी इंस्पेक्टर और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामनगर कोतवाली पुलिस ने रामनगर विकास खंड के बाबूपुर हल्का पटवारी की शिकायत पर नकली सीआईडी इंस्पेक्टर अनिल साकेत और उसके दो सहयोगियों गैवी पटेल व राजकुमार साकेत को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो तीन दिनों से बाबूपुर हल्के की महिला पटवारी राजकुमारी पटेल को सीआईडी इंस्पेक्टर बनकर डरा धमका कर रूपयों की मांग कर रहे थे। शक होने पर पीड़िता ने पुलिस को सूचित कर नकली सीआईडीइंस्पेक्टर और उसके दो सहयोगियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

---

**पर्दाफाश**

### हजारीबाग जेल भी आये थे भाड़े के शूटर

# भाजपा नेता और कोयला कारोबारी राजू झा हत्याकांड में नया पेंच

- यूपी के गैंगस्टार अमन सिंह से पूछताछ
- कार के टायर में नाईट्रोजन गैस भरी थी
- कोयला सिंडिकेट पर अधिक संदेह कायम



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाताः** राजेश झा उर्फ राजू की हत्या को 12 दिन बीत जाने के बाद भी विशेष जांच दल (एसआईटी) हत्यारों की शिनाख्त को लेकर अब भी अंधेरे में है। वे चश्मदीदों के बयानों से तैयार किए गए हत्यारों के रेखाचित्रों पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जांचकर्ता पहले ही उत्तर प्रदेश के एक अपराधी से पूछताछ कर चुके हैं, जो झारखंड के हजारीबाग सेंट्रल जेल में बंद है। हालांकि पुलिस सूत्रों के मुताबिक अपराधी ने जांचकताओं के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है एसआईटी के हाथ और भी चौंकाने वाली जानकारियां आ रही हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी के सदस्य बुधवार को झारखंड के हजारीबाग केंद्रीय सुधार गृह गए थे। उन्होंने वहां उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर अमन सिंह से पूछताछ की। हजारीबाग जेल के अलग सेल में 4 घंटे तक जांचकर्ता अमन से तरह-तरह के सवालों का जवाब लेना चाहते हैं।

राजू की हत्या को लेकर तरह-तरह के सवाल किए गए। लेकिन जांचकताओं के सूत्रों के मुताबिक अमन ने उन सभी सवालों का जवाब नहीं दिया। जांचकताओं के मुताबिक, राजू की हत्या की योजना लंबे समय से बनाई जा रही थी। राजू की हत्या किस जगह की गई और पुलिस और सीसीटीवी कैमरों से कैसे बचा जाए, हर कदम पर हत्यारों की सटीक योजना का पता लगाएं। उदाहरण के लिए, हत्यारे पुलिस को बेवकूफ बनाने के लिए कॉलिंग ऐप के जरिए एक-दूसरे से संवाद करते थे। ताकि जांचकताओं के हाथ में कॉल रिकॉर्ड न आ जाए और ताकि पहचान छिपाई जा सके। टायर फटने से बचाने के लिए कार के टायरों में नाइट्रोजन गैस भर दी गई। इससे स्पष्ट है कि इस हत्या की साजिश लंबी प्लानिंग का नतीजा है।

अब इसके पीछे कोयला कारोबार का काला सच है अथवा उनका भाजपा में शामिल होना, इस पर भी अभी संशय के बादल हैं। वैसे जांच टीम को संदेह है कि पश्चिम बंगाल में अवैध कोयला खनन पर कड़ाई होने की वजह से राजू झा हाल में झारखंड में नया सिंडिकेट बनाने की पहल कर चुके थे। इसलिए हो सकता है कि अवैध कोयला कारोबार की वजह से ही उनकी हत्या एक साजिश के तहत की गयी हो।

## मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त किया : रूपाणी



**एजेंसियां**

**जालंधरः** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब में राजनीतिक मामलों के प्रभारी विजय रुपाणी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र निर्माण की दूरदर्शी सोच ने भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जालंधर संसदीय उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक इकबाल सिंह अटवाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रूपाणी ने कहा कि वह मोदी सरकार की नीतियों के बारे में घर-घर जाकर लोगों को बतायें। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व मंत्री पंजाब मनोरंजन कालिया ने कहा कि भाजपा विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है और जब भी लोगों ने भाजपा पर विश्वास दिखाया है, उनके क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार की जीत आपकी जीत है,कालिया ने कहा कि भविष्य में उनके क्षेत्र में क्रन्तिकारी विकास कार्यों के सपनों को भाजपा ही पूरे कर सकती है।

## श्रीनगर की जामिया मस्जिद में जमात उल विदा की नमाज पर रोक



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने श्रीनगर में जामिया मस्जिद में जमात-उल-विदा (रमजान के अंतिम शुक्रवार) की सामूहिक नमाज की अनुमति नहीं दी है। मस्जिद के प्रबंध निकाय ने यह जानकारी दी। पूरे कश्मीर के अन्य हिस्सों में जुमे की नमाज की अनुमति दी गयी है। रमज़ान में मुसलमानों के लिए आखिरी जुमे की नमाज महत्वपूर्ण दिनों में से एक होती है। जामिया मस्जिद श्रीनगर के प्रबंधन निकाय अंजुमन औकाफ ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों ने सुबह साढ़े नौ बजे मस्जिद का दौरा किया और प्रबंधन को मस्जिद के गेट पर ताला लगाने के लिए कहा क्योंकि प्रशासन ने फैसला किया है कि मस्जिद में जमात-उल-विदा की नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। श्री आकौफ ने प्रशासन के इस कदम पर नाराजगी जताई और कहा कि इससे लाखों मुसलमानों को बहुत परेशानी होगी, जो परंपरागत रूप से घाटी के सभी हिस्सों से जामिया मस्जिद में रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा करने आते हैं। स्थानीय लोगों ने भी नमाज़ की अनुमति नहीं देने पर इसकी निंदा की। नौहट्टा के एक निवासी ने कहा, ''पुराने श्रीनगर में लंबे समय से कोई कानून व्यवस्था की समस्या नहीं रही है और यह देखकर आश्चर्य होता है कि हमें जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी गई।'' इस बीच नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सरकार पर निशाना साधा।

## हसनपुर से चलेगी चंडीगढ़ समेत आठ से ज्यादा शहरों के लिये बस : खट्टर



**एजेंसियां**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को कहा कि हसनपुर से चंडीगढ़ समेत आठ से ज्यादा शहरों के लिये बस चलेंगी। खट्टर ने आज यहां पलवल जिले के विभिन्न गांवों में चल रहे अपने जन संवाद कार्यक्रम के तीसरे दिन हसनपुर गांव में नवनिर्मित बस स्टैंड का उद्घाटन किया और यहां से चंडीगढ़ और मथुरा के लिये नई बस सेवा जल्द शुरू करने की घोषणा की। खट्टर ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस स्टैंड एक एकड़ भूमि पर तैयार किया गया है जिसमें सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नए बस अड्डे के लिए एक एकड़ जमीन ग्राम पंचायत हसनपुर से करीब 64 लाख रुपए में खरीदी है। इस बस स्टैंड के निर्माण पर करीब सवा चार करोड़ रुपए की लागत आई है। हसनपुर से पलवल, दिल्ली, चंडीगढ़, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, हरिद्वार, गुरुग्राम आदि स्थानों के लिए बस सेवा जल्द शुरू की जाएगी। यात्रियों की सुविधार्थ हसनपुर बस स्टैंड पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, यात्रियों के बैठने और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर विधायक जगदीश नायर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी जवाहर यादव, मीडिया सलाहकार अमित आर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 20 मरीजों की मौत



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 20 मरीजों की मौत हुई है और संक्रमण के 4,624 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 467 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,25,120 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 49,622 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,97,269 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,064 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 6,456 बढ़कर 4,42,16,583 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 1,188 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, दिल्ली में 615, हरियाणा में 408, उत्तर प्रदेश में 303, महाराष्ट्र में 279, छत्तीसगढ़ में 266, राजस्थान में 229, हिमाचल प्रदेश में 219, झारखंड में आठ, मणिपुर में एक मामला बढ़ा है।

**जयंती**

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में

# कृतज्ञ राष्ट्र ने दी डॉ.भीमराव अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में शुक्रवार को कृतज्ञ राष्ट्र ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी 132 वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य समारोह आज संसद भवन परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया गया। श्रीमती मुर्मू ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान निर्माता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संसद भवन परिसर में हजारों लोग भी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे। इस अवसर पर प्रतिमा के समक्ष बौद्ध मंत्रोच्चार भी किया गया। इससे पहले श्रीमती मुर्मू ने एक ट्वीट में कहा, ''हमारे संविधान के शिल्पकार बाबासाहब भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।'' उन्होंने अपने संदेश में कहा कि समाज के वंचित समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए उनका 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो'- का मूलमंत्र समाज के लिए सदा उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा, ''कानून के शासन में उनकी अडिग आस्था और सामाजिक एवं आर्थिक समानता के लिए प्रतिबद्धता हमारे लोकतंत्र का संबल है। आइए, इस अवसर पर हम अम्बेडकर के आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लें और एक समतावादी एवं समृद्ध राष्ट्र और समाज बनाने के लिए आगे बढ़ते रहें।'' राष्ट्रपति ने डॉ. अंबेडकर को ज्ञान का प्रतीक और विलक्षण प्रतिभा का धनी बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य किया और ज्ञान की अलख जगाई। धनखड़ ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह बौद्धिक संपदा के धनी, विधिवेत्ता, समाज सुधारक और सच्चे राष्ट्रवादी थे। उन्होंने विधि के शासन के लिए जीवन भर संघर्ष किया और समानता लाने के अथक प्रयास किए। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, ''समाज के वंचित और शोषित वर्ग के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। जय भीम।'' देश के विभिन्न हिस्सों में भी डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाये जाने की रिपोर्ट मिली है। मध्य प्रदेश के महू में 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे डॉ. अंबेडकर एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने देश में वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। वह महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता के भी प्रबल पक्षधर थे।

---

## न्यूज फटाफट

### जापान हेलिकॉप्टर दुर्घटनाः कई लोगों के शव मिले

**टोक्यो** : जापान में बचाव दल को ओकिनावा प्रांत के तट से पिछले सप्ताह लापता हुए जापान सेल्फ डिफेंस फोर्स (एसडीएफ) के हेलिकाप्टर में सवार कई लोगों के शव मिले हैं। क्योदो समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को एक सरकारी स्रोत के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। छह अप्रैल को जापान का सैन्य हेलिकॉप्टर यूएच-60जेए 10 सैनिकों के साथ मियाको द्वीप पर एक सैन्य अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद रडार से गायब हो गया। रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार रात एक शव और हेलिकॉप्टर का एक हिस्सा मिला था। इराबू द्वीप के पास पानी के अंदर कैमरे से हेलिकॉप्टर का बुरी तरह क्षतिग्रस्त एक हिस्सा देखा गया तथा अन्य मलबा द्वीप के तट पर पाया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण अभी पता नहीं चल सका है। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में हवाई यातायात नियंत्रण केंद्रों को हेलिकॉप्टर के आपातकालीन लोकेटर ट्रांसमीटर से संकट का संकेत नहीं मिला, जिसे प्रभावित होने पर स्वचालित रूप से सक्रिय हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि एसडीएफ और जापान कोस्ट गार्ड, माइनस्वीपर, पनडुब्बी बचाव जहाजों, विमानों और गश्ती जहाजों का उपयोग करते हुए चौबीसों घंटे हेलीकॉप्टर और चालक दल की तलाश कर रहे हैं।

### ईरान में अचानक आई बाढ़ में कम से कम तीन लोगों की मौत

**तेहरान** : ईरान के पश्चिमी क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण अचानक आई बाढ़ से पिछले 24 घंटों के दौरान कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी। ईरानियन स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी (आईएसएनए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईरान के राहत एवं बचाव संगठन के उप प्रमुख मोर्तेजा मोरादिपोर ने बताया कि यहां कई दिनों से लगातार हो रही बारिश होने के कारण अचानक बाढ़ आ गयी, जिसमें करीब तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि यहां पर बचाव कार्य जारी है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बने अस्थायी शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। मोरादिपोर ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र में आयी अचानक बाढ़ में मारे गए लोग पश्चिमी अजरबैजान, इलम और काजविन प्रांतों से थे। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मियों ने अभी तक बाढ़ से प्रभावित 11 शहरों और 21 गांवों में 861 लोगों को बचाया। इसके अलावा, 24 लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया और 385 लोगों के लिए आपातकालीन आवास उपलब्ध कराया।

### रूस ने अमेरिकी नागरिकों को पहली तिमाही में लगभग 1,000 वीजा जारी किये

**मॉस्को** : रूस ने 2023 की पहली तिमाही में अमेरिकी नागरिकों को लगभग 1,000 वीजा जारी किये, जिनमें ज्यादातर निजी और पर्यटक वीजा थे। रूसी विदेश मंत्रालय के दूतावास विभाग के निदेशक एलेक्सी क्लिमोव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,इस साल की पहली तिमाही में, अमेरिकी नागरिकों को लगभग 1,000 वीजा जारी किये गये थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक और निजी वीजा थे। हमने कारोबार वीजा के लिए बेहद कम मांग देखी और केवल कुछ दर्जन कारोबार वीजा जारी किये गये हैं।

### उत्तर कोरिया ने किया नई सोंगफो-18 मिसाइल का परीक्षण

**प्योंगयांग** : उत्तर कोरिया ने गुरुवार को नई सोंगफो-18 ठोस ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने शुक्रवार को यह रिपोर्ट दी हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की देखरेख में नई प्रकार की सोंगफो-18 ठोस-ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का पहला परीक्षण किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, परीक्षण का उद्देश्य मल्टी-स्टेज मिसाइलों के लिए उच्च-बल वाले ठोस-ईंधन इंजनों के प्रदर्शन और अन्य प्रणालियों की विश्वसनीयता की पुष्टि करना है। इस अवसर पर किम जोन उन ने कहा कि नवीनतम प्रक्षेपण उत्तर कोरिया को कोरियाई प्रायद्वीप के लगातार बिगड़ते सुरक्षा वातावरण और दीर्घकालिक सैन्य खतरों से निपटने के लिए अधिक विकसित और उन्नत शक्तिशाली हथियार प्रणाली के विकास को तेजी से और बढ़ाने अनुमति देगा। उन्होंने कहा कि मिसाइल का विकास उत्तर कोरिया के रणनीतिक निवारक घटकों में बड़े पैमाने पर सुधार करेगा, साथ ही साथ परमाणु पलटवार मुद्रा की प्रभावशीलता को मौलिक रूप से बढ़ावा देगा और इसकी आक्रामक सैन्य रणनीति की व्यावहारिकता में बदलाव लाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री किम ने नई मिसाइल के विकास में शामिल राष्ट्रीय रक्षा वैज्ञानिक अनुसंधान क्षेत्र के सदस्यों की अत्यधिक सराहना करते हुए 10 से अधिक सैन्य अधिकारियों को उत्तर कोरिया के लेबर हीरो का खिताब देने का प्रस्ताव रखा और उप-निदेशक कर्नल हान कुम बोक को मेजर जनरल पद पर पदोन्नत किया है।

### सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत,तीन घायल

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई एक सड़क दुर्घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी, तीन अन्य घायल हो गये और कई लापता बताये गए हैं। मीडिया ने आज पुलिस के हवाले से बताया कि दुर्घटना ऊपरी कोहिस्तान इलाके में गुरुवार रात एक यात्री वैन के खड्ड में गिरने से हुई। उन्होंने बताया कि वैन में 12 से अधिक लोग सवार थे। इस दुर्घटना में घायल हुए वैन चालक समेत तीन लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारण का पता नहीं चल सका हैं।

### अंबेडकर के विचारों से संपूर्ण मानवता रहेगी प्रदीप्त : शिवराज

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके प्रखर विचारों से संपूर्ण मानवता के कल्याण का दीपक प्रदीप्त रहेगा। चौहान ने अपने ट्वीट में कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी, सामाजिक क्रांति के संवाहक, भारत रत्न, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोटि-कोटि नमन है। उनके प्रखर और ओजस्वी विचारों के तेजस्वी प्रकाश से सम्पूर्ण भारतवर्ष ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का दीप युगों-युगों तक प्रदीप्त रहेगा। चौहान ने इस अवसर पर निजनिवास में सामाजिक न्याय के प्रणेता डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और राष्ट्र के विकास में दिए गए अमूल्य योगदान का सादर स्मरण किया।

## आज का इतिहास

- 1452 : इटली के महान चित्रकार लिओनादो द विंची का जन्म।
- 1469 :सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक का जन्म
- 1689 : फ्रांस ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1817 : अमेरिका में बधिर बच्चों के लिए पहला स्कूल खोला गया।
- 1895 : बाल गंगाधर तिलक ने राजगढ़ किले में शिवाजी उत्सव का उद्घाटन किया।
- 1923 : डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए इन्सुलिन बाजार में उपलब्ध हुआ।
- 1927 : स्विट्जरलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ राजनयिक संबंध बनाने पर सहमत हुए।
- 1948 : हिमाचल प्रदेश राज्य की स्थापना हुई।
- 1966 : चित्रकार नंदलाल बोस का निधन।
- 1994 : वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना के बाद 123 देशों ने इसके समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 2002 : चीन का विमान दक्षिण कोरिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, 128 मरे।
- 2012 : पाकिस्तान की एक जेल पर हमले के बाद 400 आतंकवादी फरार हुए।
- 2013 : इराक में बम विस्फोट से 33 मरे, 163 घायल।
- 2013 : निकोलस मदुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति बने।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शनिवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
15-04-2023

## दो श्मशान घाट का होगा सौंदर्यीकरण

रांचीः कहते हैं आत्मा की शांति के लिए मृत्यु के बाद अंतिम क्रिया-कर्म करना जरूरी है। लेकिन कई बार समुचित व्यवस्था ना हो पाने से इसमें परेशानी होती है। इसी परेशानी को खत्म करने के लिए राजधानी के दो श्मशान को सौंदर्यीकरण होगा। सौंदर्यीकरण 64.76 करोड़ की लागत से किया जाएगा। जिन दो श्मशान घाट का सौंदर्यकरण किया जाएगा वो हेहल का श्मशान घाट और राजाउलातू ( सिदरौल) का श्मशान घाट है।

**तपन** चार दिन बाद 44 डिग्री से होगा सामना

# सावधान! झारखंड में आग उगल रहा सूरज, पारा 43 डिग्री के पार



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** 14 अप्रैल है। आज से हिन्दी के बैशाख माह की शुरूआत हुई है लेकिन ऐसा लग रहा है जैसे ज्येष्ठ का महीना शुरू हो लगा है। पछुआ हवा गर्म लहर पैदा कर रही है। चाईबासा में अधिकतम पारा 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। इसके अलावा झारखंड के कई जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड हुआ हैआने वाले चार दिनों में पारा 44 डिग्री तक जा सकता है।

ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है।दोपहर के वक्त बिना विशेष तैयारी किए घर से बाहर निकलना घातक साबित हो सकता है। ऐसे मौसम में शरीर के डिहाड्रेट होने की ज्यादा संभावना होती है। गर्मी की वजह से बेहोशी छा सकती है। अब सवाल है कि झारखंड के किन जिलों में अधिकतम पारा 42 डिग्री पहुंचा है। मौसम केंद्र, रांची की रिपोर्ट के मुताबिक 24 में से 12 जिले यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, चतरा, गढ़वा, पलामू, जमशेदपुर और सरायकेला में पारा 42 डिग्री हो गया है।

इस मामले में रांची, खूंटी और गुमला के लोग भाग्यशाली हैं। इन तीन जिलों का अधिकतम पारा 39 डिग्री तक पहुंचा है। मौसम केंद्र के मुताबिक आने वाले चार दिनों में पारा लगातार ऊपर की ओर जाने वाला है। गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। अगले चार दिनों में यानी 18 अप्रैल को कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक जाने वाला है। इस लिस्ट में दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, चतरा, गढ़वा, पलामू जमशेदपुर, सरायकेला और चाईबासा जिला का नाम शामिल है। अगले चार दिनों के चार्ट को देखें तो सिर्फ रांची और खूंटी ही ऐसे जिले हैं जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक जा सकता है। शेष सभी जिलों में 42 से 44 डिग्री के बीच तापमान रहेगा। गर्मी बढ़ते ही बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। कई इलाकों में लोड शेडिंग शुरू कर दी गई है। ऊपर से राजधानी के ज्यादातर वार्ड में निर्बाध वाटर सप्लाई नहीं होने के कारण लोग परेशान हैं। कई मुहल्लों में नगर निगम के टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है जो नाकाफी साबित हो रहा है।

## पत्नी के प्रेमी को पति ने उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की टांगी से काट कर निर्मम हत्या कर दी. आरोपी की पत्नी का एक युवक के साथ अवैध संबंध था। पति को जैसे ही इस बात का पता चला, उसने युवक की हत्या कर दी। यह वारदात राजधानी रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के सारंगलोया गांव की है। जहां 30 वर्षीय नामजन बारला नाम के युवक का शव उसके घर के बाहर आंगन से पुलिस ने बरामद किया है.नामजन की हत्या टांगी से काटकर कर दी गई थी। घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ डीएसपी भी पहुंचे हैं और घटना की छानबीन कर रहे हैं। वहीं डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पहुंची है और हत्या में इस्तेमाल टांगी और खून लगा कपड़ा बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है।

मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी रजत मणिक बाखला ने बताया कि अवैध संबंध को लेकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। गांव के ही एक युवक की पत्नी से नामजन बारला नाम के युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी को लेकर पति ने टांगी लेकर पत्नी के प्रेमी को खोजते हुए उसके घर पहुंचा। उस समय नामजन अपने घर के बाहर आंगन में सोया हुआ था। वहीं पर महिला के पति ने कुल्हाड़ी से काट कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल टांगी और खून लगे कपड़ा सहित बरामद कर जब्त कर लिया है और आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. वहीं शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

## रतन हाइट्स मामले में सुनवाई अब 19 अप्रैल को, प्रतिवादियों की ओर से होनी है बहस



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रतन हाइट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में अब 19 अप्रैल को होगी। यह मामला गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सूचीबद्ध था। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गई है, प्रतिवादियों की ओर से अब बहस होनी है।कोर्ट ने 46 कट्ठा पर बनाए जाने वाले जी प्लस 5 के भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखा है। पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बिल्डर ने 86 कट्ठा का नक्शा रिवाइज कराए बगैर फिर से नया नक्शा पास कर दिया। 46 कट्ठा पर नया नक्शा पास कराया गया है, जो गैरकानूनी है. प्रार्थी की ओर से सुमित गड़ोदिया, रोहित रंजन सिन्हा एवं रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर पैरवीकार हैं।

## सेना की जमीन समेत अन्य भूमि घोटाले के मामले में आरोपियों की कोर्ट में हुई पेशी




राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रांची में सेना की जमीन समेत अन्य भूमि घोटाले के मामले में गिरफ्तार 7 आरोपियों को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने देर रात सेना भूमि घोटाले के सात लोगों को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार आरोपी प्रदीप बागची, भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज खान, तलहा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया है। अंबेडकर जयंती के कारण आज सार्वजनिक अवकाश होने के कारण आरोपियों को जज कॉलोनी स्थित आवासीय कार्यालय में पेश किया गया था.ईडी ने देर रात आर्मी जमीन घोटाले मामले में 7 लोगों को किया गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार को ईडी ने सुबह 6 बजे से ही बरियातू स्थित आर्मी जमीन घोटाले मामले में छापेमारी शुरू की थी, जो देर रात तक चलती रही थी। मामले को लेकर रांची के डीसी रह चुके छवि रंजन के रांची स्थित सरकारी आवास और जमशेदपुर कदमा स्थित निजी आवास पर भी छापेमारी का काम ईडी ने किया। ईडी ने करीब 22 ठिकानों पर यह छापेमारी का काम किया. ईडी ने देर रात 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रदीप बागची, भानु प्रताप, अफसर अली,फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम आदि शामिल है।

## तीन दिवसीय मिथिला महोत्सव का आगाज



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड मिथिला मंच के द्वारा आयोजित होने वाले मिथिला महोत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। तीन दिवसीय इस महोत्सव में साहित्यिक गतिविधि के साथ-साथ रांची के हरमू मैदान में सरस मेला का भी आयोजन किया जाएगा, जो मिथिला की संस्कृति, सभ्यता और परंपरा को दशार्ता हुआ दिखेगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत प्रदेश के कई आला नेताओं और गणमान्य लोगों के शामिल होने के आसार हैं। तीन दिवसीय मिथिला महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। मिथिला की संस्कृति सभ्यता एवं परंपराओं को दशार्ती इस मिथिला महोत्सव के पहले दिन यानी शुक्रवार को काव्य संध्या आयोजित होगा जो अरगोड़ा तालाब के समीप लेक गार्डन सभागार में किया जाएगा।

## पुराना भ्रष्टाचारी है अंचलकर्मी भानु प्रताप,700 रुपया रिश्वत लेते पहले भी हुआ था गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जमीन घोटाले को लेकर हुई ईडी की छापेमारी में एक शक्श का नाम घोटालों में बड़ी तेजी के साथ उभरा है वो नाम है बड़गाई अंचल के कर्मी भानु प्रताप प्रसाद को बता दे कि यह वही भानु प्रताप है जिसे साल 2002 में 700 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने शुक्रवार को भानु प्रताप सहित 7 लोगों को लैंड स्कैम में गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार 07 अगस्त 2002 को झारखंड के गुमला अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 700 रुपये रिश्वत देते दबोचा था। उस दौरान उसके पॉकेट से 6 हजार 200 रुपए भी मिले थे। उस दौरान भानु प्रताप गुमला की एक महिला से जमीन के मोटेशन के एवज में रिश्वत ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद वह जमानत पर बाहर निकला और अभी भी जमानत पर ही है। भानु प्रताप के खिलाफ जो मुकदमा दर्ज है वह पिछले 21 साल से लंबित है। एंटी करप्शन कोर्ट की सख्ती के बावजूद अभी तक इस मामले में गवाही की प्रक्रिया तक पूरी नहीं हुई है जबकि अभियोजन की ओर से 16 लोगों की गवाही पूरी हो चुकी है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि वर्तमान समय में बड़गाईं अंचल कार्यालय में सीओ भले ही मनोज कुमार है। लेकिन उनकी भी इतनी हैसियत नही थी कि वे भानु प्रताप के किसी बात को टाल दे। भानु प्रताप के रसूख की वजह से ही पिछले कई महीनों से बड़गाईं अंचल में सीआई का पद खाली चल रहा है. सीआई के सारे काम खुद भानु प्रताप ही किया करता था.गुरुवार को सिमडेगा में ईडी की छापेमारी में बड़गाईं अंचल के राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद के यहां से स्टील के बक्सों और अलमीरा में भरकर रखे गए कागजात मिले हैं।आधा दर्जन से अधिक स्टील के बड़े बक्सों में जमीन के डीड, खतियान, 1-2 की संख्या में रजिस्टर समेत कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं।सरकारी दस्तावेजों को इतनी अधिक संख्या में आवास में क्यों रखा गया था, इसे लेकर भानु प्रताप प्रसाद कोई खास जवाब नहीं दे पाया था। इसी के बाद भानु प्रताप को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया।

### रांची को फुल लोड बिजली फिर भी पावर कट

रांचीः राजधानी के तीनों ग्रिड को शुक्रवार को फुल लोड बिजली मिल रही है। फिर भी पावर कट से इस गर्मी में लोगों का हाल बुरा है। क्योंकि अब लोकल फॉल्ट ने पावर कट की समस्या को बढ़ा दिया है। बीती रात से लेकर दोपहर तक रांची के कई क्षेत्रों में लोकल फॉल्ट के कारण बिजली आ-जा रही है। इसके कारण गर्मी में लोगों को जीना मुहाल हो रहा है। लगातार अंतराल में पावर कट चल रहा है।-33 केवी हटिया-हरमू लाइन में योगदा सत्संग के पास ब्रेक डाऊन के कारण पूरे हरमू क्षेत्र, अशोक नगर, पुन्दाग, अरगोड़ा, किशोर गंज इलाके में सुबह से बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। इस फॉल्ट को ठीक करने तक अरगोड़ा लाइन से बिजली डायबर्ट करके लोड शेडिंग के तहत बिजली देने का प्रयास किया गया।

**आयोजन** सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के जरिए युवा कलाकारों को किया जाएगा प्रोत्साहित,

## 2500 कलाकारों के भाग लेने की है संभावना



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** लोक संस्कृति और कलाओं का संरक्षण करने के उद्देश्य से राजधानी रांची में 5 मई से तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं में छिपे कलाओं को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। रांची सांसद संजय सेठ के सौजन्य से आयोजित हो रहे इस सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन 5 मई को केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन यानी 6 मई को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शिरकत करेंगे। तीसरे और अंतिम दिन यानी 7 मई को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावा कला क्षेत्र के कई नामचीन हस्ती इस महोत्सव में मौजूद रहेंगे।

तीन दिवसीय हो रहे इस सांस्कृतिक महोत्सव में 10 विधाओं में युवा कलाकारों की भागीदारी होगी। जिसमें जनजातीय नृत्य, क्लासिकल नृत्य, वोकल, सोलो, जनजातीय इंस्ट्रुमेंटल सोलो, कोरियोग्राफी, थीम बेस्ड डांस, माइम, लोक नृत्य, सामूहिक गीत भारतीय और पाश्चात्य, क्लासिकल नृत्य और लघु नाटिका शामिल है। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले विभिन्न आयु वर्ग के कलाकार इस तीन दिवसीय महोत्सव में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के युवा कलाकारों की अलग प्रतियोगिता होगी। वहीं 18 वर्ष से ऊपर के कलाकारों की अलग प्रतियोगिता होगी। इसके लिए 5 स्थान रांची में निर्धारित किए गए हैं। अब तक इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 1100 आवेदन आ चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि 25 अप्रैल तक 2500 आवेदन आ जाएंगे।रांची सांसद संजय सेठ ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रभावित होकर यह सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें सभी प्रतिभागियों को पीएम मोदी के चित्र के साथ बने प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विधाओं के प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रथम 3 कलाकारों को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। सांसद सांस्कृतिक महोत्सव करने का उद्देश्य यह है कि स्थानीय कलाकारों को उनकी प्रतिभा को निखारा जाए, जिससे युवा पीढ़ी में एकता, भाईचारा, शांति, सामाजिक समरसता और नेतृत्व की भावना पैदा हो सके। समारोह में प्रतिभागियों के साथ-साथ राज्य भर से दिग्गज कलाकार भी जुटेंगे। जिससे रांची सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में 32 जनजातियां हैं। क्षेत्रीय जनजातीय नृत्य शैली जैसे मदार्नी, झूमर, जननी, खड़िया, मुंडारी नृत्य, पाईका नृत्य आदि इस आयोजन का हिस्सा होगा।इसी तरह जनजातीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में झारखंड के वाद्य यंत्र भेरी, नगाड़ा, ढाक, मंदार, बांसुरी, सारंगी, ढोल कराह इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

